

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 47 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 26 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारतीय अर्थव्यवस्था इस वित्त वर्ष में 4 ट्रिलियन डॉलर पार करेगी: CEA नागेश्वरन

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन ने मंगलवार को




कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 26 में 4 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर जाने का अनुमान है। आईवीसीए ग्रीन रिटर्नस समिट 2025 में उन्होंने कहा कि भारत 3.0 ट्रिलियन डॉलर के साथ वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है और बहुत जल्द तेजी से बढ़ते हुए 4 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगी।

**नागेश्वरन ने कहा भू-राजनैतिक गतिविधियों में उतार-चढ़ाव के समय में मजबूत आर्थिक ग्रोथ बेहद जरूरी बन जाती है**

नागेश्वरन ने कहा भू-राजनैतिक गतिविधियों में उतार-चढ़ाव के समय में मजबूत आर्थिक ग्रोथ बेहद जरूरी बन जाती है। उनके अनुसार, एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत को मजबूत बनाती है और वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**भारत को आर्थिक वृद्धि के साथ पर्यावरण प्रतिबद्धताएं संतुलित रखते हुए ऊर्जा परिवर्तन और हरित पहलों को प्राथमिकता देनी चाहिए**

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत को अपनी इकोनॉमिक ग्रोथ को अपनी एनवायरमेंटल कमिटमेंट्स के साथ बैलेंस कर के चलना चाहिए। भारत वर्तमान में एनर्जी ट्रांजीशन, क्लाइमेट एक्शन और इकोनॉमी के लिए हरित पहलों पर ध्यान दे रहा है,

# राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के क्षण भक्तिमय हुई अयोध्या, गूंजा 'जय श्रीराम'

श्रीधर्म ध्वज फहराए जाने के ऐतिहासिक क्षण ने संपूर्ण अयोध्या को भक्ति भाव से ओतप्रोत कर दिया। धर्मपथ सहित शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर जयघोष करते श्रद्धालु उमड़ पड़े और राम नाम की गूंज से नगर भक्तिरस से सराबोर हो गया।

लता मंगेशकर चौक पर हजारों की संख्या में भक्त एकत्रित होकर ध्वजारोहण का सीधा प्रसारण देखते रहे। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर शिखर पर धर्मध्वजा स्थापित की, उपस्थित जनसमूह भावविभोर होकर जय श्रीराम के उद्घोष में डूब गया।

अयोध्या के पड़ोसी जिलों



सुल्तानपुर, बस्ती, अंबेडकरनगर और बाराबंकी सहित उत्तर भारत के अन्य हिस्सों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रावस्ती से आए राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि वह 17 नवंबर को ही अयोध्या पहुंच गए थे और आज स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या का गौरव वापस दिलाया है और शहर को स्वस्थ व सुंदर बनाया है।

श्रावस्ती के ही विश्वनाथ जायसवाल ने कहा कि राम मंदिर निर्माण का कार्य ऐतिहासिक रहा है और पीएम मोदी-सीएम योगी ने वह किया है जो पूर्व में कोई नहीं कर सका। बिहार के गोपालगंज से हनुमान जी की वेशभूषा में पहुंचे एक रामभक्त ने अपने नृत्य और गायन से माहौल को भक्ति रस में रंग दिया।दिल्ली से आई श्रद्धालु महिलाएं मधु, धारणा, संतोष और पूजा ने कहा कि राम मंदिर परिसर पहुंचते ही उन्हें देवलोक जैसी अनुभूति हुई।

संत रमाकांत शर्मा ने कहा कि वह पिछले 25 वर्षों से अयोध्या में आते-जाते रहते हैं। अयोध्या आधुनिक भी हुई है और अपनी त्रेतायुगीन झलक भी पा चुकी है। ढोल और मंजीरों के मधुर स्वरों के बीच संतों की टोली ने इस आयोजन को एक दिव्य सांस्कृतिक पर्व में परिवर्तित कर दिया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं रहा, बल्कि आस्था, इतिहास और आधुनिकता के संगम का जीवंत प्रतीक बनकर उदित हुआ, जिसमें अयोध्या ने अपनी आध्यात्मिक प्रतिष्ठा विश्व के सामने पुनः स्थापित की।

## योगी सरकार खादी एवं ग्रामोद्योग को दे रही वैश्विक पहचान

*क्रेता-विक्रेता सम्मेलन से उद्यमियों को मिलेगा बड़ा बाजार*

लखनऊ, 25 नवम्बर 2025: योगी सरकार उत्तर प्रदेश में खादी एवं ग्रामोद्योग को नए बाजारों और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित खादी महोत्सव-2025 में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन 21 से 30 नवम्बर तक जारी खादी महोत्सव के अंतर्गत उद्यमियों को बिक्री व व्यवसाय विस्तार के लिए सशक्त प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खादी उत्पादक, ग्रामोद्योग इकाइयाँ, डिजाइनर, ई-कॉमर्स प्रतिनिधि व खरीदार शामिल हुए।

# 15 फरवरी को भारत-पाक के बीच 'हाईवोल्टेज' मुकाबला

समाज जागरण

टी20 मेंस वर्ल्ड कप 2026 की शुरूआत 7 फरवरी से होगी, जिसका फाइनल 8 मार्च को खेला जाएगा। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आयोजित होने जा रहे इस टूनार्मेंट को 8 अलग-अलग वेन्यू पर खेला जाएगा। भारत-पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को हाईवोल्टेज मैच खेला जाना है।

टी20 विश्व कप 2026 में 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम को ग्रुप-ए में शामिल किया गया है, जिसमें पाकिस्तान, नीदरलैंड, यूएसए, और नामिबिया की टीमें हैं।भारतीय टीम 7 फरवरी को यूएसए के खिलाफ मुकाबला खेलेगी, जिसके बाद उसे 12 फरवरी को नामीबिया से भिड़ना है। इसके बाद टीम इंडिया 15 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ हाईवोल्टेज मैच में आमने-सामने होगी। 18 फरवरी को टीम इंडिया के सामने नीदरलैंड की चुनौती होगी।




सह-मेजबान श्रीलंका को 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप-बी में रखा गया है, जिसमें जिम्बाब्वे, ओमान और आयरलैंड की टीमें भी हैं।

ग्रुप-सी में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, नेपाल और इटली को शामिल किया गया है। इटली ने पहली बार आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया है। ग्रुप-डी में न्यूजीलैंड के साथ अफगानिस्तान, साउथ अफ्रीका, कनाडा और यूएई को शामिल किया गया है।

भारत ने साल 2007 और 2024 में टी20 विश्व कप खिताब अपने नाम किया है। ऐसे में भारतीय टीम इस विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। रोहित शर्मा को विश्व कप का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है।

आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मुकाबले नरेंद्र मोदी स्टेडियम (अहमदाबाद), अरुण जेटली स्टेडियम (दिल्ली), एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेन्नई), वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई), ईडन गार्डन्स (कोलकाता), आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो), सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब (कोलंबो) और पल्लिकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (कैंडी) में खेले जाने हैं। इस साल की शुरूआत में भारत या पाकिस्तान की ओर से होस्ट किए जाने वाले मल्टी-नेशन टूनार्मेंट के लिए हुए एक एग्रीमेंट के चलते आईसीसी के पास सेमीफाइनल और फाइनल के लिए दूसरे विकल्प भी हैं।

अगर पाकिस्तान आगे बढ़ता है, तो यह टीम अपना सेमीफाइनल और फाइनल कोलंबो में खेलेगी। अगर पाकिस्तान फाइनल में नहीं पहुंचता है, तो अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम 8 मार्च को फाइनल मैच की मेजबानी करेगा। मुंबई और कोलकाता में सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।

## भारतीय सेना प्रमुख करेंगे श्रीलंका की यात्रा, दोनों देशों के रिश्तों को मिलेगी और मजबूती

भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा करेंगे। सेना प्रमुख की यह यात्रा रणनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस यात्रा से पड़ोसी देश श्रीलंका से भारत के रिश्तों को और मजबूती मिलेगी।

भारतीय सेना के मुताबिक, सेना प्रमुख दो दिवसीय 1-2 दिसंबर को श्रीलंका के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। यह यात्रा भारत-श्रीलंका रक्षा संबंधों के निरंतर सुदृढ़ होते मार्ग में एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव मानी जा रही है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय सैन्य संवाद, संयुक्त अभ्यास और प्रशिक्षण सहयोग में निरंतर वृद्धि ने आपसी विश्वास और संचालन-स्तर की समझ को



नए आयाम दिए हैं।

बता दें कि इससे पहले वर्ष 2021 में तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने श्रीलंका दौरा किया था, जिसमें उन्होंने श्रीलंकाई शीर्ष नेतृत्व के साथ व्यापक वाताएं की थीं और संयुक्त सैन्य अभ्यास ह्यमित्र शक्तिह्ण का निरीक्षण किया था। वह यात्रा द्विपक्षीय सहयोग की मजबूत नींव रखने में महत्वपूर्ण रही थी। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए सितंबर 2025 में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने श्रीलंका यात्रा की थी। उनकी इस यात्रा ने समुद्री सुरक्षा और समुद्री सहयोग को नई ऊर्जा दी। इसके समानांतर श्रीलंका की ओर से भी उच्चस्तरीय सैन्य नेतृत्व भारत आता रहा है।

## 'सच्चाई बदल नहीं सकती', अरुणाचल को चीन ने बताया अपना तो भारत ने कायदे से समझा दिया

समाज जागरण

नई दिल्ली. अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताने और एक भारतीय महिला के साथ शंघाई एयरपोर्ट पर किए गए दुर्व्यवहार पर



भारत ने अब सीधी और कड़ी भाषा में जवाब दे दिया है. विदेश मंत्रालय (MEA) ने साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न, अविभाज्य और निर्विवाद हिस्सा है और चीन का कोई भी इनकार न तथ्य बदल सकता है, न भारत की संप्रभुता. भारत ने इस मामले पर चीन की बेशर्मी और चुप्पी दोनों को कटघरे में खड़ा करते हुए मंगलवार को कहा कि चीनी पक्ष अपनी कार्रवाई का विवरण देने के योग्य भी नहीं ठहर रहा, जबकि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मानकों और अपने ही नियमों का खुला उल्लंघन किया है.

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, "हमने अरुणाचल प्रदेश की भारतीय नागरिक की मनमानी हिरासत पर चीन के बयान देखे हैं. संबंधित भारतीय महिला के पास वैध पासपोर्ट था और वह शंघाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जापान की यात्रा पर थीं. चीन द्वारा उसके पासपोर्ट को आधार बनाकर हिरासत में लेना न केवल गलत था, बल्कि उसकी भौगोलिक उत्पत्ति पर सवाल उठाना एक अस्वीकार्य हरकत है." भारत ने साफ कहा, "अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है. यह एक स्वयं-स्पष्ट, ठोस और निर्विवाद तथ्य है. चीन चाहे जो भी कह ले, वे सिर्फ कागजी झूठ हैं."

## कोहरे के कहर से बचने की पूरी हुई तैयारी, दिल्ली की मदद के लिए तैयार हुआ जयपुर एयरपोर्ट

समाज जागरण

कोहरे के कहर की वजह से पैसेंजर्स को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए तमाम एयरपोर्ट्स पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. ताजा अपडेट जयपुर एयरपोर्ट से है, जहां वह सारे इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं, जिसकी वजह से फ्लाइट ऑपरेशन में किसी तरह की बाधा ना आए. साथ ही, इस बीच पैसेंजर्स को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए भी तमाम इंतजाम पूरा होने की बात कही जा रही है.



वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट पर कोहरे की वजह से विजबिलिटी शून्य होने के बाद की परिस्थितयों से निपटने के लिए भी जयपुर एयरपोर्ट ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है. ऐसी परिस्थितियों में दिल्ली एयरपोर्ट से ज्यादातर फ्लाइट्स को जयपुर एयरपोर्ट डाइवर्ट किया जाता है. बीते साल की बात करें तो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच दिल्ली समेत आसपास के एयरपोर्ट्स से 80 से अधिक फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट डाइवर्ट की गईं थी.

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार, हर साल दिसंबर से फरवरी के बीच धुंध बढ़ने के कारण कई फ्लाइट्स देर से चलती हैं या रद्द करनी पड़ती हैं. ऐसे में पैसेंजर्स और एयरलाइंस को बिना किसी रुकावट बेहतर सुविधा मिलती रहें, इसके लिए एयरपोर्ट प्रबंधन ने कई अहम कदम उठाए हैं.

एयरपोर्ट का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर इसे उन चुनिंदा एयरपोर्ट्स में शामिल करता है जहां बेहद कम विजविलिटी वाले हालात में भी फ्लाइट ऑपरेशन सुरक्षित तरीके से किया जा सकें.

## पेट्रोल पंप की लूट का खुलासा, मय हथियार लुटेरा गिरफ्तार

लोनी, 25 नवंबर: ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने विगत दिनों पेट्रोल पंप पर हुई लूट का खुलासा करते हुए एक लुटेरे को मय हथियार व नगदी के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। हालांकि पुलिस को अभी उसके दूसरे फरार साथी की तलाश है।

ट्रॉनिका सिटी थाना प्रभारी मनोज कुमार की टीम द्वारा पकड़े गए लुटेरे ने पुलिस पूछताछ के दौरान अपना नाम अर्जुन बताया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक नाजायज पिस्तौल व लूटी गई रकम की कुछ नगदी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस उसके दूसरे फरार साथी की तलाश में संभावित स्थानो पर दबिश देने में जुटी है।

## सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में धर्मध्वज का आरोहण, संत समाज भावविभोर

**सनातन गौरव का क्षण, धर्मध्वज से आलोकित हुआ अयोध्या धाम**

***योगी मोदी नेतृत्व में धर्म संस्कृति का पुनर्जागरण, मंदिरों में लौट रहा वैभव***

अयोध्या, 25 नवंबर। सनातन परंपरा और आस्था के प्रतीक का क्षण बता रहे हैं। वे इसे उस संघर्षपूर्ण यात्रा का फल मानते हैं जिसमें संतों, भक्तों और समाज ने सैकड़ों वर्षों में अदम्य धैर्य और आस्था का परिचय दिया।

साधु संतों का कहना है कि आज



धर्मध्वज का आज राम मंदिर के शिखर पर प्रतिष्ठापन अयोध्या के संत समाज के लिए भावपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण बन गया। 500 वर्षों की प्रतिक्षा, संघर्ष और तपस्या के उपरांत प्रभु श्रीराम के दिव्य मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण केवल एक धार्मिक क्षण ही नहीं बल्कि सनातन आस्था की वैश्विक प्रतिष्ठा का साक्ष्य बन रहा है। अवधपुरी के संत समाज श्रद्धा और भावनाओं से अभिभूत होकर इस पल को सनातन गौरव वह क्षण साकार हो रहा है जिसकी कल्पना उनके पूर्वजों ने सदियों पूर्व की थी। धर्म ध्वजा का आरोहण भारतवर्ष की आध्यात्मिक विरासत को और भी मजबूत करता है तथा संपूर्ण विश्व में सनातन आस्था की महिमा को प्रखरता से स्थापित करता है। संत समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूमिका को इस उपलब्धि का महत्वपूर्ण आधार मानता है।

# "नो हेलमेट नो फ्यूल" अभियान की जमीनी हकीकत

समाज जागरण

लोनी, 25 नवंबर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश वासियों से अपील करते हुए कहा था कि-पहले हेलमेट, बाद में ईंधन। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया था कि इसका उद्देश्य किसी को दंडित करना नहीं, बल्कि हर नागरिक को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है. यानिकि ईंधन तभी, जब हेलमेट सिर पर हो। मगर उनके इस अभियान की ओर गौर करें तो, क्षेत्रीय पेट्रोल पंपों पर उसकी जमीनी हकीकत कही नजर नहीं आती हैं।

**गौरतलब है कि सीएम के इस अभियान का मुख्य उद्देश्य** सड़क हादसों में अंकुश लगाना है। इसके अंतर्गत एक बार फिर शुरू हुआ "नो हेलमेट नो फ्यूल" अभियान लोनी व आसपास क्षेत्र में पहले दिन ही फुस्स नजर आया था। मगर इसके बाद कुछ शक्ति बरते जाने पर उसपर अमल भी होने लगा था। हालांकि इस मामले में कुछ पेट्रोल पंपो पर तेल भरवाने के लिए आने वाले दुपहिया चालकों पर हेलमेट नहीं होने से पंप कर्मचारी



उन्हें कुछ देर के लिए हेलमेट मुहैया कराने का फामूर्ला अपनाने लगे थे। ताकि पेट्रोल भरवाने वाले ग्राहकों के साथ होने वाली तकरार से बचा जा सके, साथ ही कैमरे की नजरों में उक्त अभियान पर अमल होता हुआ भी नजर आए।

मगर जैसे-जैसे समय बीतता गया यह अभियान धीरे-धीरे फुस्स होता चला गया जो आज क्षेत्र में किसी भी पेट्रोल पंप पर अमल होता नहीं दिख रहा है. क्योंकि ना तो पंप कर्मचारी वाहन चालकों को हेलमेट के लिए जागरूक कर रहे हैं और ना ही बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल देने से मना कर रहे हैं। दुपहिया चालक बिना किसी रोक-टोक के पेट्रोल भरवा रहे हैं।

गौरतलब है कि सरकार ने यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए शुरू किया था. लेकिन पेट्रोल पंप संचालकों की उदासीनता के चलते यह महत्वपूर्ण पहल अभी तक सफल होती नजर नहीं आ रही है।

# संविधान दिवस: बदलते भारत की लोकतांत्रिक धड़कन

**– महेन्द्र तिवारी**

भारत में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है–एक ऐसा दिन जो केवल ऐतिहासिक स्मृति नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा से सीधा जुड़ा हुआ उत्सव है। यह वही तारीख है जब 1949 में संविधान सभा ने गहन विचार-विमर्श और लगभग तीन वर्षों की कठिन परिश्रमपूर्ण प्रक्रिया के बाद भारतीय संविधान को औपचारिक रूप से स्वीकार किया। यह दस्तावेज मात्र कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत की सामूहिक आकांक्षाओं, संघर्षों और भविष्य के सपनों का जीवंत घोषणापत्र है। संविधान का निर्माण उस दौर में हुआ जब देश औपनिवेशिक शोषण से निकलकर लोकतांत्रिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहा था, और इसके निमार्ताओं ने यह सुनिश्चित किया कि यह संविधान न केवल तत्कालीन भारत की आवश्यकताओं को पूरा करे, बल्कि आने वाले समय की विषमताओं और चुनौतियों का भी सामना कर सके।

संविधान बनने की प्रक्रिया अपने आप में एक महान लोकतांत्रिक साहसिक कार्य थी। 9 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक हुई, और इसके साथ ही एक नए राष्ट्र की रूपरेखा लिखे जाने का दायित्व शुरू हुआ। लगभग 2 साल 11 महीने और 18 दिन–यानी 166 बैठकों के दौरान–इस सभा ने भारत की विविध भाषा, संस्कृति, विचारधाराओं और सामाजिक संरचनाओं को समझते हुए एक ऐसा दस्तावेज तैयार किया जो विश्व में सबसे विस्तृत और व्यवहारिक संविधानों में आज भी गिना जाता है। 26 नवंबर 1949 को इसे सदन ने अपनाया और दो महीने बाद, 26 जनवरी 1950 से लागू करते हुए भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। यही कारण है कि गणतंत्र दिवस का उत्सव भी इसी दिन मनाया जाता है।

संविधान दिवस का औपचारिक उत्सव 2015 में शुरू हुआ, जब भारत सरकार ने डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 125वीं जयंती को विशेष रूप से चिह्नित करने का निर्णय लिया। डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है। उन्होंने न केवल संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी विद्वता और दूरदर्शिता का परिचय दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि स्वतंत्र भारत की नींव सामाजिक न्याय, समानता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर टिकी रहे। उनका योगदान केवल विधिक नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी आधार था। संविधान के माध्यम से उन्होंने भारत को न केवल अधिकारों से समृद्ध किया, बल्कि नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति भी सजग किया। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व–ये केवल शब्द नहीं, बल्कि भारतीय समाज के निर्माण के मूल स्तंभ हैं।

आज जब संविधान दिवस मनाया जाता है, तो यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। संविधान हमें लगातार यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल चुनावों या सरकारों तक सीमित नहीं होता, बल्कि नागरिक चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होता है। हमारा संविधान ह्यजीवित दस्तावेजह्न इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह समाज की बदलती आवश्यकताओं के साथ स्वयं को संशोधित करता है। इसके तहत अब तक अनेक संशोधन किए जा चुके हैं, जो यह दशार्ते हैं कि भारतीय लोकतंत्र संवाद, सुधार और विकास की प्रक्रिया से लगातार गुजरता रहता है।

संविधान दिवस की सबसे बड़ी महत्ता इस बात में निहित है कि यह नागरिकों को उनके अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों की याद भी दिलाता है। मौलिक कर्तव्य केवल संविधान में लिखे शब्द नहीं, बल्कि नागरिक जीवन की नैतिक दिशा हैं, जो हमें राष्ट्र, समाज और अगली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। आज के समय में, जब डिजिटल मीडिया, सामाजिक संवाद और विचारों का प्रवाह बेहद तीव्र हो चुका है, संविधान के मूल्यों की प्रासंगिकता पहले से अधिक बढ़ गई है। यह मूल्य हमें सहिष्णुता, विवेक, समान अवसर और न्याय के मार्ग पर बनाए रखते हैं–चाहे राजनीतिक मतभेद हों, सांस्कृतिक विविधता हो या सामाजिक संघर्ष।

देश भर में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम–चाहे न्यायालयों में प्रस्तावना का पाठ हो, विद्यालयों में निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ हों, या सरकारी संस्थानों में जागरूकता अभियान–इनका उद्देश्य यही है कि नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, संवैधानिक नैतिकता को समझे और आत्मसात करे। यह अत्यंत आवश्यक भी है, क्योंकि लोकतांत्रिक समाज तभी मजबूत होता है जब उसके नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जितने सजग हों, उतने ही कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध भी हों।

भारत का संविधान कई बड़े देशों के संविधानों से प्रेरणा लेकर तैयार किया गया, लेकिन इसका स्वरूप अद्वितीय है। इसमें संघीय ढांचे और एकात्मक प्रवृत्तियों का संतुलन रखा गया है, जो भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखकर चुना गया। संसद की संसदीय प्रणाली, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, कार्यपालिका का उत्तरदायित्व, नागरिक स्वतंत्रताओं की सुरक्षा और सामाजिक न्याय–ये सभी तत्व भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को सक्षम बनाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संविधान सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को खत्म करने की दिशा में राज्य को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

आज संविधान दिवस उस वचनबद्धता को याद करने का अवसर है जो हमारे पूर्वजों ने एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और स्वतंत्र भारत के निर्माण के लिए निभाई थी। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल व्यवस्था से नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, संवेदनशीलता और नैतिकता से जीवित और शक्तिशाली रहता है। एक सशक्त राष्ट्र वही होता है जहाँ लोग अपने अधिकारों का संरक्षण करते हुए दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करें, और जहाँ कर्तव्य केवल औपचारिकता न रहकर जीवन का हिस्सा बन जाएँ।

अंततः, संविधान दिवस हमें यह सीख देता है कि लोकतंत्र को जीवन्त रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि संविधान में निहित आदर्श आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित और सार्थक बने रहें। संविधान सिर्फ एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि वह सामाजिक अनुबंध है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ता है, और यही जुड़ाव भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

मोबाइलः 9989703240

# भारत एक अंतरराष्ट्रीय वैश्विक मित्र। दक्षिण अफ्रीका में भरोसे का नया पैमाना।

**समाज जागरण**



भारत आज एक नए अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में तेजी से अग्रसर है; मोदी सरकार की विदेश नीतियाँ, आर्थिक सुधार और रणनीतिक साझेदारियाँ यह स्पष्ट करती हैं कि भारत अब किसी अन्य का मोहताज नहीं रहा, बल्कि अब विश्व शक्तिशाली देशों के लिए एक भरोसेमंद मित्र बन गया है' अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इजराइल और एशियाई-अरब देश भारत को आर्थिक, सामरिक और राजन नीतिक दृष्टि से केंद्र में देखना चाहते हैं। अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्रियों के अनुमान हैं कि आने वाले कूछ वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, और उसकी थल सेना विश्व में चौथे स्थान पर मजबूती से खड़ी हो सकती है ।यह सब देश-स्तर के आत्मविश्वास और नई शक्ति की झलक है। भारत के आधुनिक विकास की नींव पंडित जवाहरलाल नेहरू के विजन से ही रखी गई थीः उन्होंने स्वतंत्रता के बाद पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक सोच को बुनियाद दी, ताकि भारत वैश्विक परिप्रेक्ष्य में समृद्धि और शक्तिशाली राष्ट्र बने। समय के साथ सरकारें बदलती रहीं, लेकिन विकास की गति, ठहरने की बजाय, लेकर आगे बढ़ती रही, और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज इस विकास यात्रा को नई गति मिली है।

आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो [illegible] की नवीनतम रिपोर्ट बताती है कि भारत 2025 में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जिसकी नॉमिनल जीडीपी लगभग 4.19 ट्रिलियन डॉलर है, और यदि वर्तमान आर्थिक नीतियाँ बनी रहीं, तो अगले कुछ वर्षों में जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने की संभावनाएँ हैं। क्रिसिल भी सहमत है कि 2025-2031 के बीच भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है, और प्रति-व्यक्ति आय 4,500 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकती है जिससे भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में आएगा। विश्व बैंक भी भविष्यवाणी करता है कि भारत के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में GDP वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत के करीब होगी, जो निजी खपत, सार्वजनिक निवेश और घरेलू मांग की मजबूती का संकेत है।

सामरिक दृष्टि से भी भारत की ताकत कम नहीं हैः उसकी सेना अब वैश्विक मंच पर एक शक्तिशाली और भरोसेमंद ताकत के रूप में उभर रही है, जिससे छोटे और बड़े देशों दोनों के लिए भारत के साथ साझेदारी आकर्षक होती जा रही है। इस सामरिक महत्व ने भारत को केवल आर्थिक साझेदारी का केंद्र नहीं बनाया, बल्कि सुरक्षा सहयोग का भी भरोसेमंद आधार बना दिया है।

लेकिन जैसा कि विकास की कहानी चमक-दमक से भरी है, वास्तविक धरातल पर चुनौतियाँ भी बहुत बड़ी हैं। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है, और गर बी, बेरोजगारी, असमानता, धार्मिक कट्टरता और अंधविश्वास जैसी दीर्घकालीन समस्याएँ अभी हल नहीं हुई हैं। गरीबी की दृष्टि से, विश्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि अतिमहंगाई या ह्ली अत्यधिक गरीबी दर 2022-23 में $2.15 प्रति दिन की ढढढ आधार रेखा पर घटकर 2.3 प्रतिशत हो गई है, और इससे करीब 1.71 अरब मानव जीवन बेहतर हुआ है। यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसका मतलब यह भी है कि हमारे देश का बहुत बड़ा हिस्सा अब भी आर्थिक विसंगति, असुरक्षा और निर्धनता के पारिस्थितिक चक्र से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाया है। बेरोजगारी, विशेष रूप से युवा और स्नातक श्रेणियों में, भी एक गंभीर समस्या हैः कुछ रिपोर्टों के अनुसार, विश्वविद्यालय स्नातकों में बेरोजगारी दर बहुत अधिक है, और अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में अरबों युवा अस्थिर रोजगार पर निर्भर हैं।

ऊर्जा सुरक्षा भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। भारत अपनी अधिकांश ऊर्जा–विशेषकर कच्चे तेल–की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैः वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की क्रूड ऑइल आयात निर्भरता लगभग 87.7 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग स्थिर है। इस निर्भरता के चलते भारत वैश्विक तेल कीमतों की अस्थिरता के प्रति संवेदनशील है, और यह व्यापार घाटा, मुद्रा अस्थिरता और महंगाई जैसे जोखिमों को बढ़ा सकती है। ऊर्जा संतुलन बनाने के लिए भारत को नवीनीकृत ऊर्जा, बायोफ्यूल, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और आंतरिक तेल उत्पादन में और त्वरित सुधार करना होगा।

सामाजिक दृष्टिकोण से भी भारत में गहरी असमानताएँ हैं। महिलाओं की भागीदारी अभी भी कई क्षेत्रों में सिर्फ औपचारिक तौर पर ही दिखाई देती है प्रशासन, विज्ञान, चिकित्सा और सामाजिक नीति में जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बाल श्रम, नारी उत्पीड़न और पिछड़े वर्गों की दुर्दशा अभी भी बड़ी समस्या है। नक्सलवाद, चरमपंथ और धार्मिक उन्माद जैसी सुरक्षा चुनौतियाँ देश की एकता और शांति के लिए खतरा बने हुए हैं और इनसे निपटना उतना ही जरूरी है जितना आर्थिक विकास को बढ़ाना।

जहाँ तक भारतीय मुद्रा और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय स्वीकृति की बात है, भारत अभी उस स्तर तक नहीं पहुँचा है कि उसकी मुद्रा व्यापक रूप से अंतरराष्ट्रीय अवसंरचनाओं में प्रतिष्ठित मुद्रा के रूप में इस्तेमाल हो; इसके लिए वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा-क्षेत्रों में और मजबूत होना पड़ेगा, ताकि वह पूर्ण रूप से राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक दृष्टि से एक समकक्ष देश बन सके जो अन्य देशों के साथ बराबरी से बैठकर वार्ता कर सके।

इतिहास में लौटकर देखें तो गांधी जी का सपना, “गरीब से गरीब, पिछड़े से पिछड़ा व्यक्ति भी आत्म-सम्मान से जी सके”, आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनके विचारों के अनुसार सरकार की नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की जिम्मेदारी होनी चाहिए, ताकि विकास का लाभ सबसे निचले पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। यह तभी संभव होगा जब हम सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक स्तर पर मजबूत नीतियाँ बनाएँ; न केवल आर्थिक वृद्धि, बल्कि सामाज िक न्याय, समावेशन और गरिमा के साथ।

यदि भारत इन आंतरिक चुनौतियों का सही समाधान खोज ले – गरीबी का स्थायी उन्मूलन, रोजगार सृजन, ऊर्जा स्वतंत्रता, लैंगिक समानता, सामाजिक शांति – तो वह न सिर्फ एक महाशक्ति बन सकता है, बल्कि एक ऐसा राष्ट्र बन सकता है जहाँ हर नागरिक को विकास का अधिकार हो और हर भारतवासी अपने देश पर गर्व महसूस कर सके। यही उस दार्शनिक और वास्तविक विकास का मार्ग है जिसे पंडित नेहरू ने खोजना शुरू किया था और जिसे आज मोदी-काल में तेज गति दी जा रही है; और यदि यह राह जारी रही, तो बहुत जल्द भारत का परचम दुनिया के हर कोने में समानांतर सम्मान के साथ लहराता दिखेगा।

**संजीव ठाकुर,**
चिंतक, लेखक,वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़,9009415415,

# सांसों से बढ़कर दुनिया में कुछ है ?

## (विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस विशेष - 26 नवंबर 2025)




मनुष्य के जीवन का आधार पर्यावरण है, अगर पर्यावरण सुरक्षित होगा तो ही, जीवसृष्टी का संरक्षण संभव हैं। हमारे आसपास के वातावरण में मौजूद आवश्यक तत्वों की मौजूदगी पर्यावरण का अमूल्य हिस्सा है, जैसे - हवा, पानी, धूप, पहाड़, नदियां, समुद्र, जंगल, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, जमीन, आकाश, धातु, खनिज, हिमखंड व अन्य मिलकर पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर पृथ्वी पर जीवन को संभव बनाते हैं। यह तत्व भी एक-दूसरे के पूरक होते है एवं हमारे जीवन के प्रत्येक गतिविधि पर असर डालते हैं। पर्यावरण हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है, इसकी रक्षा अर्थात मनुष्य जीवन की रक्षा है, परंतु कई बार विकास के नाम पर, भ्रष्टाचार, अपराध, लापर-वाही और स्वार्थ के कारण हमारा पर्यावरण बेहद तेजी से बर्बाद हुआ हैं। जिसके कारण जानलेवा बीमारियों ने तेजी से पैर पसारे है और असमय मौत की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धी हुयी हैं। अब बीमारियां उम्र के हिसाब से नहीं बल्कि प्रदूषण और खराब जीवनशैली के हिसाब से होती हैं। आज देश में शुद्ध हवा पानी भोजन और सुख-शांति से जीने के लिए पोषक वातावरण मिलना दुर्लभ हो रहा हैं। इसी समस्या के प्रति जागरूकता हेतु पर्यावरण बचाने के लिए हर साल 26 नवंबर को "विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस" पूरी दुनिया में मनाया जाता हैं।

हमारे देश में पाश्चात्य देशों की तुलना में बहुत अधिक प्रदूषण, लोगों में लापरवाही, अपराधवृत्ति, स्वार्थ और सहने की आदत हैं। हमारे आसपास के छोटे-छोटे देश भी पर्यावरण के संरक्षण में हमसे आगे है, उदाहरण के लिए भूटान देश अपने प्राकृतिक सौंदर्य को बेहतर ढंग से संजोकर आगे बढ़ रहे है, जिसका असर वहां के नागरिकों के सेहत पर भी नजर आता हैं। विकसित राष्ट्रों में सख्त नियम-कानून का कड़ाई से पालन किया जाता है, ताकि पर्यावरण को नुकसान न हों, पर्यावरण संरक्षण के प्रति वहां सरकार सख्ती से पेश आती है और जनता को भी परेशानी न हों, उसका भी खास ख्याल रखा जाता है, संभावित विविध पयार्यों का क्रियान्वयन किया जाता हैं। ऐसे माहौल में जनता भी सरकार के पर्यावरण और स्वास्थ्य पूरक बेहतर कार्यों में पूरा सहयोग देती है, इसके मुकाबले हम आज भी बहुत पिछड़े हुए नजर आते है, जीवन के लिए सबसे आवश्यक शुद्ध वातावरण है, लेकिन हम आज भी पर्यावरण को खराब करने पर तुले हुए हैं। जागरूकता केवल दिन विशेष पर और दिखावे के लिए की जाती है, ऐसा अक्सर प्रतीत होता हैं।

हमारे शहरों से बहने वाली अधिकाधिक नदियों का स्वरूप नालों की भांति नजर आता है, अरबों रुपये खर्च कर नदियों के स्वच्छता के दावो की सच्चाई भी हम देखते है, भ्रष्टाचार और लीपापोती का साम्राज्य पर्यावरण को तेजी से बर्बाद कर रहा हैं। स्विस कंपनी आयक्यूएअर द्वारा जारी वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 में भारत को दुनिया का पांचवा सबसे प्रदूषित देश बताया गया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी हैं। दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 और शीर्ष 20 में से 13 शहर भारत में हैं। हाल ही के अध्ययन अनुसार, एयर पॉल्यूशन से भारत में हर साल 1.7 मिलियन से 2 मिलियन लोगों की मौत होती हैं। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में करीब 2 मिलियन मौतें और 2022 की लैंसेट रिपोर्ट के मुताबिक 1.7 मिलियन से ज्यादा मौतों का अंदाज हैं। आउटडोर और इनडोर एयर पॉल्यूशन की वजह से दिल की बीमारी, स्ट्रोक और सीओपीडी जैसी नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों से होने वाली मौतें होती हैं। इसी प्र-कार जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, मृदा प्रदूषण और अस्वच्छता के कारण बड़ी मात्रा में असमय मासूम जिंदगियां छीन जाती है, साथ ही बीमारियों का जंजाल तन-मन के साथ-साथ जीवन के हर स्थिति पर गंभीर आघात करता हैं। रेडियोधर्मी प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, तापीय प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण हमें मौत के आगोश में धकेलता हैं।

हमारे देश में जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक ये व्यवस्था नहीं सुधरेंगी। पर्यावरण के रक्षा के लिए स्वार्थ और लालच छोड़कर अनमोल जीवन की कीमत समझनी होंगी। अनाज के लिए हानिकारक रसायनों के उपयोग को खत्म करके जैविक खेती को अपनाना समय की मांग है, हम अपने आसपास रोज पर्यावरण और स्वास्थ्य प्रणाली को नुकसान पहुंचानेवाले घटनाओं को देखते है, लेकिन ऐसी समस्याओं पर अधिकतर लोग अपने कर्तव्य को निभाने की कोशिश भी नहीं करतें। आवश्यकता, मांग के नाम पर शहरों से जमीन गायब होकर सीमेंट में तब्दील हो रही है, पनपने के लिए पर्याप्त मिट्टी न होने के कारण शहरों में पेड़ कम हो रहे है, बरसात के मौसम में हल्की हवा से बचे हुए चंद पेड़ भी सड़कों पर उखड़कर गिर जाते हैं। बारिश का पानी सोखने के लिए शहरों में जमीन नजर नहीं आती। जल्द ही अकाल या बाढ़ की स्थिति बन जाती है, तापमान लगातार बढ़ रहा है, ऋतुओं का चक्र बिगड़ रहा है, जिससे लगातार फसलों को नुकसान पहुंचता है, मानवीय शरीर कमजोर हो रहा हैं।

अक्सर देखते है कि, सड़कों पर नल का पानी बहता है, दिन में सड़कों के पथदीप शुरू रहते है, लोग बेखौफ सड़कों के किनारे कचरा फेंकते है, खुले में कचरा जलाते है, राह चलते थूकते जाते हैं। प्रतिबंधित प्लास्टिक का धड़ल्ले से उपयोग होता है, कारखानों का घातक रासायनिक जल खुले में या खेतों में छोड़ा जाता है, नदियों में कचरा डालते है, बायोमेडिकल कचरा और यांत्रिकी कचरे का योग्य पद्धति से निपटान नहीं करते है, सीमित प्राकृतिक संसाधनों और ईंधन का अत्यधिक प्रयोग पर्यावरण के साथ संपूर्ण जीवसृष्टि के लिए खतरा बन रहा हैं। अस्वच्छता के कारण बीमारियों का साम्राज्य भी चरम पर होता हैं। अपशिष्ट के पुनर्चक्रण प्रणाली को गति नहीं मिल रही। बिना डर के मिलावटखोरी चलती है, अधिकतर बस्तियों, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी का आलम बरकरार दिखता हैं। लोगों को आँगन में पेड़ की जगह एक अधिक कमरा चाहिए, हर तरफ सड़कों, गलियों में अतिक्रमण नजर आता हैं।

पर्यावरण को बचाने और अपनी सेहत को स्वस्थ रखने के लिए हम जितना संभव हो सके पैदल चलकर, साइकिल चलाकर या स-ार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करके कार्बन फुटप्रिंट कम कर सकते हैं। घरों या संस्थानों में ग्रीन ऊर्जा का प्रयोग कर सकते है, पुनर्चक्रण के द्वारा वस्तुओं का फिर से इस्तेमाल कर सकते हैं। प्लास्टिक के बजाय उसके अन्य पर्याय पर ध्यान दें, सिंगल-यूज प्लास्टिक प्रयोग से बचें। बचे हुए खाद्य को फेंकने के बजाय उनसे कम्पोस्ट बनाएं और सस्टेनेबल सोर्स से बने प्रोडक्ट, इको-फ्रेंडली सफाई प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, स्वच्छता भागीदारी बढ़ाएं, अधिकाधिक पेड़ लगायें।

मनुष्य अपनी असीमित आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्यावरण के रक्षा के बजाय उसका दोहन कर रहा हैं। मनुष्य से बेहतर तो पशु-पक्षी, जानवर, जीव-जंतु है, जो प्रकृति को बचाने में अनमोल भूमिका निभाते हैं। हमें अपना आलस और स्वार्थ छोड़कर पर्यावरण की रक्षा और अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी बखूबी निभानी होंगी, यह सुन्दर, स्वच्छ, अनुकूल पर्यावरण बचेगा, तभी हम पृथ्वी पर आराम से जी पायेंगे, यह सच्चाई सबने समझनी होंगी। जैसे प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से हमेशा देती जाती है, उसी प्रकार हमें भी उसका ख्याल रखना जरुरी बन जाता हैं। पैसों से हम सांसे नहीं खरीद सकते, जीवनावश्यक संसाधनों की पूर्ति प्रकृति द्वारा ही होती हैं। मनुष्य पर्यावरण से छेड़छाड़ करने से बचें, वरना प्रकृति अपना विनाशकारी रौद्र रूप दिखा ही रही हैं। जो वस्तु हमें सहज उपलब्ध होती है, जैसे - शुद्ध हवा, पानी, सूर्यप्रकाश, पोषक भोजन, पेड़-पौधे, हरियाली पर प्रत्येक मनुष्य, प्राणी, जीवजंतु का समान अधिकार है, इसे दूषित नहीं करना, बल्कि इस्-ाका संरक्षण करना हैं।

**लेखक - डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

# ही-मैन धर्मेंद्र को श्रद्धांजलिः सदियों तक याद रहने वाला बॉलीवुड का अमर सितारा

अजय कुमार,
वरिष्ठ पत्रकार

हिंदी सिनेमा के रूपहले पर्दे पर एक ऐसा नाम जिसने सात दशक तक अपनी चमक से परचम लहराया, वह नाम था धर्मेंद्र। पंजाब की मिट्टी से उठकर बॉलीवुड की सबसे बुलंद ऊंचाइयों तक पहुंचने वाले इस अभिनेता ने जो सफर तय किया, वह किसी सपने से कम नहीं। वह सिर्फ सुपरस्टार नहीं थे, बल्कि ऐसे कलाकार थे जिनके संवाद, जिनकी मुस्कान और जिनकी बहादुरी का अंदाज लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगा। उन्हें ही-मैन कहा गया, ग्रीक गॉड कहा गया, और यही दर्जे उन्हें उनकी प्रतिभा, सरलता और अदम्य हौसले ने दिलाए।

आज लाखों-करोड़ों प्रशंसकों के दिलों में एक टीस है... दुख है... और कहीं न कहीं एक मलाल भी। उन्होंने अपने चहेते सितारे को वह विदाई नहीं दे पाई, जिसके वे सच्चे हकदार थे। अंतिम पलों तक अस्पताल से घर तक जो गोपनीयता बरती गई, उसने उनके चाहने वालों को बेचैन रखा। किसी महानायक को विदा देने का अपना एक तरीका होता है। लोगों को उनकी झलक आखिरी बार देखने का हक होता है। पर इस बार यह हक छिन गया। यही सोचकर हर धर्मेंद्र प्रेमी का दिल भारी है लेकिन जाने वाले चले जाते हैं... रह जाता है उनका काम, उनका प्यार, और उनकी अमर कहानी।

धर्मेंद्र की कहानी ऐसी ही है। गांव के साधारण लड़के धरम सिंह देओल का मुंबई जाकर धर्मेंद्र बन जाना, और वहां लाखों दिलों पर राज करना। मिनर्वा सिनेमा में एक फिल्म देखते हुए उनके दिल में जो सपना जागा था, उसने पूरी दुनिया को चमत्कृत कर दिया। छठीं में पढ़ता एक सीधा-सादा लड़का, जिसे अपने स्कूल में पहली बार किसी से मासूम प्यार हुआ... वही लड़का बाद में भारतीय सिनेमा का सबसे आकर्षक चेहरा बना।

**आज का पंचांग**
**26 नवंबर 2025**

दिनांक व वार
तारीखः 26 नवंबर 2025
दिनः बुधवार

तिथि व पक्ष
तिथिः कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
तिथि समाप्तः रात लगभग 10:52 बजे
मास व संवत्सर
हिन्दू मासः कार्तिक

पक्षः कृष्ण
विक्रम संवतः 2082
शक संवतः 1947
**सूर्योदय व सूर्यास्त**
सूर्योदयः 06:50 अट
सूर्यास्तः 05:24 ढट

**चन्द्रमा**
चन्द्रमा की स्थितिः तुला राशि में
चंद्रोदयः लगभग 03:58 अट
चंद्रास्तः 03:12 PM

**नक्षत्र, योग और करण**
नक्षत्रः चित्रा
नक्षत्र समाप्तः दोपहर 01:38 PM
**योगः वज्र**
योग समाप्तः 11:32 PM

करणः
तैतिल - 10:52 PM तक
उसके बाद गर करण प्रारंभ
**शुभ-अशुभ मुहूर्त**
अभिजीत मुहूर्तः 11:45 AM - 12:28 PM

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# विकास कार्यों से कोसों दूर खड़ा है अभी लोनी क्षेत्र

समाज जागरण

लोनी, 25 नवंबरः प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद लोनी वह क्षेत्र है जो देश की राजधानी दिल्ली से एकदम सटा हैं। इस नाते यहा विकास कार्यों की गंगा बहनी चाहिए थी मगर इसे क्षेत्र का दुर्भाग्य कहा जाए या कुछ और. जो घटिया राजनीति के चलते विभिन्न सरकारों के कार्यकाल में यह क्षेत्र सदैव उपेक्षा का शिकार रहा है। दिन बदले और एक ऐसा मौका भी आया जब नगर पालिका चेयरमैन, क्षेत्रीय विधायक, सांसद, व मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री, सभी एक ही पार्टी (भाजपा) के हैं। ऐसे में क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं व अन्य विकास कार्यों को लेकर आमजन की आस भी जगी थी। जनता की इसी सोच के अनुरूप क्षेत्र के विकास कार्यों ने भी गति पकड़ी। मगर क्षेत्र की वास्तुस्थिति के मुताबिक वह अभी भी "ऊंट के मुंह में जीरा" वाली कहावत को चरितार्थ करती नजर आती हैं
या, यूं कहे कि विकास कार्यों के मामले में यह क्षेत्र अभी भी कोसों दूर खड़ा है।

राजधानी दिल्ली से सटे इस लोनी क्षेत्र की आबादी की बात करे तो वह लगभग 17 लाख का आंकड़ा पार कर चुकी हैं। मगर विकासीय मापदंड के मामले में यहां की स्थिति अत्यंत दयनीय है। यहां की आबादी में बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं उत्तरांचल के लोगों की एक बड़ी संख्या ऐसी है जो दिल्ली समीप होने के कारण यहां आकर बस गए हैं और नौकरी पेशा आदि के लिए प्रतिदिन गाजियाबाद, दिल्ली व नोएडा आदि शहरों में आते-जाते हैं।



बावजूद पूर्व सरकारो की उपेक्षा के चलते मूलभूत सुविधाओं से वंचित यह क्षेत्र पिछड़ेपन से नहीं उबर सका।

हालांकि बात मौजूदा योगी सरकार के कार्यकाल की करें तो क्षेत्र में विकास कार्यों के गति पकड़ने की बात को नकारा नहीं जा सकता।
हालांकि नागरिकों की माने तो जिम्मेदारों की भ्रष्टाचारी कार्य प्रणाली के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के बीच सियासती की लड़ाई के चलते क्षेत्रीय विकास कार्य अभी भी उनकी आशा के अनुरूप नहीं होने से वह असंतुष्ट है। जिसके ज्वलंत उदाहरण कुछ इस प्रकार हैः -

-सैकड़ों करोड़ की लागत से बिछाई गई सीवर लाइन को लगभग 16 वर्ष से भी अधिक बीत जाने के बावजूद वह प्रयोग में नहीं लाई जा सकी।
-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की जर्जर स्थिति सुधरने का कार्य पटल पर नहीं दिख रहा है।
-दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की योजना आजतक अधर में है।
-करोड़ों रुपए की लागत से बने इको पार्क की बदहाली के चलते वह नागरिकों के किसी काम का नहीं।
-बंथला-लोनी बॉर्डर के बीच की बैहटा हाजीपुर नहर की सफाई में लाखों रुपए खर्च करते रहने के बाद उसकी दयनीय स्थिति किसी से छिपी नहीं है।
-पानी निकासी की समस्या का निदान नहीं होने और कूड़ा करकट से ठसे खड़े नाले-नालियो के कारण थोड़ी देर की बारिश के बाद ही मुख्य मार्ग हो या गली-मोहल्ले, गंदे पानी से लबालब हो जाते हैं।
-देश की राजधानी दिल्ली से सहारनपुर आदि को जोड़ने वाला लोनी का दिल्ली-सहारनपुर मार्ग वर्षों से अपने बनने की बाट जो रहा है। जबकि अत्यंत व्यस्त रहने वाला यह मार्ग यात्रियों के लिए एक पहाड़ जैसी मुसीबत बना हुआ हैं।

## पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर का सराहनीय कार्य

थाना फेस-2 (सेंट्रल नोएडा): हत्या के अभियोग में वांछित 2



अभियुक्तों को थाना फेस-2 पुलिस ने मात्र 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद की है। इस कार्य के लिए पुलिस टीम की तत्परता और कुशलता की प्रशंसा की जा रही है।

### थाना बीटा-2 ने वाहन चोरी करने वाले अंतर-जिलाई गिरोह का पदार्फाश किया

ग्रेटर नोएडाः थाना बीटा-2 पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले अंतर-जिलाई गिरोह का सफलतापूर्वक पदार्फाश करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
पुलिस ने कब्जे और निशानदेही के




आधार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की 16 मोटरसाइकिल और अवैध शस्त्र भी बरामद किए।
एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि गिरोह के अन्य साथी खोजे जा रहे हैं और आगामी दिनों में पूरी गिरोह संरचना का खुलासा किया जाएगा।

### थाना फेस-1 पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर के 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

नोएडाः थाना फेस-1 पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर से जुड़े 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से 7 मोबाइल




फोन, डेबिट कार्ड, सिमकार्ड, पासबुक, फिनो काम्बो बैंक किट, कंपनी के फर्जी जॉइनिंग लेटर, स्टांप/मोहर और चेक बुक सहित अन्य महत्वपूर्ण सामान और दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस ने मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है और गिरोह के अन्य सहयोगियों की तलाश की जा रही है।

(प्रशासन से करी अअविलंब कार्यवाही की मांग)

# शहीद ब्रिगेडियर अमरिंदर सिंह कंसाना कम्पोजिट विद्यालय की जर्जर छत पढ़ने वाले बच्चों के लिए बनी खतरा

समाज जागरण

लोनी, 25 नवंबरः जनपद के लोनी विकास खंड, औरंगाबाद रिस्तल स्थित शहीद ब्रिगेडियर अमरिंदर सिंह कंसाना कम्पोजिट विद्यालय के कक्षों और कार्यालय की छतें इस समय बेहद जर्जर हालत में हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि बरसात के दिनों में कक्षाओं की छतों से पानी टपकता है, जिससे न केवल पठन-पाठन बाधित होता है बल्कि कभी भी किसी अनहोनी घटना होने की बात को नकारा नहीं जा सकता। इस तरह बच्चों और विद्यालय स्टाफ की सुरक्षा कितनी सुरक्षित है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।
मिली जानकारी के मुताबिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मोनिका यादव ने 1 अगस्त को इस समस्या की जानकारी आधिकारिक रूप से खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) लोनी और खंड विकास अधिकारी को दी है। अपनी शिकायत में उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि छत की खराब स्थिति कभी भी किसी अनहोनी हादसे को जन्म दे सकती है, जिसकी तत्काल सुरक्षा संबंधी आवश्यकता जरूरी है।

**सुरक्षा उपाय आवश्यक हैं।**

स्कूल प्रधानाध्यापिका की शिकायतनुसार, विद्यालय के निर्माण के समय छत का लेवल ठीक से नहीं बनाया गया, जिसके कारण बरसात में छत पर पानी जमा हो जाता है। लंबे समय तक पानी भरे रहने की वजह से उसमें जगह-जगह दरार आ जाने से वह कमजोर हो चुकी है।

लगातार टपकाव के कारण कई कक्षाओं में पठन-पाठन करना मुश्किल हो गया है, जिससे विद्यालय के लगभग सभी बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कई अभिभावकों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने विद्यालय का निर्माण करने वाले ठेकेदार के खिलाफ जाँच और कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि घटिया निर्माण सामग्री और गलत तकनीकी कार्यप्रणाली के कारण ही विद्यालय की छत कुछ ही वर्षों में जर्जर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते छत की मरम्मत न की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी पर होगी।
स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्यालय की छत की मरम्मत कराई जाए।ताकि पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# नालियों के बीच खड़े बिजली के खंभे बने जानलेवा खतरा

## (ग्रामीणों ने प्रशासन से करी समस्या तत्काल समाधान करने की मांग की)

समाज जागरण

लोनी, 25 नवंबरः क्षेत्र के मुर्तजाबाद भूपखेड़ी गांव में हाल ही में बनवाई गई नालियों के बीच खड़े विद्युत पोल संबंधित विभाग के विरुद्ध सवाल खडे कर रहे हैं. जो ग्रामीणों के लिए भी गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। गांव की आबादी वाले हिस्से में कई जगहों पर नालियों के बीच सीधे बिजली के पोल खड़े दिखते हैं, जहाँ मामूली बारिश या पानी भरने की स्थिति में किसी बड़े हादसे के होने की बात को नकारा नहीं जा सकता।
ग्रामीणों के अनुसार, नाली निर्माण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान ने इन खंभों को नाली के बीच से हटाने या नाली का रूट बदलने की आवश्यकता नहीं समझी। नाली का एस्टीमेट बनाते समय भी विद्युत



पोल हटाने की कोई प्रक्रिया, स्वीकृति या योजना शामिल नहीं की गई। नतीजन नाली का निर्माण सीधे खंभों के चारों ओर कर दिया गया।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि नाली में पानी भरता है और वह किसी भी कारण से बिजली के पोल के संपर्क में आता है, तो पूरे पानी में करंट फैल सकता है। ऐसी स्थिति में घरों के पास से गुजरने वाली नालियों में करंट लगने से गंभीर हादसा होने होने का भी खतरा है।

गांव के लोगों ने जानकारी देते पता कि कई बार बच्चे नालियों के पास खेलते हैं और महिलाएँ रोजमर्रा के कामों से गुजरती हैं। ऐसे में बिजली के खंभे से किसी प्रकार का रिसाव या शॉर्ट सर्किट बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकता है।
ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों, जेई तथा ग्राम प्रधान से तत्काल प्रभाव से नाली के बीचोंबीच खड़े इन खतरनाक विद्युत पोलों को हटाने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी भी अनहोनी की जिम्मेदारी संबंधित विभागों पर होगी। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि जल्द से जल्द विद्युत पोलों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि नाली का उपयोग सामान्य तरीके से हो और उक्त गंभीर समस्या का समाधान हो सके।

# जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य तेज गति से संचालित

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 25 नवंबर 2025: जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम तेज गति से संचालित हो रहा है। 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चल रहे इस अभियान में सभी मतदान क्षेत्रों में निर्वाचक नामावलियों के अद्यतन कार्य को पारदर्शिता, शुद्धता और समयबद्धता के साथ संपादित किया जा रहा है।

बीएलओ के कार्य को सरल बनाने के लिए सुपरवाइजर, सरकारी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं, जो फील्ड में उनका सहयोग कर रहे हैं। जिले में 6 जोनल और 72 सेक्टर मजिस्ट्रेट सक्रिय हैं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक बूथ क्षेत्र में कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं, जो बीएलओ को हाईराइज भवनों और विभिन्न क्षेत्रों में घर खोजने में सहायता प्रदान कर रहे हैं।
आरडब्ल्यूए, एओए, बिल्डर्स एसोसिएशन (क्रेड़ाई) और बूथ स्तर एजेंटों को भी अभियान में शामिल किया गया है ताकि कोई मतदाता छूट न जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में जिला स्तरीय कार्मिक और वॉलंटियर्स घर-घर जाकर मतदाताओं तक पहुँच सुनिश्चित कर रहे हैं।
जिला प्रशासन ने पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने और बीएलओ को हर स्तर पर सहयोग उपलब्ध कराने के लिए मजबूत सहायता तंत्र सक्रिय किया है। सभी अधिकारी एवं प्रतिनिधि सतत सहयोग प्रदान कर रहे हैं, ताकि कार्य बिना किसी व्यवधान के पूर्ण हो सके। बीएलओ और प्रशासनिक अधिकारी निर्धारित अवधि में शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।




विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में कई बीएलओ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 80 प्रतिशत से अधिक डिजिटाईजेशन कार्य पूरा किया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र 62 दादरी के बीएलओ अनिल कुमार, रामकिशोर, यशोदा और दिनेश कुमार, विधानसभा क्षेत्र 63 जेवर के बीएलओ तस्लीम खान एवं प्रदीप कुमार और विधानसभा क्षेत्र 61 नोएडा की बीएलओ माजिया सुल्ताना शामिल हैं। इन बीएलओ ने अपेक्षित लक्ष्यों से अधिक कार्य कर अभियान को गति प्रदान की है।

# स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में बदलाव—De-novo संशोधित कार्यक्रम जारी

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 25 नवंबर 2025: मा० भारत निर्वाचन आयोग और जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम के निदेर्शानुसार, स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों को नए सिरे से (De-novo ) तैयार करने के लिए कार्यक्रम संशोधित कर दिया गया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार के अनुसार, अब पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण 27 नवंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद 2 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। 2 दिसंबर से 16 दिसंबर 2025 तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी, जबकि 30 दिसंबर 2025 से इन दावों और आपत्तियों का निस्तारण करते हुए अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जाएगी। अंतिम निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में पांडुलिपियों और मतदाता सूची से संबंधित कार्य निम्नलिखित मतदान केंद्रों पर किया जाएगाः
श्री अग्रसेन आदर्श इंटर कॉलेज दादरी, एनटीपीसी विद्युत नगर दादरी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर 39 नोएडा, पंचशील बालक इंटर कॉलेज सेक्टर 91 नोएडा, बादामी देवी विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज बिसरख, परसन्दी देवी पब्लिक स्कूल छपरौला, अमीचन्द इंटर कॉलेज कासना, आईआईटी रूड़की नॉलेज पार्क-2 ग्रेटर नोएडा, बिहारी लाल इंटर कॉलेज दनकौर, राजेन्द्र प्रसाद इंटर कॉलेज बिलासपुर, जनता इंटर कॉलेज जेवर, इंटर कॉलेज रबूपुरा एवं पब्लिक इंटर कॉलेज जहांगीरपुर।
उन्होंने जनपद के पात्र स्नातक और शिक्षकों से अपील की है कि जिनका नाम आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे 2 से 16 दिसंबर 2025 तक अपने संबंधित मतदान केंद्र पर आवश्यक अभिलेखों के साथ आवेदन कर नामावली में शामिल करवा सकते हैं। सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# सलाम नमस्ते में रेडियो श्रृंखला "स्वच्छ सुजल गाँव की कहानी, रेडियो की जुबानी" का शुभारंभ

समाज जागरण

नोएडा। सलाम नमस्ते कम्युनिटी रेडियो ने जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर आधारित रेडियो श्रृंखला "स्वच्छ सुजल गाँव की कहानी, रेडियो की जुबानी" का शुभारंभ किया है। यह श्रृंखला जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा समर्थित और कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन द्वारा निर्मित है। वहीं कार्यक्रम का उद्देश्य जल जीवन मिशन (हर घर जल) को जन-जन तक पहुँचाना और स्वच्छता व पेयजल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि यह कार्यक्रम कुल 10 एपिसोड पर आधारित है, जिसमें ग्रामीण समुदायों में स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति को केंद्र में रखा गया है। कार्यक्रम में आकर्षक रेडियो ड्रामा प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनके मुख्य पात्र स्वच्छिका, दूषिका और सुजल कुमार होंगे। इसके साथ ही स्थानीय लोककथाएं, प्रेरक प्रसंग और जन-सामान्य से जुड़े अनुभव भी शामिल किया जाएगा। इस रेडियो श्रृंखला का लक्ष्य ग्रामीण समुदायों को स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था से जोड़ना है। सलाम नमस्ते कम्युनिटी रेडियो इस अभियान के माध्यम से एक स्वच्छ, सुजल और सशक्त गाँव के निर्माण में योगदान देने का प्रयास कर रहा है।

कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता ने रेडियो श्रृंखला के



शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं पर जागरूकता फैलाना समय की माँग है। स्वच्छ सुजल गाँव की कहानी, रेडियो की जुबानी एक ऐसी पहल है जो न केवल जानकारी प्रदान करती है, बल्कि समुदायों को सक्रिय रूप से सहभागी बनने के लिए प्रेरित भी करती है।

वहीं आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल आज ग्रामीण भारत की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से हैं। सलाम नमस्ते कम्युनिटी रेडियो द्वारा प्रस्तुत यह श्रृंखला न केवल जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम भी बनेगी। रेडियो आज भी समुदायों को जोड़ने का सबसे प्रभावी साधन है, और हमें गर्व है कि यह पहल जल जीवन मिशन जैसे राष्ट्रीय अभियान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रही है।

# अपर जिला जज/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में बच्ची देवी बनाम उत्तर प्रदेश व अन्य के आदेशों पर बैठक संपन्न

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 25 नवंबर 2025: जनपद गौतम बुद्ध नगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा बच्ची देवी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य मामले में पारित आदेशों और निर्देशों के संदर्भ में अधिवक्ताओं के लिए बैठक का आयोजन किया गया।
24 नवंबर 2025 को न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतम बुद्ध नगर ने की। उन्होंने बच्ची देवी बनाम उत्तर प्रदेश व अन्य में पारित आदेशों और निदेर्शों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की।बैठक में परमेन्द्र भाटी, अध्यक्ष, जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन, सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष अधिवक्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी अधिवक्ताओं को निदेर्शों की जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराने के लिए हर माह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक आयोजित करने का संदेश भी दिया गया।

# टीएमयू कुलाधिपति अयोध्या में बने धर्म ध्वजारोहण के ऐतिहासिक पलों के साक्षी

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने भी इस भव्य और दिव्य समारोह में दर्ज कराई उल्लेखनीय उपस्थिति**



समाज जागरण

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र-ट्रस्ट के आमंत्रण पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण का पुण्य कमाया। इस अविस्मरणीय ध्वजारोहण के साक्षी होने का सौभाग्य टीएमयू के जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन को भी मिला। अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही भगवा ध्वज फहराने की प्रक्रिया प्रारम्भ की तो जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। धर्म ध्वजा का भगवा रंग, सूर्य का चिन्ह, कोविदार वृक्ष रामराज्य की कीर्ति को दशार्ता है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उम्मीद जताई, यह धर्म ध्वज प्राण जाए पर वचन न जाए की प्रेरणा बनेगा। साधु-संतों के अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ आदि की भी इस ऐतिहासिक पल पर गरिमामयी मौजूदगी रही।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण के अनुष्ठान के बाद समारोह में मौजूद जाने-माने साधु-संतों के संग-संग देशभर से आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों ने न केवल भगवान श्रीराम के दर्शन किए, बल्कि भव्य और दिव्य मंदिर में समारोह से अभिभूत अतिथियों ने जमकर सेल्फी और फोटोग्राफी भी की। इन आस्थामय ऐतिहासिक पलों से प्रफुल्लित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन बोले, आस्था के धागों से तैयार यह ध्वज केवल वस्त्र नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का साक्षात प्रतीक है। जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, हम सबके लिए शिखर ध्वजारोहण उत्सव का यह क्षण अद्वितीय और अलौकिक है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र- ट्रस्ट के महासचिव श्री चंपतराय के आमंत्रण पर सोमवार को ही अयोध्या पहुंच गए थे। उल्लेखनीय है, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र- ट्रस्ट के आमंत्रण पर 22 जनवरी, 2024 को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भी हिस्सा बन चुके हैं।

# थाना सेक्टर-142 का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण संपन्न

समाज जागरण

नोएडा, 25 नवंबर 2025: सीपी नोएडा के निर्देशन और डीसीपी सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में एडी सीपी सेंट्रल नोएडा द्वारा थाना सेक्टर-142 का अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, साइबर हेल्प डेस्क, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, शस्त्रागार एवं अभिलेखों का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण उपरांत संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों को अद्यतन रखने और पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।



# चंदौसी में 17 दिवसीय श्री अन्नपूर्णा व्रत महोत्सव के सत्रहवें दिन माता अन्नपूर्णा का वैदिक विधि-विधान से अभिषेक

**समाज जागरण**



चंदौसी। कैथल गेट स्थित श्री देवी गंगा मंदिर में चल रहे 17 दिवसीय श्री अन्नपूर्णा व्रत महोत्सव के सत्रहवें दिन माता अन्नपूर्णा का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंचामृत अभिषेक किया गया। अभिषेक की पावन विधि पंडित मनोज शर्मा एवं श्रीमती प्रवेश शर्मा द्वारा संपन्न कराई गई। इसके उपरांत माता की दिव्य मूर्ति का मनमोहक श्रृंगार कर विधिवत पूजन किया गया।
कथा व्यास पंडित भूदेव शंखधार ने कथा वर्णन के दौरान अन्नपूर्णा महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को उपदेश देते हुए बताया कि अन्नपूर्णा माता की सेवा से मनुष्य के जीवन के सभी दुख दूर होते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वनवास के समय श्रीलक्ष्मण आहार न मिलने पर निराश होकर लौटे, उसी प्रकार जीवन में अन्न की महत्ता अपार है और अन्नपूर्णा माता का आश्रय लेने से सभी कष्ट समाप्त हो जाते हैं।
पूजन और कथा के पश्चात पंडित मनोज शर्मा द्वारा श्रद्धा-भक्ति के साथ आरती संपन्न कराई गई। तत्पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भगवती प्रसाद, शारदा देवी, लक्ष्मीनारायण, अर्चना, बंशी, जगदीप, ऊषा, पारुल, कृष्णा, सौम्या, वैष्णवी, सीताराम, सरोजिनी, मोहिनी, राधा, प्रवीण, साधना, अंशिका, कुमकुम, शीला, मीना, नीरू, अनन्या, पूजा, पुष्पा देवी सहित अनेक भक्तों की उपस्थिति रही।

# कोविड काल में बंद ट्रेनों को पुनः शुरू करने की मांग, व्यापार मंडल ने स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



चंदौसी। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में कार्यवाहक स्टेशन अधीक्षक रजनीश कुमार के माध्यम से रेलवे महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर चंदौसी रेलवे जंक्शन की लगातार हो रही उपेक्षा पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। संगठन ने मांग रखी कि कोविड काल में बंद की गई सभी ट्रेनों को तत्काल पुनः संचालित किया जाए तथा कोहरे का बहाना बनाकर किसी भी अन्य ट्रेन को बंद न किया जाए।
व्यापारियों ने कहा कि ट्रेनों के बंद होने से स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बाहर से माल मंगाने में अधिक खर्च आ रहा है, जिसके कारण छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उनका कहना था कि चंदौसी जैसे पुराने और महत्वपूर्ण जंक्शन को नजरअंदाज करने से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ गई हैं और बाजारों में खरीदारों की संख्या भी घट रही है।

**नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने नाराजगी जताते हुए कहा,**
चंदौसी रेलवे स्टेशन दिन-ब-दिन सफेद हाथी बनता जा रहा है। जंक्शन सिर्फ नाम का रह गया है। स्थिति ऐसी है जैसे स्टेशन को हाल्ट में बदल दिया गया हो। नाम मात्र की कुछ ट्रेनें चल रही हैं और केंद्र सरकार नई-नई ट्रेनें शुरू कर रही है, लेकिन चंदौसी के साथ लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।
व्यापारियों का कहना है कि कोरोना काल में बंद हुई कई ट्रेनें अभी तक बहाल नहीं हुई हैं। वहीं आने वाले समय में कोहरे का बहाना बनाकर शेष चलने वाली ट्रेनों को भी बंद करने की तैयारी शुरू होने की आशंका है। इससे न यात्रियों को सुविधा मिलेगी और न ही व्यापार जगत को राहत मिल पाएगी।

**संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी ने कहा,**
ट्रेन का सफर आम जनता के लिए सबसे सस्ता, सुरक्षित और सुविधाजनक माना जाता है। लेकिन ट्रेनें बंद होने पर लोगों को मजबूरी में बस और निजी वाहनों से यात्रा करनी पड़ती है, जिससे किराया कई गुना बढ़ जाता है। आम नागरिकों पर भार बढ़ता है और व्यापारियों के लिए माल ढुलाई महंगी हो जाती है।
अंत में, व्यापार मंडल ने रेलवे प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ट्रेन सेवाएं बहाल नहीं हुईं और चंदौसी को उसका उचित अधिकार नहीं मिला, तो व्यापारी वर्ग बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. टी. एस. पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, भाजपा नेता शुभम अग्रवाल, विक्रम आदित्य राणा, रितिक वार्ष्णेय, जावेद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खेल के मैदान में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। वर्षों से खराब पड़े एम एम इंटर कालेज के हॉकी खेल के मैदान में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य कराने व खेल के मैदान में मौसम विभाग द्वारा लगाए गए। वर्षा मापी टांवर को मैदान से हटाकर बराबर में पड़े खाली मैदान में लगाने की मांग की।
शाईनिंग हॉकी क्लब नगीना के पुराने हॉकी खिलाड़ी व सचिव 25- 30 वर्षों से बंद पड़े नगीना में हॉकी के खेल को शुरू कराकर क्षेत्र के बच्चों में हॉकी खेलने का शौक उनके दिलों में पैदा कर के मोबाइल फोन से उन्हें दूर करने के प्रयास में लगे हुए हैं। क्षेत्र के बच्चों को हॉकी खेलने में जागरूकता लाने के लिए। शाईनिंग हॉकी क्लब के सचिव ए एच सिद्दीकी ने थाना क्षेत्र के ग्राम मौसम पुर निवासी हुक्म सिंह जोकि लखनऊ में स्कूली बच्चों को हॉकी खेलने की ट्रेनिंग देते है। उन्होंने लखनऊ से हुक्म सिंह को एक सप्ताह के लिए नगीना के बच्चों में हॉकी के खेल का जोश भरने के लिए बुलाया है। जिससे वह लखनऊ से मंगलवार को नगीना के एम एम इंटर कालेज के खेल मैदान पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एम एम इंटर कालेज की छात्राओं व छात्रों को हॉकी के खेल के गुण सिखाएं। वह एक सप्ताह नगीना में ही रहेंगे।
इस मौके पर शाईनिंग हॉकी क्लब के सचिव ए एच सिद्दीकी व पुराने खिलाड़ी हसन जावेद, सैयद जुबैर अहमद, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, मास्टर शहजाद आदि हॉकी खिलाड़ी भी मौजूद रहे। क्षेत्र के बच्चों में हॉकी के खेल में बढ़ती रूचि को देखते हुए। शाईनिंग हॉकी क्लब के पुराने हॉकी खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर की ओर एक बार फिर पूनः लगभग 11 माह से पालिका द्वारा मिट्टी के भराव के आश्वासन के चलते विनियमित क्षेत्र से लगभग 9 लॉख रू0 की स्वीकृत धनराशि से होने वाला मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा किए जाने की मांग की है।

# न्यौली में भाजपा नगरिया मंडल की बैठक संपन्न, बूथ स्तर पर चल रहे एसआईआर कार्य की समीक्षा

**समाज जागरण**



कासगंज/न्यौली। भारतीय जनता पार्टी नगरिया मंडल की आवश्यक बैठक सेंट वी.एन. पब्लिक स्कूल, मिजार्पुर मानपुर नगरिया में मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बूथ स्तर पर चल रहे एसआईआर (विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्य) की विस्तृत समीक्षा की गई।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने सभी बूथ प्रवासी कार्यकताओं से बूथों पर नियमित प्रवास कर एसआईआर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व द्वारा भेजे गए तीन प्रकार के पत्रक कार्यकताओं को वितरित करते हुए निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन निर्धारित फॉर्मेट पर अपनी रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।
एसआईआर अभियान के मंडल संयोजक एवं मंडल महामंत्री राजकुमार कश्यप ने कहा कि यह कार्यक्रम सभी बूथों पर सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे मतदाताओं को जागरूक करते हुए उनके सहयोग से पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण कराएं।
बैठक में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री देवेंद्र पचौरी, मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप सोलंकी, मंडल मंत्री संगीता, कर्मवीर सोलंकी, शक्तिकेंद्र संयोजक संजय बघेल, गिरीशचंद्र पाल, संदीप कश्यप, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी सोलंकी, जिला प्रतिनिधि हरीश मौर्य, बूथ अध्यक्ष रमन दिवाकर, वीरेंद्र श्रीवास्तव, कप्तान सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कादरगंज गंगा घाट पर बड़ा हादसा: भाई को बचाते हुए युवक गंगा में डूबा, तलाश जारी

**समाज जागरण**



कासगंज। कादरगंज गंगा घाट पर मंगलवार शाम लगभग 4 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां 20 वर्षीय युवक कन्हैया वर्मा गंगा नदी में डूब गया। वह अपने बड़े भाई को बचाने के लिए पानी में कूदा था। बड़ा भाई विक्रांत सुरक्षित बाहर आ गया, लेकिन कन्हैया गहरे पानी में समा गया।
डूबे हुए युवक की पहचान गंजडुंडवारा नगर के मोहल्ला धनपाल निवासी कन्हैया वर्मा पुत्र अरविंद कुमार के रूप में हुई है। घटना सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई।
जानकारी के अनुसार, मोहल्ला निवासी राजाराम वर्मा का निधन हो गया था, और परिजन अंतिम संस्कार के लिए कादरगंज गंगा घाट पहुंचे थे। इसी दौरान विक्रांत गंगा स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में जाने लगा और डूबने लगा। उसकी चीख सुनते ही छोटा भाई कन्हैया तुरंत नदी में कूद पड़ा और विक्रांत को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन खुद पानी की तेज धारा में बह गया।
हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंचल सिरोही पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक (शाम 6:15 बजे) कन्हैया का कोई सुराग नहीं लग सका था। घटना स्थल पर मौजूद परिजन बदहवास होकर रो रहे हैं, वहीं पूरे क्षेत्र में दुख का माहौल बना हुआ है।

# कोरोना काल में बंद ट्रेनों को पुनः शुरू करने की मांग; व्यापार मंडल ने स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



चंदौसी। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में कार्यवाहक स्टेशन अधीक्षक रजनीश कुमार के माध्यम से रेलवे महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चंदौसी की लगातार हो रही उपेक्षा पर कड़ी नाराजगी जताते हुए मांग की कि कोरोना काल में बंद की गई सभी ट्रेनों को तत्काल पुनः संचालित किया जाए तथा कोहरे का हवाला देकर किसी भी अन्य ट्रेन को बंद न किया जाए।
व्यापारियों ने कहा कि लंबे समय से ट्रेनों के बंद रहने से स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बाहर से माल मंगाना महंगा पड़ रहा है, जिससे छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि चंदौसी जैसा ऐतिहासिक जंक्शन, जो कभी प्रमुख रेलवे केंद्र हुआ करता था, अब उपेक्षा का शिकार हो गया है, जिसके कारण बाजारों में खरीददारों की संख्या घट रही है और पूरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है।
नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने आरोप लगाया कि चंदौसी रेलवे स्टेशन दिन-ब-दिन सफेद हाथी बनता जा रहा है। जंक्शन सिर्फ नाम का रह गया है। हालात ऐसे हैं जैसे स्टेशन को हाल्ट में बदल दिया गया हो। केंद्र सरकार नई ट्रेनें तो चला रही है, लेकिन चंदौसी के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।
व्यापारियों ने आगे कहा कि कोविड काल में बंद हुई कई ट्रेनें अभी तक बहाल नहीं हुई हैं। वहीं कुछ माह बाद कोहरे का बहाना बनाकर बाकी चलने वाली ट्रेनों को भी बंद करने की तैयारी शुरू हो जाएगी, जिससे न यात्रियों को सुविधा मिलेगी और न ही व्यापार को राहत मिलेगी।
संगठन के पदाधिकारी शाह आलम मंसूरी ने कहा, ट्रेन का सफर सबसे सस्ता, सुरक्षित और सुविधाजनक माना जाता है, लेकिन ट्रेनें बंद होने से आम लोगों को बस या निजी वाहनों का महंगा किराया देना पड़ता है। इससे नागरिकों और व्यापारियों—दोनों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है।
अंत में व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ट्रेन संचालन बहाल नहीं हुआ और चंदौसी को उसका उचित अधिकार नहीं मिला, तो व्यापारी समुदाय बड़े आंदोलन पर उतरने को मजबूर होगा।
ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. टी. एस. पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, भाजपा नेता शुभम अग्रवाल, विक्रम आदित्य राणा, रितिक वार्ष्णेय, जावेद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने व्यापारियों के साथ गोष्ठी कर साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर स्योहारा के नगर पालिका परिषद सभागार में व्यापारी गोष्ठी आयोजित की गई।
गोष्ठी में धामपुर पुलिस क्षेत्र अधिकारी अभय कुमार पांडे पहुंचे और व्यापारियों को साइबर अपराध रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया जिस तरह से आज लोग साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं उसको रोकने के लिए व्यापारी भाइयों को जागरूक होना अति आवश्यक है उन्होंने सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी और बताया यदि कोई भी ऑनलाइन सामान की खरीदारी करते हैं उसे पर जो ओटीपी आता है इसका विशेष ध्यान रखें साथ ही आज जिस तरह से सुनने में आ रहा है और देखने को मिल रहा है की साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से अपराध कर रहे हैं उसके लिए जागरूक होना जरूरी है जिस तरह से व्हाट्सएप इन्विटेशन चल रहे हैं उन कार्डों को ना खोलें यदि आपके पास वीडियो कॉल आती है तो कोशिश करें वह वीडियो कॉल रिसीव ना करें और अपने बच्चों को भी इसके लिए जागरूक करें यदि अगर कोई भी व्यक्ति अनजाने में वीडियो कॉल रिसीव कर लेता है तो अपना चेहरा ना दिखाएं कमरे पर हाथ रख ले।
गोष्ठी में क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, भाजपा नेता डॉ विनीत देवरा हाजी वसील, इंतखाब आलम, अतिकुर रहमान, पिंकी गर्ग सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# कटरेश्वर चौराहे पर भाजपा का वोटर सत्यापन कैंप, नगर अध्यक्ष आदित्य काकोरिया बोले—हर पात्र नागरिक को मिलना चाहिए मतदान का अधिकार

**समाज जागरण**




कासगंज/सोरों। तीर्थनगरी सोरों में भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई द्वारा नगर अध्यक्ष आदित्य काकोरिया के नेतृत्व में वोटर सत्यापन कैंप (Voter Sir Camp) का आयोजन कटरेश्वर चौराहे पर किया गया। कैंप में स्थानीय नागरिकों के वोटर विवरण की जांच, संशोधन, तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण की सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं।
बीएलओ की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों की मतदाता सूची से संबंधित समस्याओं का समाधान किया तथा पात्र नागरिकों को दस्तावेज सत्यापन में सहायता प्रदान की। कैंप में मनोज भारद्वाज मधुबन, संपूणानंद भारद्वाज, रामगोविन्द महेरे, पंकज तिवारी, आशुतोष त्रिवेदी, विवेक महेरे, विजय गोस्वामी, शिवम भारद्वाज, मनीष भारद्वाज, रामोतार सहित विभिन्न बूथों के बीएलओ उपस्थित रहे।

**नगर अध्यक्ष आदित्य काकोरिया ने कहा—**
हमारा लक्ष्य है कि सोरों नगर का हर पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करा सके। भाजपा जन-जागरूकता के माध्यम से लगातार सत्यापन शिविर आयोजित कर रही है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सशक्त और पारदर्शी बन सके।
कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर अपने मतदाता विवरण का सत्यापन एवं अपडेट कराया।

# बुर्का पहनकर घर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नकदी व उपकरण बरामद

**समाज जागरण**




कासगंज। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत थाना कासगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने मोहल्ला नाथूराम क्षेत्र में बुर्का पहनकर घरों में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।
गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुनाल उर्फ मन्नू पंडित, पुत्र राधेश्याम, निवासी मोहल्ला नाथूराम, थाना कासगंज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी की नीयत से बुर्का पहनकर घर में घुसा था, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया।
बरामद सामान में शामिल है—
चोरी किए गए 1,200/- नकद
01 बुर्का
एक थैला, जिसमें टूटे हुए ताले, कुंडा, आरी, चाबी आदि चोरी के उपकरण मिले थाना कासगंज पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।
गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रवेश राणा सहित थाना कासगंज की पुलिस टीम शामिल रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर मंगलवार की शाम फुरकान पुत्र अनीस उम्र लगभग 25 वर्ष गांव जादरपुर निवासी मंडावर की तरफ से बाइक से अपने गांव जादरपुर जा रहा था। जैसे ही वह इनामपुरा मोड के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक फुरकान की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना आने जाने वाले राहगीरों ने मडावर पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया। मृतक फुरकान के परिवार वालो में कोहराम मचा हुआ है। थाना अध्यक्ष कार्यवाहक विपिन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पौत्र के जन्मदिन के मौके पर कराया मां शेरावाली का जगराता

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नगीना। पौत्र के प्रथम जन्मदिन के मौके पर कराया मां शेरावाली का जगराता, मां के भजनों पर रात भर झूमते रहे जागरण के बाद प्रसाद वितरण किया गया। स्थानीय पंजाबी कॉलोनी निवासी गाऊ सेवक रजनी जौहर ने अपने पौत्र पीहु जौहर के प्रथम जन्मदिन की खुशी के अवसर सोमवार की रात को माता शेरावाली का जागरण कराया जागरण रेलवे स्टेशन रोड श्री सिद्धिविनायक मंदिर के सामने हुआ। जमुना नगर से आई विजय लाडला एड पार्टी के कलाकारों विनोद शर्मा, दिनेश कुमार, रवि कुमार, तरसेम कुमार, श्याम भाई, राजेंद्र सिंह, भरत शर्मा, ममता रानी, विनोद शर्मा, आदि ने माता शेरावाली के एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति की जिन पर श्रद्धालु रात भर झूमे। जागरण समाप्ति के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया जिसे सैकड़ो लोगों महिलाओं और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ठंड से अज्ञात बुजुर्ग भिखारी की मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। पिछले दो दिनों से पढ़ रही ठंड से बिहार के अज्ञात बुजुर्ग भिखारी की मौत हो गई। पुलिस ने भिखारी के शव का अंतिम दाह संस्कार किया।
उसके साथी भिखारियो ने जानकारी देते हुए बताया के बिहार प्रांत के बुजुर्ग भिखारी पिछले 1 वर्ष से जिला परिषद के डाक बंगले के सामने सड़क किनारे खुले मैं रहता चला रहा था, पिछले दो दिनों से पढ़ रही सर्दी के कारण सोमवार की रात को वह सोता का सोता रह गया। मंगलवार की पूर्वन ना उठने पर उसके साथी ने जब उसको जाकर उठाया तो वह म्रत अवस्था में आंकड़ा पडा था। लोगों ने बिहारी भिखारी की मौत की सूचना पुलिस को दी सूचना पर कुछ देर के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब वह कपड़ों से एड्रेस पता लगाने का अथक प्रयास किया लेकिन उसकी जेब से कोई अता-पता नहीं मिल सका बाद में पुलिस ने भिखारी का शव कब्जे में कर क्रियाकराम अंतिम दाह संस्कार करने के लिए ले गई।

# पत्रकार शकील अंसारी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**




कासगंज। कस्बा गंजडुंडवारा के वरिष्ठ पत्रकार शकील अंसारी (55 वर्ष) के निधन से क्षेत्र के पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। अपनी जुझारू प्रवृत्ति, सधी हुई आवाज और निष्पक्ष लेखनी से लोगों का दिल जीतने वाले शकील अंसारी ने लंबी बीमारी से जूझते हुए दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। वे पिछले काफी समय से गले के कैंसर से पीड़ित थे।
लगभग 20 वर्षों से सक्रिय पत्रकारिता करते हुए उन्होंने अपनी निर्भीक, निडर और सत्य बोलने वाली कलम से क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई। उनके असमय निधन से न सिर्फ पत्रकार समाज बल्कि पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। साथी पत्रकारों ने कहा कि आज शब्द भी कम पड़ रहे हैं—पत्रकारिता जगत ने एक संवेदनशील और निर्भीक आवाज खो दी है।
पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह अपूर्णनीय क्षति सहन करने की शक्ति दें।
श्रद्धांजलि देने वालों में शिवशंकर गुप्ता, अंशुमान सक्सेना, सरवर हुसैन, अनिल सिंह राठौर, जुम्मन कुरैशी, मुनन अहमद, नूरुल इस्लाम, आमिर कुरैशी, अनवर खान, सत्य प्रकाश राठौर, गौरव गुप्ता, देवेंद्र शाक्य, उदित विजयवर्गीय, डॉ. नेमचंद्र सक्सेना, जीतू सिंह, मोरध्वज, मुहम्मद कामरान, राशिद अब्बासी, गोपाल गुप्ता, वसीम, आले इमरान सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# समुद्री सुरक्षा सहयोग पर बिम्सटेक विशेषज्ञ समूह की चौथी बैठक नई दिल्ली में संपन्न

समुद्री सुरक्षा सहयोग पर बिम्सटेक विशेषज्ञ समूह की चौथी बैठक का आयोजन नई दिल्ली में 24-25 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक, वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में किया गया जिसकी मेजबानी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय ने की। इसमें सभी बिम्सटेक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, नीति निमार्ताओं और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया।
यह कार्यक्रम समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में पांच मुख्य क्षेत्रों के अंतर्गत पहचान किए गए कार्य-निष्पादन योग्य लक्ष्यों पर परिणामोन्मुखी चचाओं के एक अन्य दौर की सफल समाप्ति को दशार्ता है। इसमें विचार-विमर्श एचएडीआर पहलुओं सहित विभिन्न समुद्री सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर दिशा-निदेर्शों को अपनाने पर केंद्रित रहा। इसमें शामिल हुए प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया और मार्गदर्शक दस्तावेजों की विषय-वस्तु से संबंधित व्यावसायिक सिफारिशें प्रदान कीं, जिससे बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण की बढ़ती समझ एवं जागरूकता उजागर हुई।

# गोवा में आईएफएफआई रेड कार्पेट पर वस्त्र, सिनेमा और संस्कृति का शानदार प्रदर्शन

## विकास आयुक्त (हथकरघा) ने आईएफएफआई 2025 में फैशन शो 'साड़ीज इन मोशन: 70एमएम ऑन रनवे' प्रस्तुत किया

वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत विकास आयुक्त (हथकरघा) ने यहां जारी भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई), 2025 के प्रतिष्ठित रेड कार्पेट पर वस्त्र, संस्कृति और सिनेमा को साथ लाकर यहां उपस्थित प्रतिनिधियों को अपनी तरह का पहला अनुभव कराया। फैशन शो हैंडलूम साड़ीज इन मोशनः 70एमएम ऑन रनवे भारतीय हथकरघा को समर्पित एक सामाजिक उद्यम था।
दो बार प्रदर्शित की गई इस 15 मिनट की प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय सिनेमा के सफर से रूबरू कराया और एक-एक साड़ी के माध्यम से इसके इतिहास को दिखाया। हर दृश्य को अलग-अलग सिनेमाई दौर के संगीत पर तैयार किया गया था और रनवे पुराने समय की यादों, कला कौशल और साड़ी की कालातीत सुंदरता का एक चलता-फिरता उत्सव बन गया। इस कार्यक्रम में आईएफएफआई के प्रतिनिधियों और फिल्मी हस्तियों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें भारत के सबसे प्रतिष्ठित परिधान साड़ी के जरिए सिनेमा के विकास को फिर से दिखाया गया। 1940 के दशक की लहराती साड़ियों के अंदाज से लेकर 2020 के दशक के आधुनिक, प्रयोगधर्मी परिधान तक, साड़ियों के इन अलग अलग अंदाजों, उनसे जुड़े विचारों और यादों से रेड़ कार्पेट जीवंत हो उठा और ये दृश्य छह गज की हैंडलूम विरासत के माध्यम से रचे गए। हर लहराती साड़ी और उसकी प्लीट भारतीय सिनेमा के विकास को दिखाया, जो खूबसूरत नायिकाओं के दौर, 70 के दशक की विद्रोही नायिकाओं के दौर, 90 के दशक की रोमांटिक तथा आज के समय के ग्लैमर के दौर में वापस ले गई।
देश के विभिन्न हिस्सों से संग्रहित 40 से अधिक हैंडलूम साड़ियों को इस फैशन शो में प्रदर्शित किया गया, जैसे छत्तीसगढ़ की टसर सिल्क, जम्मू-कश्मीर की इकट पश्मीना साड़ी, उत्तर प्रदेश की बनारसी बुटीदार साड़ी और मुबारकपुर लच्छा बुटा साड़ी, मध्य प्रदेश की चंदेरी, छत्तीसगढ़ की गीचा सिल्क, आंध्र प्रदेश की वेंकटागिरी साड़ी और केरल की कुथम्पुल्ली साड़ी। इन साड़ियों में से कुछ में पुरस्कार विजेता कलाकारों ने हाथ से रंग भरे थे, जिसमें विभिन्न कला रूपों जैसे राजस्थान की पिचवाई, ओडिशा की पट्टचित्र, महाराष्ट्र की वारली, आंध्र प्रदेश की पेन-कलमकारी, बिहार की मधुबनी, झारखंड और मध्य प्रदेश की गोंडा एवं भील कला और ऐसे ही दूसरे इलाकों की कला के अलग-अलग रूप दिखाए गए।
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड (एनएफडीसी) के प्रबंध निदेशक प्रकाश मगदुम ने इस फैशन शो के बारे में कहा, आईएफएफआई हमेशा से एक ऐसा मंच रहा है जो हर तरह की रचनात्मकता का जश्न मनाता है। इस वर्ष, मुख्य रेड कार्पेट पर हैंडलूम-प्रधान फैशन शो आयोजित करना भारत की सांस्कृतिक गहराई और सिनेमा एवं शिल्प कौशल के शक्तिशाली सम्मिलन को उजागर करता है।

# वार्ड 11 में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान हुआ तेज



**समाज जागरण कांधला।**
मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड 11 में जागरूकता और फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया जोरदार रही। वार्ड 11 सभासद प्रदीप कुमार भार्गव ने बीएलओ देशराज सिंह के साथ पुराने शाकुंभरी देवी भवन पर पहुंचकर लोगों के फॉर्म भरवाए।
बड़ी संख्या में नागरिक एसआईआर शिफ्टिंग, इनक्लूजन, रिमूवल,फॉर्म भरने के लिए बूथ पर पहुंचने लगे। शासन के निर्देशानुसार 4 दिसंबर को सभी बीएलओ बूथों पर तैनात रहे। बूथ नंबर 306 के बीएलओ देशराज सिंह द्वारा दिनभर लोगों को फॉर्म भरने में पूरी मदद प्रदान की गई। उनके सहयोग में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भी मौजूद रहे।कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में तीन बीएलओ,देशराज, राकेश कुमार एवं बिजेंद्र,की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन इनमें से बीएलओ राकेश कुमार अब तक बूथ संख्या 307 पर लोगों से मिलने नहीं पहुंचे हैं। वहीं बीएलओ बिजेंद्र कुमार द्वारा केवल एक बार बूथ संख्या 305 पर पहुंचकर कुछ लोगों को फॉर्म उपलब्ध कराए गए, जिसके बाद वह भी नजर नहीं आए।इसके विपरीत बीएलओ देशराज सिंह लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और लोगों के फॉर्म भरवाने सहित आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाने में जुटे हुए हैं। छुट्टी के दिन भी देशराज अपने कार्य में लगे रहते हैं, जिसकी स्थानीय लोग खुलकर प्रशंसा कर रहे हैं।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से झिंझाना में बिगड़े हालात

-गंदगी के अंबार से महामारी का खतरा, प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी निगाहें



**समाज जागरण झिंझाना। (फुरकान जंग)**
नगर पंचायत अध्यक्ष की हठधर्मिता और सफाई कर्मचारियों की जिद ने पूरे कस्बे को मुश्किल में डाल दिया है। पिछले छह दिनों से जारी सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते गली-मोहल्लों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। हालात यह हैं कि कई इलाकों में निकलना भी दूभर हो गया है। गलियों में कूड़े के बड़ेझबड़े ढेर जमा हो चुके हैं, जिनसे उठ रही बदबू ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। कूड़े के लगातार इकट्ठा होने से मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है और महामारी का खतरा भी मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार भले ही स्वच्छता अभियान पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही हो, लेकिन कस्बे का दुर्भाग्य है कि पिछले सात दिनों से यहां सफाई नहीं हुई है। इससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं पैदा होने का अंदेशा बढ़ गया है। कस्बा वासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से तुरंत हस्तक्षेप की अपील की है। उनका कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष और सफाई कर्मियों के बीच चल रही तनातनी का खामियाजा निर्दोष जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने मांग की है कि दोनों पक्षों के खिलाफ ठोस कार्रवाई कर सफाई व्यवस्था को तत्काल बहाल कराया जाए, ताकि संभावित महामारी को फैलने से रोका जा सके। इधर, कस्बे वासियों की निगाह अब पूरी तरह प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है, कि वह कब हस्तक्षेप कर इस समस्या का समाधान कराएगा। लोगों ने कहा कि यदि जल्द हालात नहीं सुधरे तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। फिलहाल गली मोहल्लों में फैली गंदगी और बदबू के बीच लोग मजबूरी में दिन गुजारने को मजबूर हैं।

# उपभोक्ताओं से की अधिक से अधिक योजना का लाभ उठाने की अपील

**समाज जागरण**
शामली। मंगलवार को अधीक्षण अभियंता वीरेन्द्र सिंह ने कैराना क्षेत्र में बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के प्रचार-प्रसार कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों से अभियान



की प्रगति की जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता ने क्षेत्र में घूमकर उपभोक्ताओं से सीधे बातचीत की और उन्हें सरकार की राहत योजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान विद्युत विभाग के एक्सईएन व जेई भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी घर-घर पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# एसआईआर फार्म भरने में लोगों को हो रही परेशानी, ओमप्रकाश शर्मा



**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) कैराना एवं थानाभवन विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के एसआईआर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि एसआईआर फार्म भरने में लोगों को काफी दिक्कते आ रही है। इस प्रक्रिया को जिला प्रशासन सरल करे और बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन कराये। जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य लोगों को परेशानी न हो। मंगलवार को शहर के विश्वकर्मानगर स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के कैराना एवं थानाभवन विधानसभा एसआईआर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा लागू की जा रही एसआईआर प्रक्रिया जटिल, पक्षपाती तथा आम जनता के लिए चिंता का विषय बन गई है। एसआईआर फार्म भरने में लोगों को परेशानी हो रही है। खासतौर पर जो लोग गांव छोडकर शहरों में आकर बस गए है उनको अपनी पुरानी वोटर लिस्ट में नाम नही मिल पा रहे। शादी शुदा महिलाओं को अपने पिता का वोटर लिस्ट में नाम लेने के लिए अपने मायके जाकर ढूढना पड रहा है। मृतक माता पिता की मतदाता सूची न मिलने से वह भटक रहे है। उन्होने जिला प्रशासन से मांग की कि बीएलओ घर घर जाकर सत्यापन करें और फार्म भरने के कार्यो को सरल किया जाये। पूर्व नगर अध्यक्ष वैभव गर्ग ने कहा कि एसआईआर को लेकर विशेषकर दलित, आदि वासी , पिछड़ा और अल्प संख्यक वर्ग अपने मताधिकार से वंचित होने का खतरा महसूस कर रहे हैं। एसआईआर लागू होने के बाद कई राज्यों में बीएलओ कर्मचारियों द्वारा आत्महत्या जैसी घटनाएं सामने आई हैं, जो पूरी प्रक्रिया की गंभीरता और दबाव को दशार्ती हैं। उन्होने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को आम जनता के हित में सरल बनाया जाए। कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार की रक्षा सर्वोपरि है, जिसे किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रवीन तरार, ओमबीर उपाध्याय, बिजेन्द्र पाल शर्मा, ज्योति प्रसाद शर्मा, प्रीतम सिंह, सुभाष सिलावर आदि मौजूद रहे।

# शादी के नौ दिन बाद विवाहिता नगदी और जेवरात लेकर फरार

**समाज जागरण शामली। (फुरकान जंग)**

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर शादी के मात्र नौ दिन बाद ही लाखों रुपये की नकदी और कीमती जेवरात लेकर फरार होने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने गिरोहबंदी कर फर्जी शादी कराने वाले लोगों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।
शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी अर्चित गर्ग ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अविवाहित था और शादी के लिए सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व कुरुक्षेत्र के कुछ लोगों कार्तिक, अनुज कुमार, मोनू पंचाल और टीनू के संपर्क में आया था। आरोप है कि इन लोगों ने खुद को शादी कराने वाला संगठन बताते हुए दो लाख रुपये की फीस तय की और शादी के बाद यह रकम अनुज को दे दी गई। गत 11 नवंबर को कुरुक्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ स्थित मां काली मंदिर में रिंकी पुत्री भवन सिंह से उसकी शादी कराई गई। शादी के बाद रिंकी उसके साथ शामली आकर नौ दिन तक घर में रही। आरोप है कि 20 नवंबर को सुबह वह दुकान चला गया, और दोपहर 3 बजे वापस आने पर पत्नी रिंकी घर से गायब मिली। घर की अलमारी चेक करने पर तीन जोड़ी बिछुए, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी कानों के टॉप्स, एक सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, चार चांदी के लॉकेट, मोबाइल फोन, करीब 20 हजार रुपये नकद तथा अलमारी से एक लाख 13 हजार रुपये समेत अन्य सामान गायब मिला। पीड़ित का कहना है कि जब उसने रिंकी की मां शीला कौर से संपर्क किया तो उसने बताया कि रिंकी अपनी मौसी पूजा के साथ हिमाचल चली गई है।

परिजनों आश्वासन दिया था कि रिंकी 24 नवंबर तक घर लौट आएगी, लेकिन वह नहीं लौटी। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। वही पुलिस का कहना है कि अर्चित स्वयं पत्नी को उसके मायके छोडकर आया है और हो सकता है कि वह नकदी व जेवरात साथ लेकर चली गई हो मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# युवक के साथ मारपीट हमलावरों पर नहीं हुई कार्रवाई

**समाज जागरण शामली।**
एक महिला ने सीओ सिटी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पुत्र के साथ मारपीट कर जान से मारने का प्रयास करने वाले हमलावरों पर शहर कोतवाली पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। पीड़िता ने मामले में तत्काल न्याय की मांग की है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला काजीवाड़ा निवासी शमशीदा पत्नी तहसीन ने बताया कि 21 नवंबर को सुबह करीब 11 बजे वह अपने पुत्र उवैश के साथ घर में मौजूद थी। तभी मोहल्ले के ही अब्दुल, सावेज, शाहआलम, सुहैल पुत्रगण खुर्शीद तथा दो अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आए। आरोप है कि हमलावर आते ही गाली-गलौज करने लगे और मना करने पर शाहआलम ने तमंचा निकालकर उवैश पर जानलेवा फायर झोंक दिया, जो मिस हो गया। इसके बाद उसने दोबारा तमंचा लोड कर फायर किया, जिसमें उवैश बाल-बाल बच गया।पीड़िता के अनुसार, इसके बाद अब्दुल और सावेज ने हाथों में लिए चाकुओं से उवैश पर सिर और छाती पर वार किए, जबकि सुहैल व दो अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोप है कि हमलावरों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। सूचना पाकर पति तहसीन व फैसल मौके पर पहुंचे। फैसल ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल उवैश को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी गंभीर चोटों का उपचार किया गया। पीड़िता का कहना है कि उसने घटना के बाद कोतवाली में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षक दिल्ली रवाना, जंतर-मंतर पर करेंगे प्रदर्शन




**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग )ऑल टीचर्स इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर मंगलवार को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर के लिए दर्जनों शिक्षक रवाना हुए।
मंगलवार को अटेवा के जिला संयोजक नवनीत गहमरी की अध्य क्षता में शिक्षक शहर के आरके इंटर कालेज में एकत्रित हुए। जहां से वह पुरानी पेंशन स्कीम, यूनिफाईड पेंशन स्कीम के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना हुए है। शिक्षकों ने आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी जबरदस्ती टीईटी लागू करने का विरोध किया। उन्होने पुरानी पेंशन बाहली की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। शिक्षिका बीना कुमारी ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारी का हक है, इसको लेकर रहेगे। जिला संरक्षक विनय त्यागी ने कहा कि सरकार नई पेंशन स्कील लाकर सरकारी कर्मियों को गुमराह कर रही है। जब सांसद, विधायक पुरानी पेंशन लेकर सकते है तो कर्मचारी पुरानी पेंशन क्यो नही ले सकते है। जिला मंत्री लवकेश कुमार ने कहा कि सरकारी कर्मचारी गुमराह नही होगा, जब तक पुरानी पेंशन नही मिलेगी आन्दोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर रामफूल, विनय त्यागी, मनीष मिश्रा, प्रदीप यादव, विनोद आर्य, पंकज सैनी, सत्येन्द्र, कुलदीप, अरविन्द कुमार, रोहित, विजय नारायण आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने की विशेष प्रगढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा



**समाज जागरण**
शामली। अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामा वलियों के विशेष प्रगढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करने मंगलवार को सहारनपुर मंडल के आयुक्त डॉ. रूपेश कुमार शामली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मतदेय स्थलों पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों ( बीएलओ) द्वारा घर-घर सत्यापन के दौरान वितरित एवं डिजिटाइज किए जा रहे गणना प्रपत्रों के कार्यों का अवलोकन किया।
आयुक्त ने थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोहरपुर, नंगली जमालपुर और बन्तीखेड़ा स्थित मतदेय स्थलों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने जनपद की तीनों विधानसभाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया। विधानसभा कैराना से बीएलओ मुकेश गिरी व अनुज चौहान, विधानसभा थानाभवन से बीएलओ स्वाति व रूकमेश, जबकि विधान सभा शामली से बीएलओ शिवानी को बेहतर कार्य के लिए आयुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र और 5101 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। आयुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन और डिजिटाइजेशन कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सभी अधिकारी कठिन परिश्रम से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान, एडीएम सत्येंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, सीओ अमरदीप मोर्य, सीओ थानाभवन जितेंद्र यादव मौजूद रहे।

# महिला दूसरी मंजिल से गिरकर घायल, हालत गंभीर

**समाज जागरण**
शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुजरातियान निवासी एक महिला दूसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को



गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सिटी स्कैन के बाद महिला को हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। शहर के मोहल्ला गुजरातियान निवासी 59 वर्षीय मधु अग्रवाल सोमवार देर रात्रि अपने मकान की दूसरी मंजिल पर गई थी। बताया जाता है कि मकान में निर्माण कार्यो के दौरान दूसरी मंजिल का लोहे का जाल खुला हुआ था। इसी दौरान महिला को जाल दिखाई न देने से महिला दूसरी मंजिल से जाल से निकलकर गिर गई। जिससे महिला को गंभीर चोट आई। तत्काल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया कराया गया। मंगलवार सवेरे घायल महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां महिला का सिटी स्कैन किया गया। महिला को गंभीर अवस्था में हायर सैंटर के लिए रेफर किया गया है।

# जनपद की सभी गौशालाओं में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिला प्रशासन के निर्देश पर जनपद शामली की सभी गौशालाओं में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रशासनिक स्तर पर यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि गौशालाओं में रह रहे गौवंशों की देखभाल, सुविधा और सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा सके।
गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से बढ़ रही सर्दी और कोहरे के कारण जनपद में ठंड का प्रकोप तेज हो गया है। ऐसे में गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए गौशाला प्रबंधन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। कई गौशालाओं में अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है, वहीं रात के समय शीतलहर और कोहरे से बचाव के लिए गौवंशों के स्थान को तिरपाल और गर्म कपडों से ढक दिया गया है। जिससे उन्हें किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या न हो। इसी क्रम में क्षेत्र के कस्बा बनत स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र में भी मंगलवार को सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए। गौशाला संचालक दिनेश कुमार ने बताया कि गौशाला परिसर में कुल चार कैमरे स्थापित किए गए हैं। सभी कैमरे वाईफाई से जुड़े हुए हैं, जिससे उनकी निगरानी सीधे जिला प्रशासन तथा उत्तर प्रदेश सरकार के स्तर से की जा सकेगी। दिनेश कुमार के अनुसार, इस तकनीकी व्यवस्था से गौशाला में रहने वाले गौवंशों के भोजन, पानी, उपचार और देखभाल की वास्तविक स्थिति का आकलन आसानी से किया जा सकेगा। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से गौशालाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और गौवंशों के कल्याण में और अधिक सुधार आएगा। प्रशासन ने सभी गौशाला संचालकों को निर्देशित किया है कि वे ठंड के मौसम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

# जिले में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ा



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिले में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ोतरी की ओर है। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 229 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। सोमवार को यह स्तर 212 था। जिला प्रशासन और प्रदूषण विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद प्रदूषण में उतार-चढ़ाव जारी है। चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।
जनपद शामली में पिछले करीब एक सप्ताह से एक्यूआई लगातार खराब श्रेणी में है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खराब है। कोल्हुओं, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं तथा सड़कों पर उड़ने वाली धूल वायु प्रदूषण का बड़ा कारण बनी हुई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जरूरत के अनुसार टीमें निगरानी भी कर रही हैं। शामली सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डा. दीपम कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। वातावरण में मौजूद अत्यंत सूक्ष्म कण, पार्टिकुलेट मैटर 2.5 फेफड़ों और श्वसन तंत्र को सीधे प्रभावित करते हैं। इससे बचने के लिए मास्क का प्रयोग आवश्यक है। इन कणों के कारण फेफड़ों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, और रक्तवाहिकाओं के संकुचित होने से रक्तचाप बढ़ने का खतरा रहता है। वही दूसरी ओर ठंड का प्रकोप भी बढा है। रात्रि में न्यूनतम तापमान गिरकर 8 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया है, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सैल्यिसस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में शीतलहर का असर बढ़ेगा और ठंड और अधिक महसूस होगी।

# मेला ठेकेदार और झूला स्वामियों पर मुकदमा

— चार दिन पूर्व चलते झूले से गिरा था युवक

— रोहतक पीजीआई में घायल युवक की हालत नाजुक

**समाज जागरण**

कैराना। चार दिन पूर्व मेले में झूले से गिरकर युवक के घायल होने के चलते मेला ठेकेदार तथा झूला स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, रोहतक पीजीआई में भर्ती घायल युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। नगर के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी दानिश ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 21 नवंबर की रात करीब नौ बजे उसका भाई आसिफ झाड़खेड़ी रोड पर मेला देखने के लिए गया था। जहां वह नाव वाले झूले में झूलने लगा। आरोप है कि मेला ठेकेदार सागर प्रजापति, झूला स्वामियों सुलेमान, तेजा व सलमान की लापरवाही तथा घटिया झूले के कारण झूले का पेंच टूट गया, जिस कारण उसका भाई आसिफ झूले से काफी दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर वह मौके पर पहुंचा तथा भाई को हरियाणा के पानीपत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।
जहां से गंभीर हालत के चलते रेफर कर दिया। उसके भाई को रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। बता दें कि इससे पूर्व में सागर प्रजापति के विरूद्ध 40 लाख से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में भी मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेल




**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
पुलिस ने महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। बागपत जनपद के छपरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने विगत 11 अप्रैल को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके गांव के ही अमन पुत्र मुमताज ने बहला फुसलाकर थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर के जंगल में ले गया था। और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने पीडित महिला की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी थी। महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। मंगलवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित जसाला बस स्टैंड पर खड़ा हुआ है और कहीं जाने की फिराक में है।खंद्रावली चौकी प्रभारी विजेंद्र सिंह रावल ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए आरोपी अमन को पकड़ लिया और थाने ले आए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

# घर–घर एसआईआर फार्म नहीं भेजने का आरोप



**समाज जागरण**

कैराना। कांग्रेस ने बीएलओ पर घर–घर एसआईआर फार्म नहीं भेजने का आरोप लगाया है। मंगलवार को नगर के खुरगान रोड पर कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी शमशीर खान ने प्रेसवार्ता कर कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान लोगों के सामने परेशानी आ रही है। आरोप है कि बीएलओ घर–घर फार्म नहीं दे रहे हैं। एसआईआर से पूर्व जागरूकता अभियान नहीं चलाया गया। इस कारण मतदाताओं के वंचित होने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने एसआईआर के लिए समयसीमा बढ़ाने, जागरूकता अभियान चलाने और फार्म जमा कराने पर संबंधित मतदाताओं को नोटिफिकेशन प्राप्ति की व्यवस्था की मांग की है।

# लोकमंच पर गूँजे मंगलगीत सामूहिक विवाह ने रच दिया सौहार्द का इतिहास

--बेटियों को मिला संबल सामूहिक विवाह योजना बनी परिवारों का सहारा
--फेरे और निकाह का अनोखा संगम गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल
--सरकार का मानवीय स्वरूप साकार 36 जोड़ों ने रचाया नया जीवन



**समाज जागरण बागपत।**
कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकमंच मंगलवार को उल्लास, पवित्रता और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम बन गया, जब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में कुल 36 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन की पावन शुरूआत की। इसमें 29 हिंदू जोड़ों ने पवित्र फेरे लिए और 7 मुस्लिम जोड़ों ने निकाह की रस्में निभाईं। प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में यह कार्यक्रम गरिमापूर्ण और भव्य रूप से सम्पन्न हुआ, जहाँ दोनों समुदायों की रस्में एक ही मंच पर संपन्न होकर गंगा-जमुनी तहजीब का श्रेष्ठ उदाहरण बन गईं। सुबह से ही कलेक्ट्रेट परिसर दुल्हन की तरह सजा दिखाई दिया। भगवा और सफेद रंगों से सुसज्जित टेंट, फूलों की महक, शहनाई और बैंडबाजे की मिठास ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। मंच की ओर बढ़ते दूल्हा-दुल्हन के कदमों के साथ उपस्थित जनसमूह ने फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। भावुक क्षणों में जब 36 डोलियाँ विदा हुईं, तो कई अभिभावकों की आँखों से खुशी के आँसू झलक पड़े। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट संदेश है—समाज तभी आगे बढ़ता है जब बेटियाँ सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर हों। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि इस योजना की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक कमजोरी के कारण किसी बेटी का भविष्य रुक न जाए। उन्होंने कहा, बेटियाँ बोझ नहीं, सम्मान हैं। मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा ने व्यवस्था की निगरानी कर कार्यक्रम को सफल बनाया। समाज कल्याण विभाग द्वारा हर नव विवाहिता को आत्मनिर्भरता की थीम पर आधारित सामग्री प्रदान की गई, जिसमें गॉदरेज सिलाई मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, ऊनी कपड़े, ट्रॉली बैग, चांदी की पायल-बिछिया, डबल बेड, सीलिंग फैन, आयरन प्रेस, कुकर, कढ़ाही, डिनर सेट आदि शामिल थे। एसडीएम एवं प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्योति शर्मा ने बताया कि जिले में इस योजना के माध्यम से अब तक लगभग ढाई हजार विवाह सम्पन्न कराए जा चुके हैं। कार्यक्रम में एसडीएम मनीष यादव, एसडीएम भावना सिंह, अमरचंद वर्मा और अधिशासी अधिकारी के.के. भड़ाना सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# चित्रकला व क्राफ्ट प्रतियोगिता कराई

**समाज जागरण बागपत।**
भारतीय वैश्य परिवार महासंघ की महिला ईकाई द्वारा बच्चो के बोद्धिक विकास के लिए करायी गयी। चित्रकला व क्राफ्ट प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल डॉ अंशु अग्रवाल, कुमुद खेमका व डॉ भावना जैन ने एकमत होकर निर्णय लेते हुए चित्रकला में येशा अग्रवाल प्रथम ,भव्या तायल द्वितीय, बाल ग्रुप में विहान रस्तोगी प्रथम, प्रत्यक्ष गर्ग व सारांश गर्ग को द्वितीय व ह्रदवी माडला तृतीय स्थान के लिए चुने गया, क्राफ्ट प्रतियोगिता में नित्या को प्रथम, येशा अग्रवाल द्वितीय, येशा अग्रवाल तृतीय, शिवांश गर्ग चतुर्थ स्थान के लिए चुना गया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ अंशु अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगिताए विद्यार्थियों के विकास के लिए जरूरी है। कार्यक्रम सह संयोजिका कुमुद खेमका ने कहा कि जीवन में चित्रकला का बहुत महत्व है। साथ ही हर विद्यार्थी को क्राफ्ट की जानकारी गृह उपयोगी होगी है। संगठन की राष्ट्रीय संरक्षक डॉ सरिता अग्रवाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने सभी विजेताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। सभी को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ अंशु अग्रवाल, कुमुद खेमका, रिची गर्ग, रूचि बंसल, डॉ भावना जैन,सोनल विश्नोई, शालीनि गोयल, मोनिका गोयल, शालू गुप्ता, निधि गुप्ता आदि का सहयोग रहा।



# रटौल मे कांग्रेसियो ने एसआईआर को लेकर की मीटिंग

**समाज जागरण खेकड़ा ।**
रटौल नगर पंचायत मे सभासद-सभासद अध्यक्ष निजारत राजपूत के आवास पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप के नेतृत्व मे एसआईआर को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे सभी को एसआईआर फॉर्म भरने को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप, सभासद-सभासद अध्यक्ष निजारत राजपूत, खेकड़ा ब्लॉक अध्यक्ष सुनील त्यागी, मास्टर महबूब सभासद कांग्रेस जिलाध्यक्ष विचार विभाग, राशिद, इकराम, दानिश, नेता हारून, युसूफ, इरफान, शाहिद, तालिब, इमामुद्दीन, तस्लीम, निसार आदि लोग मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचे उद्यमी ने पलायन की अनुमति मांगी

--मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर एक अधिकारी पर ढाई लाख की रिश्वत मांगने ओर लाइसेस ना बनाने का आरोप लगाया

**समाज जागरण खेकड़ा ।**
जनपद में न्याय की उम्मीद लेकर दफ्तरों के चक्कर लगाकर हारा उद्यमी मुख्यमंत्री की शरण में पहुंचा। मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर रिश्वत मांगने वाले अधिकारी की शिकायत की। फैक्ट्री का लाइसेंस बनवाने की मांग की। मांग के पूरी ना होने पर मुख्यमंत्री से पलायन करने की अनुमति मांगी। सरकार एक तरफ तो उद्योग धंधों को बढ़ावा देना चाहती है। वहीं दूसरी तरफ उसके मातहत उद्यमियों को खामियों के लिए परेशान करते है। हालात ये है की उद्यमी दफ्तरों के चक्कर लगाकर परेशान हो चुके है। न्याय ना मिलने पर उन्हें मुख्यमंत्री की शरण में जाना पड़ रहा है। ऐसे ही हालात से गुजर रहा एक उद्यमी विशाल ग्रोवर भी अब मुख्यमंत्री की शरण में पहुंच गया है। विशाल ग्रोवर ने मुख्यमंत्री के दरबार में एक शिकायती पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। उसने कहा कि उसने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमियों को लाने की मुहिम में वह भी हरियाणा से यूपी आ गया। उसने दो करोड़ की लागत से फैक्ट्री का निर्माण किया। उसके बाद लाइसेंस के लिए एप्लाई किया। आयुष विभाग की एक चिकित्साधिकारी ने उससे दो लाख रुपए की रिश्वत मांगी। लेकिन रिश्वत ना देने पर उसने उसका लाईसेंस नहीं बनने दिया। लाइसेंस बनवाने के लिए करीब डेढ़ साल से वह निरन्तर प्रयास कर रहा है।जनपद के आला अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा चुका है। जिसकी जांच में जांच टीम ने कार्य में स्थिलता पाई। लेकिन उसके बाद भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि उक्त अधिकारी का दूसरे जनपद में स्थानांतरण भी हो चुका है। लेकिन अधिकारियों की मेहरबानी के चलते वह जिले में कार्यरत है। पीड़ित उद्यमी ने उसकी फैक्ट्री का लाइसेंस बनवाने, रिश्वत मांगने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मांग के पूरी ना होने पर मुख्यमंत्री से पलायन की अनुमित मांगी।

# आवारा कुत्तों के हमले से दर्जनों घायल, मासूम बच्ची की हालत गंभीर

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
नगर एवं क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है आवारा कुत्तों के हमले से लगातार महिला पुरुष व बच्चे चोटिल हो रहे हैं। और अपनी जान भी गवा रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारी आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं मंगलवार को आधा दर्जन महिला पुरुष व बच्चों पर आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। सभी घायलो ने अपना सरकारी अस्पताल में उपचार कारया है डॉक्टरों ने एक मासूम बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली अस्पताल रेफर किया है। नगर एवं क्षेत्र में बीते कई माह से लगातार क्षेत्रवासी आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान हैं। आवारा कुत्तों के हमले से बीते दिनों एक व्यक्ति एक किशोर की मौत हो चुकी है और सैकड़ो लोग चोटिल हुए हैं दर्जनों लोगों का सरकारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। आवारा कुत्ते आए दिन सड़क से गुजर रहे महिला पुरुष व बच्चों पर हमला कर चोटिल कर रहे हैं। मंगलवार को गांव भारसी निवासी हिमांशु,मखमूलपुर निवासी रामपाल सिंह, गंगेरू निवासी महिला दिव्यांशी शर्मा व राशिद, ढुढार निवासी रिंकू,, कस्बा निवासी आजम और आजाद सहित गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी मासूम बच्ची तन्हा पर आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों ने सरकारी अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार कराया डॉक्टर ने एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाकर सभी को आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी। डॉक्टरों ने मासूम बच्ची तन्हा की गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर किया है। सभी पीड़ितों ने प्रशासनिक अधिकारियों से आवारा कुत्तों पर लगाम लगाने की मांग की है।



# गांजा तस्करी में यामीन को 3 साल की सजा

-- बागपत कोर्ट ने २० हजार का लगाया जुमार्ना, 7 साल बाद आया फैसला

**समाज जागरण बागपत।**
न्यायालय ने गांजा तस्करी के एक मामले में यामीन पुत्र इमामुद्दीन को 3 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह मामला साल 2018 में बागपत कोतवाली में दर्ज किया गया था। यामीन को 2018 में पुलिस ने 1 किलो 100 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। तभी से यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था। सभी उपलब्ध सबूतों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने यामीन को दोषी पाया। यामीन शहर कोतवाली क्षेत्र के लधवाड़ी गांव का निवासी है। एडीजीसी दीपक शर्मा ने बताया कि न्यायालय ने सभी साक्ष्यों पर विचार करने के बाद यामीन को गांजा तस्करी का दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई है।


श्री दीपक शर्मा एडीजीसी जनपद बागपत

# अवैध संबंध के शक में पति द्वारा विवाहिता से मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**
विवाहित पुत्री के साथ मारपीट कर घर से निकालने के प्रकरण में पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर अपनी पुत्री के ससुरालयों सहित दामाद के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी रियासत पुत्र निजामुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में अपनी बेटी सना की सुरक्षा को लेकर ससुराल वालों पर कई गंभीर लगाए हैं। पीड़ित व्यक्ति रियासत ने बताया कि, करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उनकी पुत्रो सना का विवाह कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी सैफ के साथ हुआ था। शादी के कुछ ही समय बाद सैफ के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध होने की बात सामने आई, जिसके चलते पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ता गया।पीड़ित पिता का कहना है कि अवैध प्रेम प्रसंग के चलते आरोपी दामाद आए दिन उसकी पुत्री सना के साथ मारपीट करता है। कई बार सना ने ससुराल पक्ष को इसकी जानकारी देकर पति को समझाने की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। पिता के अनुसार, अब आरोपी पति उसे घर से निकालने के साथ ही तलाक देने की धमकी भी दे रहा है। पीडित पिता ने थाने पर तहरीर देकर अपनी पुत्री के साथ हो रहे उत्पीड़न की घटनाओं पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जांच पड़ताल शुरू करते हैं।

# एंटी रोमियो का जागरूकता अभियान, महिलाओं की सुरक्षा पर दिया जोर

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
थाना क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान न केवल छेड़छाड़ में संलिप्त असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी गई, बल्कि महिलाओं को आत्मरक्षा के तरीके, कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।महिला हेड कांस्टेबल मिथिलेश, महिला हेड कांस्टेबल श्वेता और उनिरक्षक सुनील दत्त के नेतृत्व में टीम ने कस्बे के प्रमुख चौराहों, बाजारों, स्कूल-कॉलेज व कोचिंग संस्थानों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक गश्त की। संदिग्ध युवकों को सख्त चेतावनी देते हुए टीम ने कहा कि महिलाओं-बालिकाओं के साथ किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी या अशोभनीय व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।अभियान के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। साथ ही किसी भी तरह की छेड़छाड़ या परेशानी की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा अन्य आपातकालीन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराने व उनके कानूनी अधिकारों कीजानकारी देकर जाग रूक किया, ताकि कोई भी महिला या बालिका आपात स्थिति में बिना भय के पुलिस की मदद ले सके।



# डिलीवरी के दौरान हुई थी नवजात की मौत,किसान नेता ने की मुलाकात

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे की दोनों नहरों के बीच स्थित जाट कॉलोनी के एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की डिलीवरी के दौरान हुई नवजात की मौत के मामले में किसान नेता ने पीड़ित महिला के परिजनों के घर पहुंच कर मुलाकात कर हर संभव कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। कस्बे के रेलवे मार्ग स्थित जाट कॉलोनी में नवजीवन हॉस्पिटल पर विगत 19 नवंबर को मोहल्ला खेल निवासी महिला फरीन को उसके परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया था। डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत हो गई थी और महिला की हालत बिगड़ गई थी। पीड़ित परिजनों ने हंगामा करते हुए अस्पताल संचालक व स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। मामले में किसान नेता विनोद निर्वाल के नेतृत्व में परिजनों ने सीएमओ शामली से मिलकर अस्पताल संचालक व स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। विगत सोमवार को एसीएमओ अश्विनी कुमार ने अस्पताल में पहुंचकर जांच कर अस्पताल की ओटी सील कर दी थी और संचालक को नोटिस जारी किया था। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग ने ऑपरेशन करने वाले एमबीबीएस डॉक्टर पर कोई भी कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को किसान नेता विनोद निर्वाल पीड़ित महिला के आवास पर पहुंचे और महिला की हालत की जानकारी ली। किसान नेता ने पीड़ित परिजनों को हरसंभव कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।



# विकास आयुक्त (हथकरघा) ने आईएफएफआई 2025 में फैशन शो साड़ीज इन मोशनः 70एमएम ऑन रनवे प्रस्तुत किया

गोवा में आईएफएफआई रेड कार्पेट पर वस्त्र, सिनेमा और संस्कृति का शानदार प्रदर्शन

वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत विकास आयुक्त (हथकरघा) ने यहां जारी भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई), 2025 के प्रतिष्ठित रेड कार्पेट पर वस्त्र, संस्कृति और सिनेमा को साथ लाकर यहां उपस्थित प्रतिनिधियों को अपनी तरह का पहला अनुभव कराया। फैशन शो हैंडलूम साड़ीज इन मोशनः 70एमएम ऑन रनवेह्व भारतीय हथकरघा को समर्पित एक सामाजिक उद्यम था। दो बार प्रदर्शित की गई इस 15 मिनट की प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय सिनेमा के सफर से रूबरू कराया और एक-एक साड़ी के माध्यम से इसके इतिहास को दिखाया। हर दृश्य को अलग-अलग सिनेमाई दौर के संगीत पर तैयार किया गया था और रनवे पुराने समय की यादों, कला कौशल और साड़ी की कालातीत सुंदरता का एक चलता-फिरता उत्सव बन गया। इस कार्यक्रम में आईएफएफआई के प्रतिनिधियों और फिल्मी हस्तियों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें भारत के सबसे प्रतिष्ठित परिधान साड़ी के जरिए सिनेमा के विकास को फिर से दिखाया गया। 1940 के दशक की लहराती साड़ियों के अंदाज से लेकर 2020 के दशक के आधुनिक, प्रयोगधर्मी परिधान तक, साड़ियों के इन अलग अलग अंदाजों, उनसे जुड़े विचारों और यादों से रेड़ कार्पेट जीवंत हो उठा और ये दृश्य छह गज की हैंडलूम विरासत के माध्यम से रचे गए। हर लहराती साड़ी और उसकी प्लीट भारतीय सिनेमा के विकास को दिखाया, जो खूबसूरत नायिकाओं के दौर, 70 के दशक की विद्रोही नायिकाओं के दौर, 90 के दशक की रोमांटिक तथा आज के समय के ग्लैमर के दौर में वापस ले गई। देश के विभिन्न हिस्सों से संग्रहित 40 से अधिक हैंडलूम साड़ियों को इस फैशन शो में प्रदर्शित किया गया, जैसे छत्तीसगढ़ की टसर सिल्क, जम्मू-कश्मीर की इकट पश्मीना साड़ी, उत्तर प्रदेश की बनारसी बुटीदार साड़ी और मुबारकपुर लच्छा बुटा साड़ी, मध्य प्रदेश की चंदेरी, छत्तीसगढ़ की गीचा सिल्क, आंध्र प्रदेश की वेंकटागिरी साड़ी और केरल की कुथम्पुल्ली साड़ी। इन साड़ियों में से कुछ में पुरस्कार विजेता कलाकारों ने हाथ से रंग भरे थे, जिसमें विभिन्न कला रूपों जैसे राजस्थान की पिचवाई, ओडिशा की पट्टचित्र, महाराष्ट्र की वारली, आंध्र प्रदेश की पेन-कलमकारी, बिहार की मधुबनी, झारखंड और मध्य प्रदेश की गोंडा एवं भील कला और ऐसे ही दूसरे इलाकों की कला के अलग-अलग रूप दिखाए गए। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड (एनएफडीसी) के प्रबंध निदेशक प्रकाश मगदुम ने इस फैशन शो के बारे में कहा, आईएफएफआई हमेशा से एक ऐसा मंच रहा है जो हर तरह की रचनात्मकता का जश्न मनाता है। इस वर्ष, मुख्य रेड कार्पेट पर हैंडलूम-प्रधान फैशन शो आयोजित करना भारत की सांस्कृतिक गहराई और सिनेमा एवं शिल्प कौशल के शक्तिशाली सम्मिलन को उजागर करता है। साड़ीज इन मोशन ने भारत के सार को खूबसूरती से दिखाया है, जो नवोन्मेषी, अपनी जड़ों से जोड़ने वाली और दुनिया भर में प्रसिद्ध है।
हमें ऐसे प्रयासों का समर्थन करते हुए गर्व महसूस होता है, जो हमारी कलात्मक विरासत का सम्मान करते हैं और नयी कहानियों को प्रेरित करते हैं। इस मौके पर विकास आयुक्त (हथकरघा) डॉ. एम बीना ने कहा, परंपरा से जुड़ी, साड़ी एक फैशन स्टेटमेंट और एक दर्शन है - यह कला का दर्शन, ग्रामीण आजीविका का दर्शन है।

# इफ्फी के सदस्यों ने प्रेस वार्ता में 'व्हिसपर्स ऑफ द माउंटेंस' पर ध्यान आकृष्ट किया

इफ्फी का सिनेमा का औपचारिक उत्सव 'थुदारम' के साथ जारी रहेगा

56वें इफ्फी डायरी में दोनों फिल्मों के कलाकारों और क्रू के बीच वातार्लाप दर्ज किए गए 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के छठे दिन, दर्शकों को 'व्हिसपर्स ऑफ द माउंटेंस' के पीछे की कहानियों को सुनने का मौका मिला, जब निर्देशक जिगर नागदा और निमार्ता जितेंद्र मिश्रा गोवा के प्रेस वार्ता हॉल में मीडिया से रूबरू हुए। यह उत्साह तब और बढ़ गया जब मलयालम फिल्म 'थुदारम' (आगे जारी रहेगी) के निर्देशक थारुण मूर्ति, निमार्ता एम. रंजीत और कार्यकारी निमार्ता अवंतिका रंजीत भी इसी कार्यक्रम में शामिल हुए।
अपने उद्घाटन भाषण में निर्देशक जिगर नागदा ने बताया कि कोविड के दौरान राजस्थान में अपने घर पर बिताए समय ने उन्हें इस क्षेत्र में 'खनन के बढ़ते आर्थिक प्रभाव' को समझने का मौका दिया। किंतु इसके साथ इस बात का भी एहसास हुआ कि लोग इतने भारी खनन के कारण होने वाले पर्यावरणीय क्षरण के दीर्घकालिक प्रभाव से कैसे अनभिज्ञ हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि इसी विषय पर एक वृत्तचित्र बनाने के बाद, उन्हें फीचर शैली के माध्यम से भी लोगों का ध्यान आकर्षित करने की इच्छा हुई। निमार्ता जितेंद्र मिश्रा ने "आई एम कलाम" से अपने फिल्मी सफर की शुरूआत को याद किया और क्षेत्रीय सिनेमा के प्रति अपने पुराने आकर्षण को साझा किया। उन्होंने बताया कि नागदा की अनूठी कला और कथात्मक संवेदनशीलता ने ही उन्हें अंततः इस फिल्म का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। निर्देशक थारुण मूर्ति ने 'थुदारम' की अपनी शुरूआती पंक्ति के माध्यम से मंच का माहौल तैयार करते हुए कहा, "एक नागरिक होने के नाते, मैं अपनी कला के माध्यम से अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए बाध्य महसूस करता हूं। मुझे सिनेमाई मनोरंजन के साथ सामाजिक चिंतन का मिश्रण पसंद है।"
कार्यकारी निमार्ता सुश्री अवंतिका ने बताया कि थुडारम की कहानी उनके प्रोडक्शन हाउस तक 12 साल पहले पहुंची थी, लेकिन उन्होंने इसे साकार करने के लिए सही निर्देशक का इंतजार किया। थारुण की पहली फिल्म देखने के बाद ही उनके पिता - निमार्ता एम. रंजीत उनके विजन से इतने प्रभावित हुए कि आखिरकार इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया। उन्होंने मुस्कुराते हुए बताया कि उनके पिता और निर्देशक, दोनों ही मोहनलाल के सबसे बड़े प्रशंसकों में से हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए श्री मूर्ति ने कहा, "हमारी ताकत भावनाओं में है। भव्य दृश्यों या बड़े बजट में नहीं, बल्कि उन किरदारों में जिनके साथ हम सचमुच जीते हैं। यही बात फिल्म को वैश्विक स्तर पर जुड़ने में मदद करती है, भले ही इसका बजट बड़े उद्योगों के बजट का एक छोटा सा हिस्सा हो। सिर्फ मलयाली ही नहीं, बल्कि हर जगह के दर्शक अब बड़े-बड़े चित्रणों के बजाय जमीनी, ईमानदार कहानी कहने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। और, यही वह क्षेत्र है जिसे हम आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं।"
निर्देशक नागदा ने सत्र का समापन एक टिप्पणी का जवाब देते हुए किया, "मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मेरी फिल्म की तुलना माजिद मजीदी के काम से की जा रही है। मैंने उनके माध्यम से विश्व सिनेमा – बरन, द विलो ट्री और कई अन्य फिल्में देखी, जो मेरे स्कूल की पसंदीदा फिल्में बन गईं। ईरानी सिनेमा ने कहानी कहने के मेरे नजरिए को आकार दिया और इसका ताना-बाना स्वाभाविक रूप से मेरी फिल्म में भी समाहित है। लॉन्ग शॉट्स के प्रति मेरा प्रेम भी उसी प्रभाव से उपजा है। भारत में यह कोई व्यापक रूप से प्रचलित शैली नहीं है, लेकिन मेरे लिए, लॉन्ग टेक में सबसे सरल गति भी भावनात्मक अर्थ रखती है। मैं आभारी हूं कि आपने इस पर ध्यान दिया।"




**'व्हिसपर्स ऑफ द माउंटेंस' का सारांश**

अरावली की कठोर सुंदरता में रची-बसी यह फिल्म सिलिकोसिस से जूझ रहे एक पिता और खनन से तबाह हुए पहाड़ों के लिए विलाप करते एक बेटे की कहानी है। जैसे-जैसे लड़के के छोटे-छोटे उपचार परिवार के जीवित रहने के संघर्ष से टकराते हैं, उनकी कहानी प्रेम, क्षति और मनुष्य तथा पृथ्वी के बीच के नाजुक बंधन का एक मार्मिक प्रतिबिंब बन जाती है।

**'थुडारम' का सारांश**

रन्नी की शांत पहाड़ियों में, पूर्व फाइट कोरियोग्राफर षणमुगम, जिन्हें प्यार से बेंज कहा जाता है। वे अपने परिवार और अपनी प्यारी काली एम्बेसडर के साथ एक शांत जीवन जी रहे हैं। लेकिन जब तीन पुलिसवाले उन्हें एक भयावह कवर-अप में घसीट लेते हैं, तो उनकी शांत दुनिया बिखर जाती है। इसके बाद एक ऐसे परिवार की दिलचस्प कहानी सामने आती है जो डर, विश्वासघात और एक-दूसरे को थामे रखने की जद्दोजहद में अपनी हदें पार कर चुका है।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस देखने के लिए लिंकः आईएफएफआई के बारे में**

1952 में स्थापित, भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) दक्षिण एशिया में सिनेमा के सबसे पुराने और सबसे बड़े उत्सव के रूप में प्रतिष्ठित है। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) और गोवा सरकार के तहत एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा (ईएसजी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह महोत्सव एक वैश्विक सिनेमाई महाशक्ति के रूप में विकसित हो गया है। यहां पुनर्स्थापित क्लासिक फिल्में साहसिक प्रयोगों से मिलती हैं और दिग्गज कलाकार निडर पहली बार आने वाले कलाकारों के साथ मंच साझा करते हैं। इफ्फी को वास्तव में शानदार बनाने वाला इसका अद्भुत सम्मिश्रण है, यानी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रदर्शन, मास्टरक्लास, श्रद्धांजलि और ऊर्जावान वेव्स फिल्म बाजार, जहां विचार, सौदे और सहयोग उड़ान भरते हैं। 20 से 28 नवंबर तक गोवा की आश्चर्यजनक तटीय पृष्ठभूमि में आयोजित, 56वां इफ्फी भाषाओं, शैलियों, नवाचारों और आवाजों की एक चकाचौंध श्रृंखला का वादा करता है।

# वी वन विभाग की पर्यावरण को क्षति पहुंचाने की कार्रवाई के खिलाफ ग्रामीणों ने सांकेतिक सड़क जाम व विरोध धरना दे और हवन कर जताया रोष

**पर्यावरण प्रेमी महावीर चहल ने बताया कि गोकलपुरा का मकडाना जोहड़ सदियों तक नवाब व राजस्व विभाग को बेस कीमती भू-लगान चुकता कर गांव के बुजुर्गों ने चारागाह के रूप में रखा था**

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 25 नवंबर। बहल के निकटवर्ती गांव गोकलपुरा में स्थापित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पोषक अनाज अनुसंधान केंद्र प्रशासन वी वन विभाग की पर्यावरण को क्षति पहुंचाने की कार्रवाई के खिलाफ ग्रामीणों ने सांकेतिक सड़क जाम व विरोध धरना दे और हवन कर रोष जताया गया। वन विभाग व स्थापित अनाज अनुसंधान केंद्र प्रशासन के खिलाफ 10 दिसंबर को बड़े प्रदर्शन व भावी रणनीति पर विचार करने के लिए महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पर्यावरण प्रेमी एवं आज के प्रदर्शन के अध्यक्ष महावीर चहल ने दी। महावीर चहल ने बताया कि गोकलपुरा का मकडाना जोहड़ सदियों तक नवाब व राजस्व विभाग को बेस कीमती भू-लगान चुकता कर गांव के बुजुर्गों ने चारागाह के रूप में रखा था। जिस पंचायत न प्रति एकड़ प्रति वर्ष मात्र एक रूपया की पट्टे की दर पर 99 वर्षों के लिए कृषि विश्वविद्यालय को बर्बाद करने के लिए दे दिया। जोहड़ में सदियों पुराने प्रतिबंध वृक्ष जाल कैर व खैर जाटी आदि को अवैध रूप



से बिना अनुमति के काट व उखाड़ कर तहस-जस किया जा रहा है। ग्रामीण इसको बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। बावजूद इसके वन विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है और ना ही कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन पेड़ों को उखाड़ने से गुरेज कर रहा है। महावीर चहल ने बताया कि सड़क किनारे के पेड़ के काटने पर वन विभाग एक पेड़ की कटान पर हजारों रुपए का जुमार्ना करता है और मकडाना जोहड़ में अनुसंधान केंद्र पेड़ उखड़ता है तो उसका दंड मात्रा 3500 रूपए जुमार्ना करता है। इससे लगता है कि वन विभाग के अधिकारी और अनुसंधान केंद्र प्रशासन आपसी मिलीभगत करके पर्यावरण को जिस कदर क्षति पहुंचा रहा है। इसको लेकर जिला प्रशासन व सरकार भी मौन है।

एक जाल व कैर के पेड़ को तैयार करने में सदी गुजर जाती है। जब जाकर कहीं एक पेड़ तैयार होता है। ऐसे पेड़ों को रात के अंधेरे में बिना अनुमति जेसीबी की मदद से उखाड़ कर फेंक दिया जाता है। पेड़ों के उखाड़ने से किस कदर जीव, जंतु, पशु पक्षी की आत्मा को गहरी ठेस पहुंचती है। यह समझने को लेकर प्रशासन इन्हीं के साथ खड़ा दिखाई देता है। लेकिन पेड़ों को उखाड़ कर फेंकने और कटवाने वालों का पर्यावरण के प्रति कोई लगाव नहीं है और ना ही नियम कानून कायदों की कोई परवाह। ऐसे में पेड़ों को काटने से रोकने के लिए गोकलपुरा और क्षेत्र के लोग बड़ा आंदोलन करेंगे। इसके लिए प्रदेश व दूसरे राज्यों के पर्यावरण संगठनों, किसान संगठनों, पंचायत, सामाजिक संस्थाओं को शामिल करने का अभियान चलाया जाएगा और बड़े लेवल पर आंदोलन चलाकर दिल्ली तक भी जाना पड़ेगा तो लोग पीछे नहीं हटेंगे। 10 दिसंबर की महापंचायत में हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी तक मामले को ले जाने पर गंभीरता से विचार होगा।

इस मौके पर सुरेंद्र सिंह खिचड़ पंच ग्राम पंचायत गोकलपुरा , प्रदीप कादियान , फौजी हनुमान महिला, पवन शिलायच, बाबा नोमीनाथ , बाबा बलबीर गिरी समुंद्र नाथ, राजकुमार वशिष्ठ, रामफल पूनिया, अशोक शिलायच, राजपाल सांगवान, धर्मवीर पूनिया, प्रवीण काला, कृष्ण श्योराण, विजय पूनिया, राजेश काजल, प्रदीप खिचड़, योगी करण सिंह जोगी, राजपाल कटारिया, धन सिंह कटारिया, जगदीश भगत व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# फिरोजपुर मंडल ने 16 रेल कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो,25 नवंबर :फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में मंगलवार को कहा कि फिरोजपुर मंडल में सितम्बर एवं अक्टूबर माह की अवधि के दौरान सुरक्षित रेल संचालन में योगदान देने वाले 16 रेलकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहा गया और अपनी सूझबूझ व तत्परता से रेल संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उनको संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मंडल के विभिन्न विभाग के कर्मचारियों की सजगता, सतर्कता और सुरक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाती है।



श्री लखबीर सिंह ट्रैक मैंटेनर-क्कक्क श्री हरकेश मीणा ट्रेन मेनेजर, श्री धरम सिंह मीणा ट्रेन मेनेजर, श्री पिंटू कुमार कांटेवाला, श्री रमेश चन्द्र मीणा कांटेवाला, श्री करणवीर सिंह टीटीआई, श्री अर्पित कुमार टीटीआई, श्री रमेश चंद मीणा तकनीशियन-क्क श्री परवीन कुमार स्टेशन मास्टर, श्री संजीव कुमार लोकोपायलट, श्री सतीश कुमार तकनीशियन-क् श्री ललित कुमार शर्मा ट्रेन मेनेजर, श्री गगनदीप स्टेशन मास्टर, श्री आदित्य कुमार तकनीशियन-क्क श्री अंकुर ढाका स्टेशन मास्टर और श्री नवीन कुमार गेटमैन को ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, पटरियों के रखरखाव तथा यात्रियों की सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने कहा कि यह सम्मान इन कर्मचारियों के अच्छे कार्य एवं प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे प्रेरित होकर मंडल के अन्य कर्मचारी भी प्रेरित होंगे तथा सजगता से ड्यूटी का अनुपालन करेंगे। इसी तरह, भविष्य में भी फिरोजपुर मंडल में सुरक्षा मानकों को बनाए रखने की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री नितिन गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रंजना सहगल, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री रोहित वर्मा, वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/ टीआरडी श्री जीतराम, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता श्री भूपेंद्र, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री गुरुशरण पाठक, वरिष्ठ मंडल अभियंता-क्कक्क श्रीमती नवलप्रीत कौर तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दिल्ली से श्री आनंदपुर साहिब के लिए 'सीस मार्ग नगर कीर्तन' शुरू किया

## नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, अलग-अलग जगहों पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो, 25 नवंबर :नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत की 350वीं शताब्दी के मौके पर, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने आज भाई जैता जी के श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का शीश दिल्ली से श्री आनंदपुर साहिब लाने की याद में गुरुद्वारा सीस गंज साहिब दिल्ली से श्री आनंदपुर साहिब के लिए ह्यसीस मार्ग नगर कीर्तनह्न शुरू किया। यह नगर कीर्तन उन जगहों से होते हुए श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगा, जहां भाई जैता जी नौवें गुरु जी का शीश ले जाने के बाद रुके थे। खालसाई जाहो जलाल के साथ शुरू हुए नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और



नौवें गुरु को श्रद्धांजलि दी। नगर कीर्तन का पहला पड़ाव गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवी तरावड़ी में होगा, जहाँ से 26 नवंबर को यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा सीस गंज साहिब अंबाला के लिए रवाना होगा। इसी तरह, 27 नवंबर को गुरुद्वारा सीस गंज साहिब अंबाला गुरुद्वारा श्री नाभा साहिब जीरकपुर और 28 नवंबर को गुरुद्वारा श्री नाभा साहिब जीरकपुर गुरुद्वारा बिबांगड़ साहिब कीर्तनपुर साहिब पहुँचेगा, जहाँ एक बड़ा गुरमत समागम होगा। 29 नवंबर को यह ऐतिहासिक नगर कीर्तन गुरुद्वारा बिबांगड़ साहिब से पैदल गुरुद्वारा सीस गंज साहिब, श्री आनंदपुर साहिब तक जाएगा। इसमें पाँचों तख्त साहिबों के जत्थेदार, दल पंथ, टकसाल, सिख पंथ, पंथ के प्रतिनिधि संगठन और जानी-मानी हस्तियाँ हिस्सा लेंगी। आज नगर कीर्तन का अलग-अलग पड़ावों पर श्रद्धालुओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में, एस.जे.एस, मोटर्स हापुड़ के सरदार ध्यान सिंह और उनके परिवार ने नगर कीर्तन का गर्मजोशी से स्वागत किया और लंगर का इंतजाम किया। नगर कीर्तन में शामिल निहंग सिंह सेनाओं ने गतका का हुनर भी दिखाया। नगर कीर्तन आरंभ होने के अवसर पर दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना, मनजीत सिंह जीके, शिरोमणि कमेटी सदस्य गुरमिंदर सिंह मठारू, परमजीत सिंह राणा, सुरिंदर सिंह, करतार सिंह चावला, तेजिंदर सिंह, रमनदीप सिंह, जतिंदर सिंह, सतनाम सिंह खालसा, अमरीक सिंह, जतिंदर सिंह, गुरमीत सिंह शेट्टी, बाबा मेजर सिंह सोढ़ी, बाबा बलदेव सिंह वल्लाह, बाबा बलदेव सिंह मुस्तफापुर, बाबा सतनाम सिंह खापरखेड़ी, बाबा परगट सिंह मजीठा रोड, बाबा जसपाल सिंह मुक्तसर, बाबा कश्मीर सिंह बटाला, धर्म प्रचार कमेटी के अतिरिक्त सचिव बिजय सिंह, इंचार्ज मलकीत सिंह, प्रचारक व मॉनिटर भाई बलवंत सिंह एनोकोट, सिख मिशन दिल्ली के इंचार्ज मनमीत सिंह, जसबीर सिंह लोंगोवाल, हरियाणा सिख मिशन के इंचार्ज सुखविंदर सिंह, यूपी सिख मिशन हापुड़ के बृजपाल सिंह बड़ी संख्या में भक्तों के साथ मौजूद थे। शिरोमणि गुरुद्वारा द्वारा सीस मार्ग नगर कीर्तन दिल्ली से श्री आनंदपुर साहिब के लिए आरभ का दृश्य।

# गरीबों की सेवा करना उत्तम कार्य :डी.एस.पी.ने इकबाल सिंह संधू किया भोजन वितरण

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो ,25 नवंबर :इलाके की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था लायन क्लब जैतो गंगसर द्वारा संचालित लायन आई केयर सेंटर जैतो जो कि हर रविवार को स्वास्थ्य विभाग की मंजूरी से किसी शहर या गांव में निशुल्क आई चेकअप कैंप लगाता है। इसी कड़ी के तहत गत दिवस लायन क्लब मलोट रेडीयंट के सहयोग से विशाल आईं चेकअप कैंप लगाया। लायन आई केयर सेंटर जैतो के चेयरमैन लायन राकेश रोमाना और कैम्प चेयरमैन लायन नरेश मित्तल ने बताया कि इस कैम्प में डा.अकरीती सिंगला और उनकी टीम प्रियंका यादव, सिमरन कौर, सुखबीर सिंह, अंजना कुमारी, डिम्पल ने 738 मरीजों को चैक करने के बाद 146 मरीजों को आपरेशन के लिए चुना



गया। सरकार की हिदायत अनुसार 25-25 आपरेशन हर रोज किए जा रहे हैं। बीते दिनों किए आपरेशन वाले मरीजों को रात्रि भोजन वितरण करने के लिए जैतो सब डिवीजन के डी.एस.पी.इकबाल सिंह संधू जी विशेष तौर पर पहुंचे। हस्पताल पहुंचने पर जोन चेयरपर्सन लायन भूषण रोमाना और प्रधान लायन कुलभूषण महेश्वरी ने उनका स्वागत किया। माननीय डीएसपी साहिब ने सभी मरीजों का कुशलक्षेम पूछने के बाद भोजन वितरण किया। क्लब के सचिव लायन मनू गोयल ने उनको हस्पताल संबंधी जानकारी दी। अपने सम्बोधन में डीएसपी साहिब ने क्लब द्वारा किए जा रहे लोग भलाई कार्यों की बहुत प्रशंसा की और अपनी और से संस्था को हर सहयोग देने का बादा किया। अंत में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा डीएसपी साहिब को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर हस्पताल के लेखाकार श्री रमेश कुमार शर्मा भी मौजूद थे।

# संदीप कौर ने यूनिवर्सिटी स्तर पर इंटर-जोनल यूथ फेस्टिवल में कविता मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल किया

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 25 नवंबर : यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो की बी.एससी पार्ट क्कक्की छात्रा संदीप कौर ने इंटर-जोनल यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेते हुए कविता सुनाने के कॉम्पिटिशन में तीसरा स्थान हासिल किया है। पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में हुए इस कॉम्पिटिशन में संदीप कौर ने डॉ.आत्मा राही की कविता 'अतना दी गाथा' पेश की। इससे पहले जोनल स्तर पर पहला स्थान हासिल करके इंटर-जोनल स्तर पर हिस्सा लेने के लिए एलिजिबल हुई। इस छात्रा की तैयारी पोस्ट ग्रेजुएट पंजाबी डिपार्टमेंट की हैड प्रो. गुरजीत कौर ने करवाई थी और एडमिनिस्ट्रेटिव सपोर्ट यूथ कोऑर्डिनेटर डॉ.सुभाष चंदर, प्रो. अमनदीप कौर और प्रो. सीमा ने दिया। कॉलेज इंचार्ज डॉ.सम्राट खन्ना, सीनियर फैकल्टी मैंबर डॉ.परमिंदर सिंह तगड और प्रो. शिल्पा कांसल के अलावा पूरे स्टाफ ने स्टूडेंट और इवेंट इंचार्ज को बधाई दी है।



संदीप कौर छात्रा जिसने यूनिवर्सिटी स्तर की कविता प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया।

# लाखों श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ के बाद बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद

**(पराशर, समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,25 नवंबर : बद्रीनाथ धाम के कपाट आज मंगलवार 25 नवंबर 2025 को दोपहर 02:56 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। हर साल सर्दियों में भारी बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण मंदिर के कपाट लगभग छह महीने के लिए बंद कर दिए जाते हैं। इस अवधि के दौरान, भक्त भगवान बद्री विशाल की पूजा उनके शीतकालीन निवास, जोशीमठ के नरसिंह मंदिर में कर सकते हैं। इस वर्ष की चारधाम यात्रा बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही समाप्त हो गई है। गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट पहले ही बंद हो चुके हैं।बद्रीनाथ धाम का हिंदू धर्म में अत्यधिक धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। इसे सबसे पवित्र तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है ।इसकी प्रमुख विशेषताएं और महत्व के बारे में कहा गया है कि चार धामों में से एक बद्रीनाथ उत्तराखंड के प्रसिद्ध चार धामों (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री) में से एक है। इन सभी तीर्थों की यात्रा करना मोक्ष (मुक्ति)



प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण तरीका माना जाता है।भगवान विष्णु का निवास माना जाता है। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है, जिन्हें यहाँ "बद्री नारायण" के रूप में पूजा जाता है ।यह भी माना जाता है कि भगवान विष्णु ने इस स्थान पर कई वर्षों तक ध्यान किया था।सप्त-बद्री तीर्थ बद्रीनाथ मुख्य सप्त-बद्री तीर्थों में से एक है।आदि शंकराचार्य से संबंधः माना जाता है कि 8वीं शताब्दी में संत आदि शंकराचार्य ने इस मंदिर की स्थापना की थी और यहाँ से बहने वाली अलकनंदा नदी से भगवान विष्णु की शालिग्राम शिला की मूर्ति को पुनः प्राप्त किया था। पवित्र तप्त कुंड मंदिर के पास स्थित "तप्त कुंड" एक प्राकृतिक गर्म पानी का झरना है, जिसमें स्नान करना अत्यंत पवित्र माना जाता है।भक्तों का मानना है कि इस कुंड में स्नान करने से सभी पाप धुल जाते हैं । इस विश्वास को लेकर ही श्रद्धालु कुंड में स्नान करते हैं।

देश विदेश के लोगों में इस धाम के प्रति अथाह धार्मिक आस्था है ।हर साल, सर्दियों में मंदिर के कपाट बंद होने से पहले और गर्मियों में खुलने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ दर्शन के लिए आते हैं, जिससे इस स्थान की दिव्यता और महत्व साबित होता है । कुल मिलाकर, बद्रीनाथ धाम हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए आस्था का एक प्रमुख केंद्र है और उनकी धार्मिक यात्रा में एक विशेष स्थान रखता है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गीता स्थली ज्योतिसर में पंचजन्य स्मारक का किया उद्घाटन

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महाभारत अनुभव केन्द्र का किया अवलोकन

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**

कुरूक्षेत्र , 25 नवम्बर – प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गीता स्थली ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में मंगलवार को महाभारत अनुभव केन्द्र परिसर में भगवान श्री कृष्ण जी के पवित्र शंख पंचजन्य पर आधारित पंचजन्य स्मारक का उद्घाटन किया। साथ ही, प्रधानमंत्री ने अनुभव केन्द्र का अवलोकन भी किया। इस मौके पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि महाभारत के युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने न्याय और धर्म के साथ खड़े होकर दिव्य पंचजन्य शंख से ही शंखनाद किया था। उन्नत वैदिक शैली के वैदिका पर स्थापित स्वर्णिम शंख पवित्रता, साहस और धर्म की विजय का



प्रतिक है। यह पंचजन्य भारत के सनातन संदेश धर्म और दिव्य ज्ञान की याद दिलाता है। इस पर श्रीमद्भगवद् गीता के 18 श्लोक अंकित किए गए हैं।

उद्घाटन उपरान्त प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल प्रो0 असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने महाभारत अनुभव केन्द्र का अवलोकन किया और गीता की पावन धरा को नमन किया। उन्होंने महाभारत अनुभव केंद्र में स्वागत कक्ष, महाकाव्य का सृजन कक्ष, प्राचीन महाभारत, कुरु वंशावली, द्रोपदी स्वयंवर, भगवान श्री कृष्ण का विराट स्वरूप, गीता श्लोक, कृष्ण भूमिका, कुरुक्षेत्र 48 कोस, दशव अवतार सहित अन्य कक्षों का भी अवलोकन किया।

# एक सीट पर 40 का नियम हटाओ साक्षात्कार में सभी योग्य उम्मीदवारों को बुलाओ

## दिल्ली विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षक-शोधार्थियों का आंदोलन सातवें दिन भी रहा जारी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों और शोधार्थियों का आंदोलन मंगवार को भी लगातार सातवें दिन जारी रहा। विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर स्थिति कला संकाय के गेट नंबर-4 पर अतिथि शिक्षकों और शोधार्थियों का यह धरना शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है और विश्वविद्यालय प्रशासन की चुप्पी के कारण इनमें आक्रोश दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बिना टेंट, दरी और पानी के भी आंदोलनकारी अपनी मांग को विश्वविद्यालय प्रशासन तक पहुंचाने के लिए डटे हुए हैं। लेकिन प्रशासन है कि एक सीट पर 40 का नियम अभी नहीं हटा पाया है। इस नियम के चलते शिक्षक, शोधाथीर्यों को जबरदस्ती साक्षात्कार से बाहर किया जा रहा है। इनमें अधिकांश वे योग्य अभ्यर्थी हैं जो विश्वविद्यालय से संबद्ध



महाविद्यालयों में अध्यापन कर चुके हैं या कर रहे हैं तथा किसी न किसी रूप में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रक्रिया और अनुसंधान से जुड़े हैं।

आंदोलनकारियों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी संवैधानिक मांगों को न सिर्फ. अनदेखा कर रहा है बल्कि उन्हें शांतिपूर्ण प्रदर्शन और बैनर लगाने तक की अनुमति नहीं दी जा रही है। आज महाविद्यालयों से कई शिक्षक धरना स्थल पर आये थे उनका भी इस धरने को पूर्ण समर्थन है। महाविद्यालय के शिक्षको का कहना है कि इन अतिथि शिक्षकों और शोधार्थियों की मांग संविधान सम्मत है और जो मुख्य मांग है कि सहायक प्रोफेसर भर्ती में यूजीसी शिक्षक पात्रता नियम 2018 (कॉलेज कैडर) के अनुसार सभी योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार का अवसर दिया जाए उसका हम समर्थन करते है।विश्वविद्यालय प्रशासन ने चलती भर्ती प्रक्रिया में नियुक्ति संबंधित नियम में परिवर्तन करके यहां कार्यरत अतिथि शिक्षकों और शोधार्थियों के साथ धोखा किया है। नयी स्क्रीनिंग गाइडलाइंस में सामाजिक न्याय का तो गला ही घोट दिया है। मौलिक अधिकारों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है।

आंदोलनकारी यह भी सवाल उठा रहे हैं कि विश्वविद्यालय ने पांच हजार से अधिक नियुक्तियां करने के बाद अचानक क्यों और किस आधार पर योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से बाहर किया है। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन न तो यह स्पष्ट कर रहा है कि पूर्व में हुई नियुक्तियों में प्रशासन से कौन-सी चूक हुई और न ही यह बता पा रहा है कि चल रही भर्ती प्रक्रिया में नए नियम लागू करने की क्या मजबूरी थी।

# दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**समाज जागरण**

बादल हुसैन नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर मंगलवार को अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सेवारत शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में एक बड़ा प्रदर्शन किया है। शिक्षको की मुख्य मांग है कि संसद के शीतकालीन सत्र में टीईटी से छूट देने संबंधी संशोधित अध्यादेश पारित किया जाए।अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में देश भर के 22 राज्यो के करीब एक लाख से अधिक शिक्षक इस प्रदर्शन में शामिल हुए। और सरकार मांग न मानने पर दिल्ली घेराव का अल्टिमेटम भी दे दिया है। कहा कि एनसीटीई के गलत फैसले से 10 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे





हैं। अखिल भारतीय मोर्चा में शामिल ,(राष्ट्रीय अध्यक्ष ) विजय बन्धु ने कहा कि धरना प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, बिहार, राजस्थान, झारखंड, दिल्ली , उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, समेत अन्य राज्यों के सेवारत शिक्षक टीटीई के मुद्दे पर एक जुट हुए हैं। वहीं मो0 रिजवान उल्लाह का कहना है कि साल दर साल सेवाएं देने के बाद अचानक एक फैसले से उनकी पढ़ाने क्षमता पर सवाल उठ गए हैं। जबकि विभिन्न राज्यों के प्रदेश शिक्षा विभाग शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए ट्रेनिंग देता रहता है। प्रदेश अध्यक्ष वरुण पाण्डे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से शिक्षक सड़कों पर आने का विवश हो गए हैं। इस विरोध के बाद शिक्षक अपने स्कूलों में जाकर कालीपट्टी बांध कर कक्षाएं लेंगे। लेकिन हमें शीतकालीन सत्र में आदेश में संशोधन का इंतजार रहेगा।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब को सिर पर उठा निभाई पवित्र पालकी सेवा

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, 25 नवंबर। कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर मंगलवार को आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में एक ऐतिहासिक और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सिर पर उठा कर मुख्य मंच तक ले जाने की पवित्र पालकी सेवा निभाई।

**पंज प्यारों की अगुवाई में**

जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल



की गूँज के बीच संगत ने विनम्रता और भक्ति से भरे इस क्षण का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री द्वारा निभाई गई यह सेवा सिख परंपरा में अत्यंत सम्मान और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है। संगत की उपस्थिति में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सम्मानपूर्वक दरबार हॉल में लाया गया और अरदास कर के विधिवत प्रकाश किया गया। पूरे परिसर में श्रद्धा, भक्ति और शांति का वातावरण बना रहा। शहीदी दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कीर्तन, गुरबाणी पाठ, समागम, और गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान पर आधारित विशेष प्रस्तुतियाँ भी शामिल रहीं।

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समागम में की शिरकत

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, 25 नवंबर - प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के मौके पर आयोजित समागम में शिरकत की। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की विरासत का एक शानदार संगम है। उन्होंने बताया कि सुबह वे रामायण की नगरी अयोध्या में थे और अब वे गीता की नगरी कुरुक्षेत्र में हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग आज यहां श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके 350वें शहीदी दिवस के मौके पर उनको श्रद्धांजलि देने के लिए आए हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में संतों और सम्मानित संगत को अपना सम्मानपूर्ण अभिवादन व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने सबसे पहले गुरु ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेका। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, श्री कृष्ण पाल गुर्जर और अन्य गणमान्य कार्यक्रम में मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के मौके पर एक सिक्का, एक यादगार स्टैम्प और



एक कॉफी टेबल बुक भी जारी की। गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के सम्मान में, भारत सरकार एक साल तक चलने वाला कार्यक्रम मना रही है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और विरासत पर लगी प्रदर्शनी भी देखी।

इस मौके पर, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री को एक सिरोपा भेट किया। इस मौके पर 350 बच्चों ने गुरु कीर्तन किया। श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और उनके सर्वोच्च बलिदान को प्रदर्शित करते हुए एक सैंड आर्ट शो भी दिखाया गया।

श्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 5-6 साल पहले एक और अद्भुत सयोंग बना था। साल 2019 में 9 नवंबर को जब राम मंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया था, तो उस दिन वे करतारपुर कोरिडॉर के उद्घाटन के लिए डेरा बाबा नानक में थे। वे उस समय यही प्रार्थना कर रहे थे कि राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो, करोड़ों राम भक्तों की आकांक्षा पूरी हो और हम सभी की प्रार्थना पूरी हुई, उसी दिन राम मंदिर के पक्ष में निर्णय आया। अब आज अयोध्या में जब धर्म ध्जा की स्थापना हुई है, तो फिर उन्हें सिख संगत से आशीर्वाद लेने का मौका मिला है।

# मन को साधें तो जीवन अपने आप सरल हो जाएगा:श्री विज्ञान देव जी महाराज

## समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव का शुभारम्भ 'अ' अंकित श्वेत ध्वजारोहण के साथ हुआ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सत्य पर पूर्ण विश्वास ही श्रद्धा है। जो श्रद्धावान है वही ज्ञान की प्राप्ति कर शांति का अनुभव करता है। अध्यात्म ही वह समाधान है जिससे सभी समस्याएँ सुलझ जाती हैं।

उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने स्वर्वेद महामंदिर परिसर उमरहा में आयोजित समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव विहंगम योग के 102वें वार्षिकोत्सव एवं 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के प्रथम दिवस पर उपस्थित अपार श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



संत प्रवर श्री ने कहा कि मन को साधें तो जीवन अपने आप सरल हो जाएगा। बाहर की लड़ाइयाँ भीतर की हार से जन्म लेती हैं। आंतरिक शांति के अभाव से ही आज विश्व में अशांति है।

महाराज जी ने बताया कि मन को साधने से जीवन की कठिनाइयाँ, जटिलताएँ कम होने लगती हैं। कोई हताशा, निराशा, कुंठा, अवसाद घेर न ले, बल्कि हम सबका जीवन आनंददायी बने क्योंकि हम सबके जीवन का आधार परमात्मा परम आनंदस्वरूप है।

संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने स्वर्वेद कथा के दौरान कहा कि विश्व की आदि संस्कृति हमारी भारतीय संस्कृति ही है। भारत में रहकर हम भारत से अलग नहीं हो सकते। कश्मीर से कन्याकुमारी तक कोई जमीन का टुकड़ा नहीं है भारत, यह भूमि मात्र नहीं है, अपितु यह हमारी मातृभूमि है।

संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज की दिव्यवाणी स्वर्वेद कथामृत के रूप में लगभग ढाई घंटे तक प्रवाहित होती रही। स्वर्वेद के दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से सभी मंत्रमुग्ध हो उठे। संतश्री ने ओजस्वी वाणी में ब्रह्मविद्या विहंगम योग के सैद्धांतिक पक्ष को प्रकाशित करते हुए स्वर्वेद की अजस्त्र ज्ञानधारा को प्रवाहित किया। मानव मन की शांति व आध्यात्मिक उत्थान के निमित्त ब्रह्मविद्या विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा आगत नये जिज्ञासुओं को दी जा रही है।

प्रातः 7 बजे महोत्सव का शुभारम्भ सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज एवं संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के पावन सान्निध्य में ह्यअह्न अंकित श्वेत ध्वजारोहण के साथ हुआ।

तत्पश्चात शारीरिक आरोग्यता के निमित्त आश्रम के कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र संचालित हुआ, जिसमें हजारों योग साधक अनेक असाध्य रोगों से निजात पाने का गुर सीखे।

इस महायज्ञ आयोजन में प्रतिदिन निःशुल्क योग, आयुर्वेद, पंचगव्य, होम्योपैथ आदि चिकित्सा पद्धतियों द्वारा कुशल चिकित्सकों के निर्देशन में रोगियों को चिकित्सा-परामर्श भी दिया जा रहा है।



सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति अत्यंत आनंददायी रही। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए अनुयायी कलाकारों द्वारा अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

इसी के साथ महायज्ञ परिसर में भारतीय सांस्कृतिक व्यंजनशाला तैयार की गई है, जिसमें उत्तर भारतीय व्यंजन से लेकर दक्षिण भारत तक के विभिन्न प्रांतों के प्रसिद्ध व्यंजनो के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जिनका स्वाद आगत श्रद्धालु ले रहे हैं।

बुधवार को प्रातः 10 बजे से 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ होगा, जिसमें लाखों यज्ञ-अनुरागी वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ-कुण्ड में आहुतियाँ प्रदान करेंगे।

ढाई घंटे तक चलने वाला यह महायज्ञ वैदिक पद्धति से होगा। महायज्ञ का शुभारंभ सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज एवं संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के पावन सान्निध्य में होगा। स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित सद्गुरु सदाफल देव आप्त वैदिक गुरुकुल के 101 बटुकों द्वारा मंत्रोच्चारण किया जाएगा।

अनुयायियों को स्वागत-केंद्र से आवास तक जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आश्रम द्वारा 30 उठक्ष्ऑटो चलाए गए हैं। 500 विहंगम सुरक्षा बल, प्रशासन की ओर से पुलिस बल, महिला पुलिस एवं अग्निशमन ब्रिगेड की भी सुरक्षा लगाई गई है।इस महायज्ञ में भारत के कोने-कोने से लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुँचकर हवन-यज्ञ में आहुतियाँ प्रदान करेंगे।

# गोसाईपुर मोहाव में ब्लॉक स्तरीय कृषि संगोष्ठी सम्पन्न, किसानों ने विभिन्न विभागों के स्टॉल से ली जानकारी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकासखंड के गोसाईपुर मोहाव गाँव में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला मंत्री किसान मोर्चा भाजपा एवं सहकारी समिति अध्यक्ष पांडेयपुर एडवोकेट प्रिंस चौबे तथा विभागीय अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर की ।

संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि प्रिंस चौबे ने किसानों को दुर्घटना बीमा योजना, अग्निकांड राहत योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की सुरक्षा और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएँ चला रही है, जिनका लाभ प्रत्येक किसान तक पहुँचना आवश्यक है।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपनिदेशक कृषि अमित जायसवाल, सहायक विकास अधिकारी कृषि देवेंद्र कुमार पांडेय तथा तकनीकी सहायक के0के0 मौर्य उपस्थित रहे।

कृषि विभाग के विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक, बेहतर बीज, रोग नियंत्रण एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उपायों पर जानकारी दी। संगोष्ठी के साथ-साथ विभिन्न विभागों के स्टॉल उद्यान विभाग (बागवानी विभाग),मत्स्य विभाग, कृषि विभाग के स्टॉल प्रमुख रूप से आकर्षण का केंद्र रहा।

किसानों ने स्टॉल पर जाकर सब्सिडी योजनाओं, आधुनिक उपकरणों, उन्नत किस्मों, मछली पालन और बागवानी से जुड़ी तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और विभागीय अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद कर समाधान प्राप्त किया। कृषि संगोष्ठी उत्साहपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

# अभिलेखों के सत्यापन मे कठिनाई से भैठौली समिति पर धान क्रय अवरुद्ध

## अभी तक मात्र एक किसान से 10 क्विंटल खरीद।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय विकास खंड के भैठौली बीपैक्स मे पीसीएफ के खुले एकमात्र धान क्रय केन्द्र मे धान खरीद की स्थिति अत्यंत दयनीय है।

सचिव तथा केन्द्र प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि किसानो के आवेदनपत्रो तथा अभिलेखो के सत्यापन मे कठिनाई तथा अत्यधिक विलंब के कारण धान खरीद अवरुद्ध है।अभी तक एक किसान से मात्र दस क्विंटल की खरीद हो पाई है।




ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष धान बेचने हेतु पंजीकरण कराने वाले किसानों के सत्यापन का कार्य पेचीदा होने से धान क्रय करने में जुटे विभाग और किसान दोनों परेशान हैं।

धान खरीद के लक्ष्य 4500 क्विंटल के सापेक्ष समिति मे धान खरीद अभी तक महज 10 क्विंटल ही हो पायी है।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक वाराणसी हर्ष कुमार के अनुसार धान की आवक केन्द्रो पर है लेकिन पंजीकृत डाटा के सत्यापन का कार्य धीमा चल रहा है।सत्यापन कई स्टेज पर होने के साथ साथ हर खातेदार कृषक के अंश के अनुसार एग्रीस्टैक डाटा से मिलान होने पर हो पा रहा है।जिससे धान खरीद की स्थिति में अपेक्षित वृद्धि नही हो रही है। कमोवेश यही स्थिति पूरे जनपद की है।आशा है कि तीन चार दिन मे स्थित सुधरेगी और धान खरीद मे आशातीत वृद्धि होगी।

# सहायक अध्यापक पर एसआईआर कार्य में असहयोग का आरोप

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी स्थानीय विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय देहली विनायक में सहायक अध्यापक और प्रधानाध्यापक के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने आरोप लगाया है कि सहायक अध्यापक सत्य प्रकाश पांडेय शासन की मनसा के अनुरूप किए जा रहे एसएआर फॉर्म कलेक्शन कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वे बगैर सूचना की विद्यालय से चले गये जिससे शैक्षिक गतिविधियों के साथ एसआईआर का कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि कई बार मौखिक रूप से कार्यों के लिए कहा गया, लेकिन सहायक अध्यापक द्वारा संतोषजनक सहयोग नहीं मिला। वही परिसर में लगे झूले पर झूला झूलते नजरआये मामले को गंभीर मानते हुए प्रधानाध्यापक ने इसकी लिखित शिकायत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी है।

# धान के खेत में पहुँचे मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने अदवा बांध में छोड़ा

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के बरी गांव में धान के खेत में करीब चार फिट के मगरमच्छ को मंगलवार की सुबह देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दिया। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ को पकडकर सुरक्षित अदवा बांध में छोड़ दिया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार आज सुबह बरी गांव के शीतला पटेल के खेत में सुबह ग्रामीणों ने करीब चार फीट के मगरमच्छ को चहल कदमी करता हुआ देखकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान विजय प्रकाश सिंह उर्फ बाबा को सूचना दिया।मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना वनक्षेत्रधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्रा को दिया। वन क्षेत्रधिकारी के निर्देश पर वन दरोगा सन्नी सिंह फारेस्ट गार्ड राजकुमार वर्मा, शिवम सिंह, नीटू शर्मा अंकुर शुक्ल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्त के बाद मगरमच्छ को पकडकर सुरक्षित अदवा बांध के गहरे जलाशय में छोड़ दिया तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया है। मगरमच्छ सुसुआड नाले से निकलर खेत में पहुंचा होगा इस संबंध में वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा ने बताया की बरी गांव में धान की खेत में पहुँचे चार फिट के मगरमच्छ को वनकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़कर सुरक्षित अदवा बांध में छोड़ दिया गया है।




# किशोरी समूह बैठक का आयोजन किया गया

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर देहात इंडिया के तत्वाधान मे ब्लॉक बलरामपुर के अंतर्गत




ग्राम पंचायत ज्यौनार में आंगनबाड़ी जी के घर के द्वार पर किशोरी समूह बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों* किशोरी समूह बैठक के उद्देश्यों,बाल अधिकारों,टोल फ्री नंबर,बाल विवाह बाल श्रम,नेतृत्व क्षमता विकसित करना* विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

देहात संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट विशाल उनियाल जी ने बताया कि हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है। जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए। और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने।

किशोरी समूह लीडर सोनी ने बताया कि हमारे समाज में बेटियों को नहीं पढ़ाया जाता है। जिससे हम सभी का जीवन दुर्लभ हो जाता हैं। इसलिए हम सभी को आज यह शपथ लेना है कि हम सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होना है। और सभी को पढ़ने का अधिकार है।

आज के कार्यक्रम में शालू,नंदिनी गुड़िया,रूपाली,ईशा,दीपाली, उन्नति,खुशबू,परी,वंदना,मिताली खुशी,देहात संस्था से विशाल उनियाल,आंगनबाड़ी सोनम कन्नोजिया महिलाओं आदि उपस्थित रहे।

# हमें पासी समाज के इतिहास की जानकारी करना जरुरी है-:लाखन आर्मी टीम राम नारायण पासी

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड गिलौला में लाखन आर्मी टीम द्वारा पासी समाज जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

कार्यक्रम में विश्राम पासी ने कहा सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जुड़ने की जरूरत है हमारा पासी समाज जानकारी के अभाव से अभी सरकारी, गैरसरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहा है पासी ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि सभी पासी बाहुल्य गांवों में लाखन आर्मी टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिससे हमारा पासी समाज एकजुट होकर सरकारी गैरसरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो। हम सबको मिलकर पासी समाज के भाईयों को रोजगार व्यापार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूरत है अभी हमारा समाज मेहनत मजदूरी के अलावा व्यापार रोजगार से न जुड़ने के कारण गरीबी की मार झेल रहा है



पासी समाज को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा क्योंकि अभी पासी समाज के बच्चे विद्यालय न जाकर बालश्रम कर रहे हैं

लाखन आर्मी टीम के देवी पाटन मंडल उपप्रचारक राम नारायन पासी ने कहा कि पासी समाज को अपने समाज का इतिहास की जानकारी करना जरूरी है जिस समाज इतिहास नहीं होता है उस समाज मिट जाता है कार्यक्रम में लाखन आर्मी टीम के जिलाध्यक्ष श्रावस्ती के विद्याराम पासी ने कहा कि हमें अपने समाज में जागरूकता फैलाना है और राजाओं के इतिहास की जानकारी करने की जरूरत है

मुन्नू पासी विशम्भरपुर, भवानी दीन पासी,निरहू लाल दुगहरा, विद्याराम पासी, लड्डन प्रसाद, अनारा पासी, संवारा पासी, शान्ती पासी, सुनीता देवी पासी, पतिराम पासी, कमलेश कुमार पासी, शंकर पुर, विजय कुमार पासी,सीतापति पासी, संगीता देवी पासी, पार्वती पासी,लगना पासी, फूलमती पासी, जयजय राम पासी के साथ-साथ सैकड़ों पासी समाज के सदस्यों ने प्रतिभाग किया

# मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण धान खरीद कर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें:अवधेश कुमार सिंह

**समाज जागरण**

वाराणसी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता देवेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेशसिंह ने पीसीएफ के क्रय केंद्रो रामपुरी उर्फ तरावाँ तथा गयारतवल बीपैक्स का निरीक्षण किया ।

रामपुरी मे पाँच किसानो से 306.80 कुंटल खरीद पाई गयी।इसके अतिरिक्त एक किसानो से 80 कुंटल खरीद हुई है पर वह आनलाईन न होने से प्रदर्शित नही हो रही है। एडीसीओ सदर ने केन्द्र प्रभारी उमेश सिंह को खरीद आनलाईन कराने के निर्देश दिए।

गयारतवल मे खरीद 2 किसानो से 228 कुंटल पाई गई।सचिव महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि आज राजवेन्द्र पुरी के लगभग 50 कुंटल धान की खरीद होने जा रही है ।

एडीसीओ ने दोनो केन्द्र प्रभारियो को चेतावनी दी कि मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण धान की खरीद करके लक्ष्य पूर्ण करें।




एडीसीओ ने यह भी निर्देशित किया कि किसानो को अवगत करा दें कि धान को साफ करके तथा सुखा कर केन्द्र पर लायें।

गयारतवल मे उपस्थित भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामबली मौर्य , महेंद्र यादव तथा अन्य किसानो को खरीद योग्य धान के मानक के बारे मे बताया गया।यह भी बताया गया कि किसान बिना पूर्व सूचना के केन्द्र पर धान न लायें

दोनो क्रय केन्द्रों पर धान खरीद से संबंधित समस्त उपकरण , बैनर , इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमीमापक यंत्र, पावर डस्टर और आवश्यक स्टेशनरी पाई गई।

निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी उमेश सिंह, महेंद्र सिंह, संजय कुमार, राजवेन्द्र पुरी, महेंद्र यादव समेत क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

# इफ्फी के सदस्यों ने प्रेस वार्ता में 'व्हिसपर्स ऑफ द माउंटेंस' पर ध्यान आकृष्ट किया

**- इफ्फी का सिनेमा का औपचारिक उत्सव 'थुदारम' के साथ जारी रहेगा**

**- 56वें इफ्फी डायरी में दोनों फिल्मों के कलाकारों और क्रू के बीच वातार्लाप दर्ज किए गए**

56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के छठे दिन, दर्शकों को 'व्हिसपर्स ऑफ द माउंटेंस' के पीछे की कहानियों को सुनने का मौका मिला, जब निर्देशक जिगर नागदा और निमार्ता जितेंद्र मिश्रा गोवा के प्रेस वार्ता हॉल में मीडिया से रूबरू हुए। यह उत्साह तब और बढ़ गया जब मलयालम फिल्म 'थुदारम' (आगे जारी रहेगी) के निर्देशक थारुण मूर्ति, निमार्ता एम. रंजीत और कार्यकारी निमार्ता अर्वंतिका रंजीत भी इसी कार्यक्रम में शामिल हुए।

अपने उद्घाटन भाषण में निर्देशक जिगर नागदा ने बताया कि कोविड के दौरान राजस्थान में अपने घर पर बिताए समय ने उन्हें इस क्षेत्र में 'खनन के बढ़ते आर्थिक प्रभाव' को समझने का मौका दिया। किंतु इसके साथ इस बात का भी एहसास हुआ कि लोग इतने भारी खनन के कारण होने वाले पर्यावरणीय क्षरण के दीर्घकालिक प्रभाव से कैसे अनभिज्ञ हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि इसी विषय पर एक वृत्तचित्र बनाने के बाद, उन्हें फीचर शैली के माध्यम से भी लोगों का ध्यान आकर्षित करने की इच्छा हुई।

निमार्ता जितेंद्र मिश्रा ने "आई एम कलाम" से अपने फिल्मी सफर की शुरूआत को याद किया और क्षेत्रीय सिनेमा के प्रति अपने पुराने आकर्षण को साझा किया। उन्होंने बताया कि नागदा की अनूठी कला और कथात्मक संवेदनशीलता ने ही उन्हें अंततः इस फिल्म का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया।

निर्देशक थारुण मूर्ति ने 'थुदारम' की अपनी शुरूआती पंक्ति के माध्यम से मंच का माहौल तैयार करते हुए कहा, "एक नागरिक होने के नाते, मैं अपनी कला के माध्यम से अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए बाध्य महसूस करता हूं। मुझे सिनेमाई मनोरंजन के साथ सामाजिक चिंतन का मिश्रण पसंद है।"

कार्यकारी निमार्ता सुश्री अर्वंतिका ने बताया कि थुडारम की कहानी उनके प्रोडक्शन हाउस तक 12 साल पहले पहुंची थी, लेकिन उन्होंने इसे साकार करने के लिए सही निर्देशक का इंतजार किया। थारुण की पहली फिल्म देखने के बाद ही उनके पिता - निमार्ता एम. रंजीत उनके विजन से इतने प्रभावित हुए कि आखिरकार इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया। उन्होंने मुस्कुराते हुए बताया कि उनके पिता और निर्देशक, दोनों ही मोहनलाल के सबसे बड़े प्रशंसकों में से हैं।

एक सवाल का जवाब देते हुए श्री मूर्ति ने कहा, "हमारी ताकत भावनाओं में है। भव्य दृश्यों या बड़े बजट में नहीं, बल्कि उन किरदारों में जिनके साथ हम सचमुच जीते हैं। यही बात फिल्म को वैश्विक स्तर पर जुड़ने में मदद करती है, भले ही इसका बजट बड़े उद्योगों के बजट का एक छोटा सा हिस्सा हो। सिर्फ मलयाली ही नहीं, बल्कि हर जगह के दर्शक अब बड़े-बड़े चित्रणों के बजाय जमीनी, ईमानदार कहानी कहने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। और, यही वह क्षेत्र है जिसे हम आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं।"

निर्देशक नागदा ने सत्र का समापन एक टिप्पणी का जवाब देते हुए किया, "मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मेरी फिल्म की तुलना माजिद मजीदी के काम से की जा रही है। मैंने उनके माध्यम से विश्व सिनेमा – बरन, द विलो ट्री और कई अन्य फिल्में देखी, जो मेरे स्कूल की पसंदीदा फिल्में बन गईं। ईरानी सिनेमा ने कहानी कहने के मेरे नजरिए को आकार दिया और इसका ताना-बाना स्वाभाविक रूप से मेरी फिल्म में भी समाहित है। लॉन्ग शॉट्स के प्रति मेरा प्रेम भी उसी प्रभाव से उपजा है। भारत में यह कोई व्यापक रूप से प्रचलित शैली नहीं है, लेकिन मेरे लिए, लॉन्ग टेक में सबसे सरल गति भी भावनात्मक अर्थ रखती है। मैं आभारी हूं कि आपने इस पर ध्यान दिया।"

**'व्हिसपर्स ऑफ द माउंटेंस' का सारांश**

अरावली की कठोर सुंदरता में रची-बसी यह फिल्म सिलिकोसिस से जूझ रहे एक पिता और खनन से तबाह हुए पहाड़ों के लिए विलाप करते एक बेटे की कहानी है। जैसे-जैसे लड़के के छोटे-छोटे उपचार परिवार के जीवित रहने के संघर्ष से टकराते हैं, उनकी कहानी प्रेम, क्षति और मनुष्य तथा पृथ्वी के बीच के नाजुक बंधन का एक मार्मिक प्रतिबिंब बन जाती है।

**'थुडारम' का सारांश**

रन्नी की शांत पहाड़ियों में, पूर्व फाइट कोरियोग्राफर षणमुगम, जिन्हें प्यार से बेंज कहा जाता है। वे अपने परिवार और अपनी प्यारी काली एम्बेसडर के साथ एक शांत जीवन जी रहे हैं। लेकिन जब तीन पुलिसवाले उन्हें एक भयावह कवर-अप में घसीट लेते हैं, तो उनकी शांत दुनिया बिखर जाती है। इसके बाद एक ऐसे परिवार की दिलचस्प कहानी सामने आती है जो डर, विश्वासघात और एक-दूसरे को थामे रखने की जद्दोजहद में अपनी हदें पार कर चुका है।

# केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह द्वारा 2024-25 की बागवानी फसलों के क्षेत्रफल व उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान जारी

**- बागवानी क्षेत्रफल बढ़कर 294.88 लाख हेक्टेयर और उत्पादन बढ़कर 3690.55 लाख टन- श्री शिवराज सिंह**

**- फल और सब्जियों के उत्पादन सहित लगभग सभी बागवानी फसलों में बढ़ोतरी- केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह**

**- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि-बागवानी क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति व किसानों की मेहनत का सुफल- श्री शिवराज सिंह**

**समाज जागरण**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वर्ष 2024-25 की बागवानी फसलों के क्षेत्रफल व उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान जारी किए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही और हमारे किसान भाइयों-बहनों की मेहनत का सुफल परिलक्षित हो रहा है। बागवानी फसल क्षेत्रफल में 4 लाख हेक्टेयर की वृद्धि अनुमानित है, जो गत वर्ष के 290.86 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 294.88 लाख हेक्टेयर है। उत्पादन में 143.11 लाख टन की वृद्धि अनुमानित है, जो 3547.44 लाख टन से बढ़कर 3690.55 लाख टन अनुमानित है।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि ये वृद्धि किसानों की कड़ी मेहनत, कृषि वैज्ञानिकों के प्रयास, प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई लाभकारी योजनाओं तथा किसान हितैषी नीतियों का सद्परिणाम है, जिसमें बेहतर बीज, आधुनिक तकनीकों का उपयोग और बाजार तक आसान पहुंच भी शामिल है। उन्होंने बताया कि फल व सब्जियों के उत्पादन में खास प्रगति देखी गई है। फल उत्पादन में लगभग 5.12% (57.82 लाख टन) की वृद्धि होकर 1187.60 लाख टन पहुंचने की उम्मीद है, इसमें केला, आम, तरबूज, कटहल, मंदारिन, पपीता, अमरूद अहम योगदान देते हैं। सब्जियों का उत्पादन 4.09% (84.76 लाख टन) बढ़कर 2156.84 लाख टन होने का अनुमान है, विशेषकर प्याज उत्पादन गत वर्ष के 242.67 लाख टन से बढ़कर 307.89 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है, यानी 26.88% की वृद्धि। आलू उत्पादन में 1.85% की बढ़ोतरी होकर 581.08 लाख टन उत्पादन की उम्मीद है।

वर्ष 2024-25 की बागवानी फसलों के क्षेत्रफल व उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार, सुगंधित और औषधीय पौधों का उत्पादन बढ़कर 7.81 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 7.26 लाख टन था, वहीं मसाला उत्पादन लगभग 125.03 लाख टन अनुमानित है, जिसमें लहसुन, अदरक, हल्दी के उत्पादन में वृद्धि हुई है। गत वर्ष मसालों का उत्पादन 124.84 लाख टन हुआ था। टमाटर उत्पादन 194.68 लाख टन होने की उम्मीद है।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने बताया कि सरकार किसानों के लिए नई तकनीकें लेकर आ रही है, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता और आय दोनों बढ़े। बागवानी में नवीनतम तकनीकों के प्रसार, बेहतर बीज उत्पादन और बाजार प्रबंधन में सुधार के साथ भारत कृषि में एक वैश्विक लीडर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए, कृषि क्षेत्र में निरंतर सुधार और समृद्धि को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे हर किसान का जीवन बेहतर हो।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत नाती घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के कोढनी गांव के समीप लोडर की चपेट में आ जाने से बाबा नाती घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। घर वाले शव लेकर वापस चले गये। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली के जहानपुर गांव निवासी स्व0 रामपाल का पुत्र रामखेलावन 70 वर्ष अपने 20 वर्षीय नाती प्रकाश पुत्र बुद्धराज के साथ बाइक से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही यह लोग कुडनी गांव के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाबा नाती घायल हो गये। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। उधर परिजन शव लेकर वापस घर चले गये।

# पेड़ से गिरकर युवक घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के करमोन में मंगलवार की सुबह पेड़ की डाल काटते समय नीचे गिर कर 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार करमोन गांव निवासी रामनाथ पुत्र शिवकुमार मंगलवार की सुबह नीम के पेड़ में चढ़कर डाल काट रहा था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# मां की डाट से क्षुब्ध पुत्र ने खाया जहर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम कुदैला में मंगलवार की सुबह मां की डांट से क्षुब्ध 23 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जानकारी के अनुसार कुदैला गांव निवासी रमेश का पुत्र गुड्डू ने आज सुबह मां की डांट से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर दिया।

# पत्नी ने पति को पीटकर किया लहूलुहान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली के मोहल्ला मीरखपुर में मंगलवार की सुबह पत्नी ने पति को पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की नीयत से गला दबाने लगी। आस पास के लोगो ने उसे छुडाया और इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार मीरखपुर मोहल्ला निवासी राजबहादुर का पुत्र सुनील कुमार को मंगलवार की सुबह उसकी पत्नी सिर में पटरा मार कर घायल कर दिया। उसके बाद सीने में चढकर गला दबाने लगी। आस पास के लोगो ने देखा तो सुनील को मार रही पत्नी से बचाया घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत,एक जख्मी

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद के भवानीगंज थाना क्षेत्र के सिलोखरा चौराहे पर सोमवार को एक बाइक सवार को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है,जानकारी के अनुसार बाइक सवार संतराम (45) पुत्र ज्ञान दास व विदेशी प्रसाद (42) पुत्र राम शब्द निवासी सागर रौजा थाना भवानीगंज अपनी बाइक से निजी काम से भड़रिया गए थे। बताया जा रहा है कि लौटते समय दोनों लोग बेवां की तरफ जा रहे थे। अभी सिलोखरा चौराहे पर पहुंचने ही वाले थे कि ओवरटेक करते समय ट्रक की चपेट में आ गए। इस हादसे में संतराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विदेशी प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए,स्थानीय लोग व सिलोखरा चौकी पर मौजूद रहे पुलिसकर्मियों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवां पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

वहीं मौत की जानकारी मिलने के बाद संतराम के घर में मातम छा गया। परिवार के लोगों का रो- रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। ट्रक को कब्जे में लिया गया है,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सीएचसी अधीक्षक ने अनुपस्थिति आशा बहुओं से किया जवाब तलब

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। सीएचसी सिरसिया में हुई बैठक में अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने खराब प्रदर्शन पर कई आशा बहुओं को फटकार लगाई। उन्होंने सुधार का निर्देश दिया और अनुपस्थित आशा बहुओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए गृह-आधारित भ्रमण करने के निर्देश भी दिए गए,भनवापुर क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में हुई बैठक में अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने खराब प्रदर्शन और लापरवाही पर आशा बहू साधना, विद्यावती, फूलमती, संगीता सिंह, मीरा और संध्या को फटकार लगाई। उन्होंने एक महीने के भीतर कार्य सुधारने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अगर कार्य में सुधार नहीं हुआ तो प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। अधीक्षक ने बैठक में अनुपस्थित आशा बहू साक्षी, शांति, साहू, खुशबू, राधा और विंध्यवासिनी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब तलब किया है। उन्होंने आशाओं को निर्देशित किया कि वे नवजात शिशुओं व बच्चों का गृह-आधारित भ्रमण नियमित करें,साथ ही एएनएम व संगिनी को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र में जाकर आशाओं के कार्यों का भौतिक सत्यापन करें और मौके पर ही कमी मिलने पर सुधार करवाएं।

# नाला जाम होने से हजारों बीघा फसल बर्बाद, किसानों ने विधायक को सौंपा प्रार्थना पत्र

**समाज जागरण**

विधान सभा बिन्दकी क्षेत्र के ग्राम सनगाँव, सचौली, चितौरा, कोराई, ढोडियाही व बकन्धा के किसानों की धान की फसल नाला जाम होने के कारण पूरी तरह नष्ट हो गई। भारी जलभराव से हजारों बीघा खेत पानी में डूब जाने के बाद किसानों ने आर्थिक संकट की स्थिति बताई है। मंगलवार को प्रभावित किसानों ने माननीय विधायक को प्रार्थना पत्र सौंपकर मुआवजे की मांग की।

किसानों का कहना है कि गांव से होकर गुजरने वाला नाला वर्षों से अतिक्रमण और साफ-सफाई न होने की वजह से पूरी तरह जाम है। बारिश का पानी निकासी न मिलने से खेतों में जलभराव हो गया, जिससे खड़ी धान की फसल बर्बाद हो गई। फसल नष्ट होने से किसानों के सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित किसानों ने अपने प्रार्थना पत्र में मांग की है कि शासन-प्रशासन द्वारा फसल क्षति का मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो, इसके लिए नाले का पक्का निर्माण कराए जाने की भी गुहार लगाई है।प्रार्थना पत्र देने वालों में प्रधान पुत्र मोइन खान, रामसरण पाल, नीरज कुमार, कामता प्रसाद पाल, धनराज गौतम, दौलत खान तथा साजिद खान समेत कई किसान शामिल रहे।

# शराबी पिता के बुरे आचरण से मासूम बच्चे बेघर होने की कगार पर

## बिना मां के बच्चों का भविष्य खतरे में आखिर कोई बचाएगा मासूमों का भविष्य

**समाज जागरण**

फतेहपुर। विजयीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर के वलीपुर रमसगरा मजरे में एक बेहद संवेदनशील मामला उजागर हुआ है, जहाँ दो मासूम बच्चे पिछले पाँच वर्षों से अपने नाना-नानी के घर पर पल रहे हैं। बच्चों की मां का निधन हो चुका है, जबकि पिता शराब और जुए की लत में बुरी तरह फंसा हुआ बताया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, पिता का मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं रहता, जिसके चलते वह दबंग किस्म के लोगों के बहकावे में आकर अपनी जमीन औने-पौने दाम में बेच रहा है। आरोप यह भी है कि कुछ लोग शराब पिलाकर उससे कागजात पर हस्ताक्षर करा रहे हैं और जमीन अपने नाम करा रहे हैं, जिससे बच्चों के भविष्य पर गंभीर संकट मंडरा रहा है।पीड़ित बच्चों एवं उनके नाना-नानी ने इस संबंध में तहसील दिवस पर प्रार्थना-पत्र दिया है। साथ ही उप जिला अधिकारी खागा को भी लिखित शिकायत सौंप कर जमीन की सुरक्षा और बच्चों के हित में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।परिवार का आरोप है कि कुछ दलालों की सक्रियता के चलते उनकी बात पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बच्चे प्रशासन और सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं, ताकि उनकी जमीन और भविष्य सुरक्षित रह सके तथा पिता के नशे और मानसिक स्थिति के उपचार की व्यवस्था भी हो सके।

ग्रामीणों ने भी उच्च अधिकारियों से मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए शीघ्र हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# सड़क किनारे खड़ी बाइक में ट्रेलर ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। शादी समारोह से वापस लौट रहे बाइक सवार दोस्तों को सड़क किनारे अनियंत्रित ट्रेलर ने टक्कर मार दिया। जिससे एक दोस्त की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ट्रेलर छोड़कर मौके से फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस निवासी धीरेन्द्र प्रताप सिंह का पुत्र दशरथ सिंह (20) अपने दोस्त शैलेश कुमार के साथ सोमवार की रात बहुआ कस्बे से शादी समारोह में शामिल होने के बाद बाइक से वापस फतेहपुर जा रहा था। तभी रात एक बजे उसे ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव के पास बांदा टांडा हाइवे में उसका दोस्त चांदपुर थाना क्षेत्र के देवचली गांव निवासी राहुल कुमार (26) पुत्र छेदीलाल मिल गया। तीनों दोस्तों ने बाइक सड़क किनारे खड़ी करके आपस में बातचीत करने लगे। तभी शहर से बांदा की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़ी बाइक में टक्कर मारते हुए दशरथ सिंह और राहुल कुमार को टक्कर मार दिया। जिससे दशरथ सिंह की मौके पर मौत हो गई और राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक दशरथ सिंह के शव को मोर्चरी भेज दिया। गंभीर रूप से घायल राहुल कुमार को एंबुलेंस से सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने हैलेट कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन घायल राहुल कुमार को लखनऊ स्थित केजीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया है।

दशरथ सिंह की मौत से मां प्रियंका देवी का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक अपने भाइयों रुद्र प्रताप सिंह (14) और आयुष सिंह (06) से बड़ा था और शहर स्थित एक आरओ प्लांट में मजदूरी का काम करता था। वहीं घटना के बाद चालक ट्रेलर छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक के पिता ने ट्रेलर और चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया है कि चालक का पता लगाकर कार्यवाही की जाएगी।

# रोजगार सेवक सुधीर कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। पूरी निष्ठा एवं लगन से किया गया कार्य सम्मान का कारण बनता है,भनवापुर विकास खण्ड के पोखर भिटवा के रोजगार सेवक सुधीर कुमार के कार्यों की सराहना प्रशासन कर रहा है,श्री गंगा गायत्री गौ विज्ञान अनुसंधान ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रभु नाथ मिश्र ने विशेष गहन पुरीक्षण कार्य को विकास खण्ड में सबसे पहले समाप्त करने पर सुधीर कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है,मिश्रा ने यह सम्मान पत्र छोटकन यादव जूनियर हाई

स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में दिया,इस समारोह में संस्था के अध्यक्ष के साथ साथ उपाध्यक्ष अशोक कुमार,चौधरी प्रसाद यादव मौजूद रहे।

# पुलिस पूछती है हेलमेट तो ज्यादातर बाइक चालक थमाते हैं मोबाइल!

**हेलमेट विहीन बाइक चालकों की मौत के आकड़ों पर एक नजर....**

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाई जा रही जागरूकता मुहिम के बावजूद हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि हर माह 40 से 45 लाख रुपये से अधिक के चालान कटने के बावजूद सड़क पर जान गंवाने वालों की संख्या कम होने की बजाय बढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार ज्यादातर बाइक चालकों से जब पुलिस हेलमेट के बारे में पूछती है तो वे मोबाइल थमा देते हैं और कहते हैं कि फला से बात कर लीजिए। लेकिन जब दुर्घटना में मौत की कोख में समा जाते हैं तो यमराज से बात कराने का फुर्सत ही नहीं पाते।पिछले साल की तुलना में इस बार घटनाएं बढ़ी हैं, जो इस बात की गवाही दे रही है कि पुलिस की सतर्कता पर नियम तोड़ने वालों के हौंसले बुलंद हैं।उनकी छोटी से लापरवाही उनकी जान पर भारी पड़ जा रही है, लेकिन इसके बावजूद उनका खिलवाड़ जारी है।जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रहा है। नवंबर माह यातायात जागरूकता के रूप में मनाया जा रहा है।ट्रैफिक विभाग के अनुसार जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा मौतें बाइक सवारों की हुईं और इनमें बड़ा हिस्सा उन लोगों का है जिन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था। तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करना हादसों को दावत दे रहा है। ट्रैफिक विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि सड़कें तभी सुरक्षित होंगी जब लोग नियमों को बोझ नहीं, सुरक्षा उपाय मानकर अपनाएंगे। आंकड़ें साफ संकेत दे रहे हैं कि लापरवाही मौत बनकर पीछा कर रही है। समय रहते नियमों का पालन और हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे बेसिक सेफ्टी गियर अपनाना ही जिंदगी बचाने का सबसे कारगर तरीका है, 17 मार्च 2025 को त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के परसोहिया तिवारी गांव निवासी मो. कैफ (17) घर से बाइक लेकर किसी काम से सिंगारजोत के लिए निकले थे। अभी शाहपुर सिंगारजोत मार्ग पर सफीपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे भूसा लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। इसमें उनका सिर फट गया।अगर कैफ ने हेलमेट पहना होता तो शायद उनकी जान बच जाती 23 मई को त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के प्रतापुर गांव निवासी विशेश्वर यादव( 35) व भतीजे उमेश यादव का इटवा थाना क्षेत्र के करहिया पुल के पास बरात से लौटते समय ट्रक के चपेट में आ गए। इस दौरान दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था। हादसे में चाचा-भतीजे के सिर में लगी गंभीर चोटें मौत का कारण बनी,22 नवंबर को इटवा थाना क्षेत्र के गोरया गांव निवासी यार मोहम्मद (67) बाइक से आलू लेने शाहपुर मंडी आ रहे थे। शाहपुर अंबेडकर पार्क के पास सामने से ट्रक को ओवरटेक कर आ रहे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई जिसमें यार मोहम्मद के सिर में लगी गंभीर चोट के कारण इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो यार मोहम्मद ने हेलमेट नहीं लगाया था,10 अक्तूबर को त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के उज्जैनियां गांव निवासी राजू चौरसिया (20) डुमरियागंज थाना क्षेत्र के रिश्तेदारी में बाइक से जा रहा था। सामने से कार ने टक्कर मार दी। इसमें उसके सिर में गंभीर चोटें आई।लखनऊ के एक निजी अस्पताल में करीब सवा माह चले इलाज के दौरान राजू चौरसिया ने 22 नवंबर को दम तोड़ दिया।इसमें अब तक 65959 वाहनों का चालान हुआ है। इसमें इसमें 32 हजार अकेले बिना हेलमेट लगाए बाइक चलाने वालों का चालान हुआ है। लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये चालान के रूप में काटे गए हैं। इसके साथ ही पुलिस डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। स्कूली बच्चों के साथ अन्य को जागरूक कर रही है। जिससे हादसों में कमी लाई जा सके,क्या बोले विशेषज्ञ हेलमेट सिर की सुरक्षा के लिए सबसे प्रभावी कवच है। 70 प्रतिशत से अधिक मौतें सिर की चोटों के कारण होती हैं,अगर पालन करें तो शायद हादसे से बचा जा सकता है और होने वाले हादसों में कमी आएगी,अमरेश यादव,प्रभारी यातायात बोले जिम्मेदार सड़क हादसों को रोकने के लिए लगातार चेकिंग चलाया जा रहा है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

**समाज जागरण**

शिकोहाबाद(फिरोजाबाद)। भारतीय राष्ट्रवाद, अखंडता और सांस्कृतिक एकता के प्रखर प्रतीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय भव्य समारोह का शुभारंभ आज संत ख. इ. ग्लोबल अकादमी, शिकोहाबाद में बड़ी गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नारी जागरण सेवा संस्थान ने किया, जिसका प्रायोजन सांस्कृतिक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संस्थान के सचिव के. के. शर्मा ने की, जबकि दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राम कैलाश यादव,




सदस्य झ राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, भारत सरकार ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेंद्र यादव (ग्राम प्रधान), महेश चंद्र शर्मा, उमेश यादव, दिलीप कुमार पांडे (Principal), ऋषभदेव उपाध्याय (ग्राम प्रधान), तथा कार्यक्रम समन्वयक राजेश राज उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनकी अनन्य निष्ठा पर विस्तृत विचार रखे और कहा कि आज की पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि डॉ. राम कैलाश यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राष्ट्रवाद के अमर स्तंभ थे। उन्होंने कहा, डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर मुद्दे पर एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का जो ऐतिहासिक संकल्प लिया, वह उनके अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा का सर्वोच्च उदाहरण है।ह्व कार्यक्रम के अध्यक्ष के. के. शर्मा ने कहा कि यह समारोह केवल एक स्मरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण हेतु प्रेरणा का माध्यम है। धर्मेंद्र यादव, महेश चंद्र शर्मा, उमेश यादव, प्रिंसिपल दिलीप कुमार पांडे तथा ग्राम प्रधान ऋषभदेव उपाध्याय ने भी डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रभक्ति, शिक्षा, संस्कृति, संप्रभुता और त्याग पर अपने विचार व्यक्त किए तथा कहा कि युवाओं के लिए उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। दूसरे चरण में कार्यक्रम संयोजक राजेश राज ने बताया कि तीन दिवसीय समारोह के माध्यम से उनके जीवन, विचारों और संघर्ष की गाथा को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्देश्य है कि डॉ. मुखर्जी के संदेश को विशेषकर नई पीढ़ी तक सशक्त तरीके से पहुँचाया जाए, ताकि उनमें राष्ट्रभक्ति और संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़े। पहले दिन आयोजित प्रदर्शनी में डॉ. मुखर्जी के जीवन की दुर्लभ तस्वीरें, उनके भाषणों के अंश, स्वतंत्र भारत के निर्माण में उनके योगदान तथा कश्मीर समस्या पर उनके ऐतिहासिक रुख को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। छात्रों की वाद-विवाद, भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में बौद्धिक ऊर्जा का संचार किया, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने देशभक्ति का वातावरण और अधिक प्रखर बनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, महिलाओं, छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया तथा सभी ने इसे अत्यंत प्रेरणादायी, स्मरणीय और ऐतिहासिक बताया। तीन दिवसीय आयोजन की शुरूआत ने क्षेत्र में राष्ट्रभावना, अखंडता और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का नया उत्साह उत्पन्न कर दिया है।

# पशु को बचाते समय बाइक फिसलने से होमगार्ड घायल

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! थाना फरिहा क्षेत्र के गांव कोडर के समीप मंगलवार की शाम ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौटते समय पशु को बचाते समय बाइक फिसलने से होमगार्ड घायल हो गया पुलिस उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई है! थाना जसराना के गांव अकबरपुर मस्तपुर निवासी 40 वर्षीय मनवीर सिंह यादव पुत्र सेती लाल यादव थाना रसूलपुर मैं होमगार्ड के पद पर कार्य कर रहा है! वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में थाना फरिहा



क्षेत्र के गांव कोडर के समीप उसकी बाइक के सामने एक पशु आ गया उसको बचाते समय मनवीर की बाइक फिसल गई जिसके फल स्वरुप वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलते ही 108 पुलिस मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए सरकारी थाना सेंटर लेकर आई है जहां उसका उपचार जारी है सूचना परिजनों को दे दी गई है!

# प्रशासन ने 15 दिन का आश्वासन दिया, विश्व हिंदू परिषद ने धरना समाप्त किया

**मंगल बाजार स्थानांतरण विवादः**

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। कोटला चुंगी पर लगने वाले मंगल बाजार को स्थानांतरित कराने की मांग को लेकर चल रहा विश्व हिंदू परिषद का धरना मंगलवार को प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने संगठन के पदाधिकारियों को 15 दिन के भीतर समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना स्थगित कर दिया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष आगरा राकेश त्यागी के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता मंगल बाजार को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग को लेकर कई दिनों से धरने



पर बैठे थे। उनका कहना था कि यहां लगने वाला बाजार अक्सर जाम की स्थिति और अव्यवस्था पैदा करता है, जिससे आसपास के लोगों को भारी परेशानी होती है। मंगलवार को मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे, सीओ सिटी प्रवीण तिवारी सहित प्रशासनिक टीम ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और 15 दिन में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रशासन की बात मानते हुए विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने फिलहाल धरना समाप्त करने की घोषणा की। स्थानीय लोगों व कार्यकताओं ने आशा जताई है कि अगले 15 दिनों में प्रशासन द्वारा मंगल बाजार के स्थानांतरण को लेकर उचित निर्णय लेकर समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

# मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और जागरूक बनाना है।

## -:कोमल फाउंडेशन लगातार महिलाओं के कौशल विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर रहा हैः अश्वनी राजौरिया

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। कोमल फाउंडेशन द्वारा सखी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, इंदिरा नगर पर महिलाओं के लिए मिशन शक्ति के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय क्षेत्र की महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी कल्पना राजौरिया और कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया तथा सोशल एक्टिविस्ट डॉ. गुंजन सिंह ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न के विभिन्न रूपों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संगठित और असंगठित दोनों ही क्षेत्रों में महिलाएं अनेक




प्रकार की चुनौतियों का सामना करती हैं। उन्होंने बताया कि जागरूकता और कानूनी जानकारी ही महिलाओं को स्वयं की सुरक्षा के लिए सशक्त बना सकती है। कल्पना राजौरिया ने कहा कि मिशन शक्ति सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं तुरंत 1090 महिला पावरलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन या 112 आपातकालीन सेवा पर संपर्क कर सकती हैं। सोशल एक्टिविस्ट डॉ. गुंजन सिंह ने कहा कि कई बार कार्यस्थल पर होने वाला उत्पीड़न अनदेखा रह जाता है, इसलिए महिलाओं का अपने अधिकारों, शिकायत प्रक्रिया और उपलब्ध कानूनी सहायता से परिचित होना बेहद आवश्यक है। कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने भी महिलाओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोमल फाउंडेशन लगातार महिलाओं के कौशल विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए मिशन शक्ति से मिली जानकारी को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सुनीता देवी, सखी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षिका श्रीमती रेनू, संतोष शिक्षा केंद्र की शिक्षिका जोगेश देवी, कोमल पाठशाला की शिक्षिका अंजलि राठौर, रेशमा कुमारी, सुशीला देवी, विनेश देवी एवं आदि महिलाएं व बालिकाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# पुलिस ने 10 ट्रकों के किए चालान

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। उत्तर प्रदेश शासन ने ट्रक भारी वाहनों की नंबर प्लेट छुपाने छेड़छाड़ करने वाले वाहनों के खिलाफ 07 दिवसीय विशेष चलाया जा रहा है। उसके तहत पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक ट्रकों के चालन किए। पुलिस कार्यवाही से हड़कंप मच हुआ है। शासन के के आदेश पर मंगलवार को यातायात पुलिस ने थाना पचोखरा पुलिस के साथ 10 ट्रकों का चालान किया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात माह के तहत जागरुक किया। प्रदेश में ट्रकों तथा भारी मालवाहक वाहन नंबर प्लेट को



गलत तरीके से छुपाकर, मोड़कर, ढककर अथवा उसमें छेड़छाड़ कर चलाने वालों के खिलाफ 23 नवंबर से 07 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना, अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाना तथा अपराधों में उपयोग किए जाने वाले संदिग्ध वाहनों की पहचान को प्रभावी बनाना है । अभियान के अन्तर्गत पुलिस, यातायात पुलिस एवं संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों की संयुक्त टीमें राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों, टोल प्लाजाओं, बॉर्डर चेकपोस्टों तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों में गहन चेकिंग कर रही है।

## अनूपपुर ग्रामीण चचाई मंडल के पदाधिकारियों के साथ संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने लिया SIR ( विशेष गहन पुनरीक्षण) का समीक्षा बैठक

**समाज जागरण**

अनूपपुर । भारतीय जनता पार्टी मंडल अनूपपुर ग्रामीण चचाई के बरगवां (अमलई) नगर परिषद में पार्षदगण, बीएलए, मंडल के पदाधिकारियों के साथ SIR (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर शहडोल संभाग के प्रभारी




गौरव सिरोठिया ने विस्तृत और सारगर्भित चर्चा हुई ' इस दौरान मंडल प्रभारी जितेंद्र सोनी जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण फुक्कू सोनी ,जिला उपाध्यक्ष डॉ मदन कुमार त्रिपाठी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ राज अशोक तिवारी जिला सह कोषाध्यक्ष रामनारायण उरमालिया सहित नगर परिषद् मे निवासरत सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ता पूरी दृढ़ता और जी जान से एसआईआर में जुटे तो मप्र में भी बिहार जैसे आएंगे नतीजे: गौरव सिरोठिया

### संभागीय संगठन प्रभारी का हुआ प्रथम जिला आगमन

**समाज जागरण**

उमरिया।। मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया का उमरिया जिला में प्रथम आगमन हुआ है जहां भाजपा कार्यालय भरौली में मंगलवार की शाम आयोजित एसआईआर की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल,वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष मिथिलेश पयासी, पूर्व अध्यक्ष शहडोल कमल प्रताप सिंह, मनीष सिंह, राकेश शर्मा, दीपक छतवानी,ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार और एस आई आर प्रभारी धनुषधारी सिंह, सुमित गौतम और इंद्रभान त्रिपाठी मंच पर मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि एस आई आर को लेकर जिले भर में बीएलए2 की नियुक्ति की जा चुकी है प्रत्येक मंडल स्तर पर टीम जुटी हुई है जिले के बांधवगढ़ विधानसभा में 72. 96 प्रतिशत और मानपुर विधानसभा में 72. 89 प्रतिशत फीडिंग कार्य संपन्न हो चुका है। उमरिया का भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के निदेशों को पूरी तन्मयता के साथ करने में जुटा है। एस आर आर के जिला प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष शहडोल कमल प्रताप सिंह कहां की मतदाता सूची में नाम जुड़वाना बस काम नहीं है बल्कि जोड़े जा रहे नाम पर नजर रखना और उसे पर आपत्ति करना भी जरूरी है। इसके अलावा सभी पदाधिकारी शक्ति केंद्र और बूथ लेवल तक बैठक लेकर एसआरआर के काम में पूरी तन्मयता के साथ जुटे। समय बिल्कुल भी नहीं रह गया है एक सप्ताह का समय शेष है इस दौरान एक-एक कार्यकर्ता अपने-




अपने गांव वॉडम के मतदाताओं का सही से नाम जुड़वाएं और फर्जी या फॉल्स वोटरों के नाम पर नजर रखें। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया कहां की सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि हमारे कोई भी वोटर का नाम सूची से हटने नहीं पाए। देखा जा रहा है सूची में ग्रामीण क्षेत्र आगे दिखाई दे रहे हैं बल्कि नगरीय क्षेत्र पीछे हैं। इसलिए वार्डों के पार्षद को इस काम में जी जान से जुट जाना है। इसके अलावा जो भी नाम संदिग्ध या फॉल्स लगे उनके नाम पर आपत्ति भी दर्ज करानी है। देश में भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो निर्वाचन आयोग के काम में पूरी तरीके से सहयोग कर रही है इसलिए विपक्ष तमाम अनर्गल आरोप लगा रहे हैं और एसएआर को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता इस मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पूरी दृणता और तन्मयता के साथ नाम जुड़वाने मैं जुट जाएं तो मध्य प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव में बिहार जैसा रिजल्ट दिखाई देगा। 4 दिसंबर आने से पहले बूथ लेवल तक जाकर कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ वोटरों के नाम जुड़वाने में पूरी तनमयता दिखाएं। बैठक का सफल संचालन एस आई आर प्रभारी सुमित गौतम ने किया वहीं आभार प्रदर्शन धनुषधारी सिंह ने किया बैठक

में भाजपा नेता रामनारायण पयासी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष चंदिया पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष पुष्पेंद्र गौतम, प्रमोद तिवारी, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष मानसिंह, नीरज चंदानी, अतुल जैन, नगर पालिका पाली की अध्यक्ष शकुंतला प्रधान,चंदिया नगर पालिका अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल, पूजा बैगा, दीपक गुप्ता,आयुष पाठक,अखंड प्रताप सिंह,आशुतोष तिवारी, मनीष सिंह, विनय मिश्रा सहित सभी मंडल के अध्यक्ष भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में SIR मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक संपन्न

### नवनियुक्त संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया जी का भाजपा जिलाअध्यक्ष व कार्यकताओं ने किया स्वागत

**समाज जागरण**

शहडोल। नगर के कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्या लय में 25 नवंबर 2025को जिला भाजपा कार्यालय में SIRमतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध बैठक संपन्न हुई भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए की SIRअभियान की प्रगति और बूथ स्तर पर संगठन मजबूती को लेकर मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में नवनियुक्त भाजपा शहडोल संभाग के प्रभारी गौरव सिरोठिया उपस्थित रहे, संभागीय प्रभारी के रूप में शहडोल प्रथम नगर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी एवं कार्यकताओं ने गौरव सिरोठिया जी का भव्य स्वागत किया।

शहडोल संभाग प्रभारी श्री गौरव सिरौठिया जी ने SIRअभियान के संबंध में कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने की इस दौरान मंचासीन अतिथियों में विधायक जैतपुर श्री जय सिंह मरावी जी, विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल जी, जिला उपाध्यक्ष श्री संतोष लोहानी श्री मनोज गुप्ता, श्री दौलत मनमानी, जिला महामंत्री श्री अमित मिश्रा, पुष्पेंद्र पटेल जी नगर परिषद बुढार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी मंचासीन रहे।

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने SIR अभियान के क्रियान्वयन एवं उसके उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पार्टी की एकजुटता और मजबूत संगठनात्मक संरचना पर बल दिया। साथी ही कार्यकताओं को SIRअभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए उत्साह वर्धन करते हुए पूरी तन्मयता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा के शहडोल संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया ने अभियान की समीक्षा करते हुए

जिले के सभी कार्यकताओं को टीम भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की रक्क्र अभियान का उद्देश्य जिले में मतदाता सूची के पारदर्शी पुनरीक्षण, मतदान में निष्पक्षता, एवं संगठन की जमीनी मजबूती को सुनिश्चित करना है।

बैठक में बीएलए-1 व अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और सभी को अभियान की सफलता के लिए प्रतिबद्धता जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी कार्यकर्ता SIRअभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाकर संगठन की जड़ों को और मजबूत करने का कार्य करेंगे। स्वागत एवं बैठक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता व मातृशक्ति, मण्डल के पदाधि कारीगण, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर मे ध्वजारोहण हिन्दुओं का ऐतिहासिक विजय - डा.प्रवीण तोगडिया

### निमार्णाधीन संकल्प महाविद्यालय परिसर में श्रीराम मन्दिर निर्माण का किया भूमिपूजन

**समाज जागरण**

अनूपपुर। अयोध्या जी में श्री राम जन्मभूमि मन्दिर मे ध्वजारोहण हिन्दुओं का ऐतिहासिक विजय है। हमने लाखों हिन्दू साथियों के साथ चालीस साल संघर्ष किया। आज श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर मे भगवा ध्वज लहरा रहा है। यह पिछले उन लाखों हिन्दुओं के त्याग, तपस्या ,बलिदान का परिणाम है। अब हमारा उद्देश्य है कि देश के सभी हिन्दुओं के घरों मे भगवा ध्वज लहराए। घरों मे भगवा झंडा लहराना तो आसान है। प्रत्येक हिन्दू को अच्छा घर मिले, अच्छी शिक्षा मिले, रोजगार मिले, स्वास्थ्य की व्यवस्था हो तथा किसानों को फसलों की अच्छी कीमत मिले, इसके लिये हम कार्य कर रहे हैं। इस हेतु प्रत्येक गांव, शहर की गलियों, सडकों, चौराहों में शनिवार या मंगलवार को हनुमान चालीस का पाठ और प्रत्येक घर मे ओमश्री परिवार लिखने का अभियान चला रहे हैं। इसके माध्यम से हिन्दू परिवारों की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। मंगलवार को मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एक दिन के प्रवास पर आयें विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद,राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने आयोजित कार्यक्रम में कहीं। अयोध्या जी में श्रीराम मन्दिर में भगवा ध्वज लहराने पर कहा कि यह हिन्दुओं का एतिहासिक विजय है। मेरे साथ चालीस साल तक पचास लाख लोगों ने हिन्दुओं को जगाने के लिये संघर्ष किया। पचास लाख कार्यकताओं की मेहनत, आठ लाख स्वयंसेवकों के बलिदान और आठ करोड़ हिन्दुओं के दिये हुए पैसे से बना है। ऐसे सभी हिन्दुओं को मेरा बहुत-बहुत धन्यवाद है। इसके बाद सीतापुर गाँव मे निमार्णाधीन संकल्प महाविद्यालय परिसर पहुंचे। यहाँ उन्होंने श्रीराम मन्दिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। यहाँ उन्होंने एक मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित छात्र - छात्राओं को संबोधित किया और उनके प्रश्नों के जवाब दिये। इसके पूर्व उन्होंने बरबसपुर, फुनगा,मझगंवा, कोतमा मे अल्प प्रवास कर कार्यकताओं से भेंट की और उनसे चर्चा की। जहां अलग - अलग स्थानों पर सम्मानित किया। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एबं स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

## नगर परिषद बकहो में विकास कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह

**समाज जागरण शहडोल**

नगर परिषद बकहो में आज विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण का भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री जयसिंह मरावी (विधायक जैतपुर)उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती अमिता चपरा श्रीमति मौसमी केवट (अध्यक्ष नगर परिषद बकहो वैभव विक्रम सिंह ( उपाध्यक्ष नगर परिषद बकहो ) , नगर परिषद बकहो के पार्षदगण सहित नगर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

शिलान्यास किए गए प्रमुख कार्य इस समारोह में नगर परिषद बकहो क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण



परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। ये परियोजनाएँ नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण करते हुए कहा कि ये परियोजनाएँ निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएँगी, जिससे नगर के निवासियों को सीधा लाभ मिले।शिलान्यास के साथ ही, नगर परिषद बकहो द्वारा सफल तापूर्वक पूर्ण किए गए कई विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। इन कार्यों के माध्यम से अब नागरिकों को उनका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।नगर परिषद अध्यक्ष ने लोकार्पण के दौरान कहा कि नगर परिषद बकहो नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे ही विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

वक्ताओं ने विकास पर जोर दिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने नगर परिषद की प्रशंसा की और कहा कि स्थानीय निकाय जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नगर के तीव्र विकास का आश्वासन दिया। नगर परिषद अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। समारोह का समापन श्रीमती नीलम तिवारी (मुख्य नगर परिषद बकहो )द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह कार्यक्रम नगर परिषद बकहो के विकास यात्रा में एक मील का पत्थर साबित हुआ है, जो भविष्य में और अधिक समृद्धि और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेश घई के निवास में मंत्रोच्चार के साथ साधू संतो हुई अगवानी।

### प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा में शामिल भक्तों का किया गया स्वागत,सनातन धर्म का झंडा हुआ बुलंद।

**समाज जागरण विजय तिवारी**

मैहर।धार्मिक नगरी मैंहर के सिद्ध स्थलों में एक बड़ा अखाड़ा से भगवान श्रीराम जी की शोभा यात्रा जैसे ही कांग्रेस पार्टी मैंहर विधान सभा से प्रत्यासी रहे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व कांग्रेस पार्टी के जिला धर्मेश घई के निज निवास पहुची।इस दौरान बारात में सामिल भक्तों का स्वागत किया गया।साथ ही बड़ा अखाड़ा के परम पूज्य संत श्री श्री 1008 श्री सीताशरण राम बल्लभ जू महाराज के साथ अन्य साधू संतो का कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष एव उनके पुत्र वार्ड क्रमांक 15 से पार्षद ध्यानेश घई"शनि भाई के द्वारा साधू संतो की अगवानी करते हुए मंत्रोच्चार के साथ शाल श्री फल भेट कर किया गया स्वागत व सम्मान।



**सनातन संस्कृति का ध्याज हुआ बुलंद।**

दौरान दलीय विचार धारा हुई दरकिनार सिर्फ सनातन धर्म का ध्याज हुआ बुलंद।भाजपा के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,संजय राय, धीरज पांडेय,,नगर पालिका अध्यक्ष पति संतोष सोनी,व्यपारी संघ के अध्यक्ष नितिन ताम्रकार,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सूर्य प्रकाश चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेश तिवारी,कुलदीप तिवारी,पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यभान तिवारी,भाजपा नेता विश्वनाथ चौरसिया,राजा चौरसिया, ,झल्ला परौहा,नागेंद्र सोनी,महेंद्र त्रिपाठी,शोभराज चतुर्वेदी,पूर्व पार्षद रमेश प्रजापति मुन्ना,ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात दुवेदी साथ सभी दल के नेताओ ने श्री घई के निवास पहुच भगवान श्री राम की पूजा अर्चना करते हुए शोभा यात्रा में शामिल भक्तों का किया स्वागत व सम्मान।

## कहानी संग्रह रंग को तरसती तूलिका' का विमोचन संपन्न

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़/प्रयागराज।वैचारिकी, साहित्यांजलि प्रज्योदि एवं लोकरंजन प्रकाशन के संयुक्त तत्त्वावधान में रवि कुमार मिश्र के कहानी संग्रह ह्यरंग को तरसती तूलिका ' का लोकापर्ण समारीह ह्यसारस्वत सभागार' लूकरगंज मे संपन्न। कार्य क्रम की अध्यक्षता मारूफ शाइर अनवार अब्बास एवं मुख्य अतिथि रवि नन्दन, विशिष्ट अतिथि विजय लक्ष्मी विभा, शम्भू नाथ त्रिपाठी अंशुल, लोकेश मिश्र रहे। संचालन संगीता श्रीवास्तव सुमन ने किया। स्वागत एवं आभार प्रो०अरविन्द कुमार मिश्र ने किया। संयोजक डॉ० प्रदीप चित्रांशी एवं डॉ० आदित्य नारायण सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनवार अब्बास नकवी ने कहा कि हम उस पीढ़ी के आखिरी लोग हैं जिन्हें कागज की महक और किताबी तकिए की लत




है । साहित्य जो है वह सौंदर्य है जीवन का, मन का, चेतना का,सृजन का । भाव और भावनाओं के सूनापन पर आधारित कृति रंग को तरसती तूलिका का मुख्य विषय है प्रेम,प्रेम वह दृष्टि और भाव है जो इस दृष्टि से जिस चीज को देख लेता है वह सुंदर हो जाती है। अगर आप सृष्टि से प्रेम नहीं कर सकते तो आपका परमात्मा से प्रेम नहीं हो सकता। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हर साहित्यकार समाजशास्त्री होता ही है। पाठक और पुस्तक पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि घर में किताबें तभी पहुंचेंगी जब बाजार में किताबें आएंगी। साथ ही उन्होंने पढ़ने की संस्कृति पर कहा कि आज किताबों का बाजार ही गायब होता जा रहा है अतः यह देखना होगा कि लेखक पाठकों को बांधने में कितना सफल हो पाता है। मुख्य अतिथि डॉक्टर रविनंदन सिंह ने कहा कि यह रचना मनोविश्लेषणात्मक है, मन का अंतरद है, इसमें फ्रायड है, हर कहानी में बारीक परते हैं, उसमें अंदर जाने की जरूरत है, परतों को खोलने की जरूरत है, क्योंकि रचनाकार अपने व्यक्तित्व को विलीन करके लिखता है स्थायी भाव पर लिखा साहित्य, मानवीय भाव पर लिखा साहित्य कालजयी होता है और "रंग को तरसती तूलिका" के लेखक ने स्थाई भाव को पकड़ा है वह भाव है प्रेम ।साथ ही उन्होंने लोक कथा से लेकर आधुनिक कहानी तक के सफ़र पर श्रवण परंपरा से लेखन और आधुनिक कहानी पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि अनुभूतियों के कहानीकार है प्रोफेसर रवि मिश्रा। विजयलक्ष्मी विभा ने कहा कि समाजशास्त्र साहित्य का सृजन करता है। डॉ शंभू नाथ त्रिपाठी अंशुल ने प्रेम, प्रेम के अंतर्द्वद की चर्चा करते हुए कहा कि प्रेम में पाने का नहीं खोने का भाव होता है। प्रस्तुत कहानी का भाव समाज को अनुप्राणित करेगा। श्री लोकेश शुक्ला जी ने गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना करते हुए प्रस्तुत कहानी की चर्चा में भावनात्मकता के साथ दूसरों को समझना और एक संवेदना अभिव्यक्त करने हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शहर के नाम चीन शायर, साहित्यकार रचना धर्मी एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़/उपजिलाधिकारी कुंडा न्यायालय द्वारा जमीन की पैमाइश एवं मेडबंदी करा देने के बाद भी मेड़ को तोड़ने तथा जमीन में लगाए गए पिलर बल्ली को उखाड़कर गायव कर देने के मामले में एसडीएम के आदेश पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ7 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। महेशगंज थाना क्षेत्र के चेतरा गांव के रहने वाले विश्व दीपक त्रिपाठी पुत्र राधेश्याम ने हीरागंज बाजार निवासी बंशीलाल गुप्ता से जमीन का बैनामा लिया है। उपजिलाधिकारी न्यायालय कुडा द्वारा जमीन की पैमाइश एवं मेड़बंदी करा देने के बाद नायब तहसीलदार द्वारा जमीन पर कब्जा भी करा दिया गया था। उसी जमीन पर विश्व दीपक ने पिलर, बल्ली गाड़कर उसको तार से घेरवा दिया था लेकिन हीरागंज बाजार के ही रहने वाले छोटेलाल सरोज, बृजेन्द्र सरोज, विनोद, सुनील, बच्चा सहित उनके घर कई सारे सदस्यों एवं महिलाओं ने मेड़वदी के निशान को नष्ट करके पिलर एव वल्ली को तोड़कर उसको गायब करके चुरा ले गए। इस बात की जानकारी जब पीड़ित को हुई तो जब वह अपनी जमीन देखने गए तो सभी आरोपीगण गाली देते हुए उनको घेर लिए और जान से मारने की धमकी दिए। विश्व दीपक ने इसकी शिकायत एसडीएम से की। लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की आख्या के आधार पर एसडीएम ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ महेशगंज मनोज कुमार तोमर का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## नौरोजाबाद में खाकी के सह पर खुलेआम शराब की पैकारी, पुलिस और अधिकारी विभाग की मौन स्वीकृति

### कबाड़ का अवैध कारोबार एवं वामन परी का खेल भी जोरो पर

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया। जिले के नौरोजाबाद में संचालित कंपोजिट शराब दुकान जिन्हें अपने दुकान से शराब की बिक्री करने का अधिकार है लेकिन ज्यादा आमदनी की फिराक में ठेकेदार गांव-गांव शराब की पैकारी कर गांव की जनता को नशे की लत लगाकर उनका और उनके परिवार का जीवन बर्बाद करने में लगे हुये है। जिसे देखने और सुनने वाला कोई नहीं है प्रशासन की मूक दर्शन बन कर बस देखती रहती है। पुलिस प्रशासन की खुली छूट की वजह से शासन प्रशासन का भय नहीं है, खुले आम चल रहे अवैध शराब बिक्री को देखकर प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खडा होता है।। थाना अंतर्गत ठेकेदार के नुमाइंदों ने क्षेत्रीय व्यक्ति को शराब की तस्करी के लिए चिन्हित कर लिया है जिसे थाना अंतर्गत अनेक क्षेत्र में शराब की पाइकारी करवाई जाती है शराब की पाइकारी टू व्हीलर वाहनों से सुबह से शाम तक की जाती है जिस पर कोतमा पुलिस का कोई रोक नहीं है।

**गांव गांव बेची जा रही अवैध शराब**

नवरोजाबाद में संचालित कंपोजिट शराब दुकान के ठेकेदार के द्वारा गांव गांव में अवैध शराब बेचने का ठीहा बनाकर खुले तौर पर शराब की बिक्री की जा रही है जिसकी जानकारी उपर तक होने पर भी न तो कोई सही ढंग से कार्यवाही होती है न ही जांच पडताल होती है।

पुलिस कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है यह तो पता नहीं लेकिन हां शराब बिक्री कर ठेकेदार कई घरों को बर्बाद जरूर कर रहे हैं। कार्यवाही के नाम पर केस बनाकर छोड दिया जाता है अवैध करोबार की बिक्री जस का तस चलता रहता है। नौरोजाबाद के आसपास के गांव में अब तरीके से शराब की तस्करी कर युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का कार्य कर रहे हैं वहीं अच्छी खासी जिला को राजस्व की हानि भी हो रही है।

**किसकी शह पर बिक रही शराब**

ग्राम पंचायतों में ठेकेदार के द्वारा वैध शराब बेचने का कोई प्रावधान नहीं है इसके बावजूद भी गांव गांव में खुले तौर पर शराब बिक्री पुलिस प्रशासन की शह पाकर खुले तौर पर बेचा जा रहा है। सबसे बडा सवालिया निशान है कि आखिर किसकी शह पर अवैध शराब की बिक्री खुले तौर पर हो रही है। ठेकेदार पुलिस को कमीशन देकर खुले आम शराब की पाइकारी करवाता है पर ना तो आबकारी विभाग और ना ही पुलिस विभाग किसी तरह की पैकरी पर कार्यवाही करती है,

**शराब पीकर लूट पाट और मारपीट में उतारू शराबी**

अवैध रूप से ढाबा और गांव गांव में खुले अवैध रूप से शराब अहाते में आये दिन मार पीट जैसी घटना देखने को मिलता है

**सार्वजनिक स्थल बन चुका है मयखाना**

शराब दुकान हो जाने अवैध रूप से ढाबा में अहाता के साथ-साथ खुले में शराब खेत व खुले मैदाने में पी जा रही है इसके बाद हाईवे में चलने वाले ट्रैकों से लूटपाट को अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही गांव गांव शराब की बिक्री की वजह से जिस गांव में अवैध शराब की बिक्री हो रही है वहां के सार्वजनिक स्थल मयखाने में तबदील हो चुके हैं, चाहे वह खेल मैदान या फिर बाजार परिसर शराबियों का मयखाना बना हुआ है। शाम ढलते ही बाजार एवं खेल मैदान परिसर में शराबी अवैध शराब अहाते से शराब खरीदकर अपने मन पंसदीदा जगहों पर ठिकाना बनाकर शराब पीते हैं जिससे यहां का माहौल खराब कर रहे हैं।

**52 परी का खेल भी जोरों पर**

क्षेत्र के अनेक अड्डों में दिवाली से ही बदल बदल कर वामन परी का खेल चल रहा है कभी मंडी खोली तो कभी पांच नंबर तो कभी छादा अन्य स्थानों में फर्ड का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा अवैध रूप से कबाड़ का धंधा भी क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है जहां कोयला खदानों से चोरी किए गए मशीनरी पाट्र्स तांबे के वायर एवं लोहे की सामग्री की खरीदी खुलेआम की जा रही है।

## उपचार के दौरान वृद्ध की मौत पर गुस्साए लोगों ने काटा हंगामा, लापरवाही का लगाया आरोप

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल सरकारी ट्रामा सेंटर में सोमवार देर रात एक वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत से गुस्साए परिजनों लापरवाही का आरोप लगा जमकर हंगामा काटा। सीएमएस ने पहुंचकर मामला शांत कराया।

थाना शिकोहाबाद के क्षेत्र निजापुर गढूंमा निवासी 65 वर्षीय सत्यपाल को परिजन बीमार होने पर उपचार को सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए। चिकित्सक ने भर्ती कर उसका उपचार शुरू कर दिया।

देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की पुष्टि होते ही परिजन



गुस्से में आ गए। उन्होंने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन लोगो ने जमकर हंगामा किया। चिकित्सकों ने हंगामे का विरोध किया तो परिजनों से उनकी तकरार हो गई। उन लोगो के बीच धक्का मुक्की भी हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची। सीएमएस डा,नवीन जैन भी पहुंच गए। लोगो को समझाकर मामला शांत कराया।

# थाने चौकी एसपी ऑफिस के दफ्तर का चक्कर काट रही विधवा महिला, बेटी को ढूंढने के लिए लगा रही गुहार

## एक माह पूर्व गांव का ही युवक नाबालिक लड़की को लेकर फरार है, नही हो रही सुनवाई

**सोनभद्र ब्यूरो/ समाज जागरण**



सोनभद्र/खलियारी। रायपुर थाना क्षेत्र के सिकरवार गांव में एक युवक द्वारा नाबालिक लडकी को लेकर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है शासन प्रशासन से अपने बेटी को ढूंढने की गुहार लगाती हुई विधवा मां की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

जानकारी के अनुसार रायपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरवार गांव में एक युवक एक माह पूर्व गांव की ही एक नाबालिक लडकी को लेकर फरार हो गया है अपने लड़की के सुरक्षित वापसी और उसके भविष्य की चिंता में विधवा मां पुलिस थाना और एसपी ऑफिस के चक्कर काट रही है लेकिन अभी तक उसके बेटी को खोजने में पुलिस नाकाम रही है।

बता दें कि लड़की के पिता की मृत्यु हो चुकी है विधवा मां की एक मात्र सहारा उसकी बेटी थी उसे भी एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया जिससे महिला काफी चिंतित है न्याय की उम्मीद में है महिला भी बेटी के चिंता में बीमार चल रही है ऊपर से अधिकारियों के ऑफिस के चक्कर काट रही है महिला और उसके परिजनों का कहना है कि किसी साजिश के तहत हमारी लड़की को भगाया गया है लड़का आज भी अपने परिवार के संपर्क है अगर पुलिस लड़के के परिजनों से कड़ाई से पूछताछ करे तो सारी सच्चाई सामने आ जाएगी।

लड़की के मां का कहना है कि दो तीन बार पुलिस अधीक्षक के पास जा चुकी हूं हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है विपक्षी दबंग किस्म के लोग है उनकी राजनैतिक पहुंच है इस लिए स्थानीय पुलिस ठीक ढंग से इस मामले को नही देख रही है। थाना प्रभारी रायपुर रामस्वरूप वर्मा ने बताया कि दबिश दी जा रही गिरफ्तारी बहुत जल्द होगी, इसमें जो भी होगा उसको छोड़ा नहीं जाएगा।

# शॉर्ट सर्किट से रेलवे क्वार्टर में लगी आग, सामान जलकर राख

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। रेलवे सफाई कॉलोनी स्थित क्वार्टर नंबर 264/अ में मंगलवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। यह क्वार्टर रेलवे कर्मी सोहन पासवान का सरकारी आवास है। जानकारी के अनुसार कुछ घंटों से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित थी, इसी बीच अचानक बिजली आने से क्वार्टर में शॉर्ट सर्किट हो गया और आग भड़क उठी। धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो कमरे के अंदर आग लगी हुई थी। स्थानीय लोगों ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए मेन बोर्ड का स्विच बंद कर पानी डालकर आग पर काबू पाया। हादसे में कमरे में रखा फ्रीज समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय सोहन पासवान विभागीय कार्य से बाहर गए हुए थे, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। समय रहते आग नियंत्रित कर लिए जाने के कारण क्वार्टर के अन्य हिस्सों और आसपास के क्वार्टरों को किसी बड़े नुकसान से बचा लिया गया। स्थानीय लोगों ने रेलवे विभाग से मांग की है कि ऐसे मामलों को रोकने के लिए पुरानी वायरिंग की जांच कर आवश्यक सुधार कराए जाएँ, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# 358 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ आयोजन

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 25 नवंबर 2025 को 358 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रशासन सोनभद्र के पर्यवेक्षण में यह आयोजन डायट परिसर, उरमौरा, रावट्र्सगंज में किया गया। इसमें 355 हिंदू और 3 मुस्लिम जोड़े शामिल थे, जिनका विवाह उनके रीति-रिवाजों के अनुसार कराया गया। इस सामूहिक विवाह में विभिन्न विकास खंडों और नगर निकायों से जोड़े शामिल हुए। रावट्र्सगंज से 54, घोरवल से 75, करमा से 27, चतरा से 29, नगवां से 08, चोपन से 38, कोन से 22, दुद्धी से 32, बभनी से 42 और म्योरपुर से 29 जोड़े सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त, नगर पालिका रावट्र्सगंज और नगर पंचायत चुर्क से भी एक-एक जोड़े ने विवाह किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड़, रावट्र्सगंज विधायक भूपेश चौबे, एससी/एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार और सदस्य मिठाई लाल उपस्थित रहे। नगवां के ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह और म्योरपुर के ब्लॉक प्रमुख मान सिंह भी मौजूद थे। मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया और कन्यादान किया। शासनादेश के अनुसार, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रति युगल 1,00,000 रुपये का व्यय निर्धारित है। इसमें से 60,000 रुपये की सहायता राशि कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाती है, जिसका उद्देश्य उनके दाम्पत्य जीवन और गृहस्थी की स्थापना में मदद करना है। इसके अतिरिक्त, 25,000 रुपये मूल्य की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की गई। इसमें पालय-बिछिया, गद्दा, तकिया, साड़ी, ब्लाउज, पेटीकोट, चुनरी, लहंगा, चादर, प्रेस, डिनर सेट, सीलिंग फैन और मिष्ठान शामिल थे। कन्याओं को कलाई घड़ी भी दी गई। कार्यक्रम के आयोजन पर भोजन, पंडाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत/प्रकाश और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए प्रति जोड़ा 15,000 रुपये खर्च किए गए। बिरला कार्बन, रेनुकूट ने सभी कन्याओं को शॉल भेंट किए, जबकि चिकित्सा विभाग ने सभी जोड़ों को शगुन किट उपलब्ध कराई। आयोजन स्थल पर सामूहिक विवाह सेल्फी प्वाइंट और नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था।

# बकाया फीस को लेकर प्रधानाचार्य ने 12वीं के छात्र की बेरहमी से किया पिटाई

## छात्र की मां ने सदर कोतवाली पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप, न्याय को पहुंची डीएम दरबार

**सोनभद्र ब्यूरो/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्र में संचालित एक चर्चित प्राइवेट स्कूल में समय से फीस जमा न करने पर कक्षा 12वीं के छात्र की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना 14 नवंबर शुक्रवार की बतायी जा रही है। पीड़ित छात्र की मां विभा जायसवाल ने सदर कोतवाली पुलिस को दोषी प्रधानाचार्य के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी, लेकिन मामले में स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। बाद पीड़िता ने 17 नवंबर को जिलाधिकारी व 20 नवंबर को पुलिस अधीक्षक को संबोधित पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगायी है। नगर के न्यू कालोनी निवासी विभा जायवाल ने बताया कि उसका पुत्र यश जायसवाल जय पुरिया स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र है। आर्थिक तंगी के कारण अपने पुत्र के स्कूल की फीस वह दो माह से जमा नहीं कर सकी थी। आरोप है कि समय से फीस जमा न करने पर स्कूल के प्रधानाचार्य उसके पुत्र को छात्रों के सामने अक्सर जलील करते थे। 14 नवंबर को बकाया फीस को लेकर प्रधानाचार्य ने उसके पुत्र की डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। प्रधानाचार्य की पिटाई से उसका पुत्र स्कूल में ही बेहोश हो गया था। आरोप है कि घटना की जानकारी होने के बाद वह स्कूल पहुंची और अपने पुत्र को लेकर सदर कोतवाली जा पहुंची। यहां वह स्कूल के प्रधानाचार्य के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर प्रधानाचार्य की पिटाई से घायल पुत्र





का मेडिकल कराने की बात कही। लेकिन पुलिस कर्मियों ने मेडिकल कराने से साफ मना कर दिया। बार-बार वह कभी सदर कोतवाल तो कभी अन्य पुलिस कर्मियों के सामने गिड़गिड़ाती रही, लेकिन पुलिस कर्मियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। बाद वह अपने पुत्र को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां उसका दवा-उपचार हुआ। पीड़िता ने बताया कि स्थानीय पुलिस से न्याय न मिलने पर वह जिलाधिकारी व पुलिस अधी क्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। पीड़िता का आरोप है कि जयपुरिया स्कूल सपा के एक चर्चित नेता का है। उक्त नेता की ऊंची पहुंच के कारण प्रधानाचार्य के खिलाफ तहरीर सौंपने के बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कहा कि यदि पुलिस-प्रशासन मामले में कोई कार्रवाई नहीं किया तो, वह मजबूर होकर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर न्याय की गुहार लगाने को मजबूर होगी। उधर लगाए जा रहे आरोपों के बावत जयपुरिया स्कूल के प्रधानाचार्य से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन वे मौजूद नहीं मिले। लिहाजा उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

# बच्चों को समझने के लिए अभिभावकों को बनना पड़ेगा दोस्त:- साधना सिंह

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। सोनभद्र विकास समिति एवं चाइल्ड राइट्स एंड यू के सहयोग से बच्चों के साथ बाल दिवस अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम थीम सर्कल समय/ सुनने का समय - बच्चे समूह बैठक में समुदाय के सदस्यों के साथ अपने विचार/चिंताएं व्यक्त करेंगे के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र के ब्लाक रावर्टसगंज के ग्राम बढौना, अमौली में गतिविधि का आयोजन किया गया। संस्था काउन्सलर साधना सिंह द्वारा बताया गया की एक बच्चे की सफलता में अभिभावक सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। उनकी परवरिश ही व्यक्ति को जीवन जीने का तरीका सिखाती है लेकिन आजकल के बदलते दौर में अभि भावकों के सामने बच्चों को समझने की चुनौतियां बढ़ गई हैं। इस वजह से अभिभावकों ने परवरिश का तरीका भी बदल दिया है। वह बच्चों के दोस्त बनकर उनके साथ चलने का प्रयास कर रहे हैं।बच्चों पर सबसे बेहतर बनने की इच्छा से बढ़ता दबाव नए दौर के अभिभावकों की सबसे बड़ी समस्या है। शिक्षा, खेल यहां तक की रहने के तौर-तरीकों में भी बच्चों में एक होड़ लगी है। बच्चे इतनी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं कि उनकी गति को मिला पाना माता-पिता के लिए एक चुनौती है। मोबाइल फोन से मिली आजादी से बच्चे जितने एडवांस हो रहे हैं, उतना ही सुरक्षा के मद्देनजर अभिभावकों की चिंताएं बढ़ रही हैं। मगर इन्हीं समस्याओं के बीच मॉडर्न पेरेंटिंग के जरिये अभिभावक इन समस्याओं का भी हल ढूंढ़ लिया है। उनके अनुसार आधुनिकता की मदद से वह बच्चों के महत्वाकांक्षाओं को समझ पा रहे है। बच्चों को सही-गलत का फर्क सीखा पा रहे हैं इन्हीं बातो को हम सबको समझने की आवश्यकता है साथ ही बदलते मौसम के बीमारियों के बारे मे बताया गया की कैसे हम बिमारियो से सुरक्षित रह सकते है। सामाजिक कार्यकर्त्ती रीना शर्मा द्वारा जीवन कौशल के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया गया। मौकेपर अभियान में संस्था सचिव राजेश चौबे, काउन्सलर साधना सिंह, सामाजिक कार्यकर्त्ती सुनीता,रीना शर्मा, बरेखा, बरीमा, प्रिति, एकाउंटेंट, कोर्डिनेटर सहित समुदाय के बच्चें और अभिभावक मौजूद रहे।

# डीएम ने किया बूथों का औचक निरीक्षण, गणना प्रपत्र भरने व भरे गए गणना प्रपत्रों का लिया जायजा

**सोनभद्र ब्यूरो/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान, 2026 के तहत राबट्सगंज तहसील क्षेत्र के नगर पालिका परिषद के बूथों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के नाम फीडिंग, गणना प्रपत्रों के वितरण और एकत्रित करने की प्रगति का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभियान की स्थिति की समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने जनपद के प्रत्येक मतदाता से अपील की है कि वे स्वयं से संबंधित गणना प्रपत्र को सही ढंग से भरकर हस्ताक्षर करें। इन प्रपत्रों को जल्द से जल्द अपने मतदेय स्थल के बीएलओ को उपलब्ध करा दें। गणना प्रपत्र भरने में किसी भी कठिनाई के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद वर्ष 2003 में तैयार मतदाता सूची में अपना या अपने संबंधी का विवरण खोजने के लिए मतदाता वेब पोर्टल voters.eci.gov.in पर जा सकते हैं। वहां 'Search by Elector Details VSc'पर क्लिक करके 'Search by Elector Details VSc' टैब के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से एस.आई.आर. प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लेने और बीएलओ का सहयोग करने का आग्रह किया। जिलाधिकारी ने एस.आई.आर. से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे समस्त गांवों के मजरों और नगरीय क्षेत्रों के मोहल्लों, कॉलोनियों तथा बस्तियों में रहने वाले प्रत्येक मतदाता को गणना पत्र अवश्य उपलब्ध कराएं। साथ ही, मतदाता के हस्ताक्षरयुक्त एक प्रति बीएलओ को वापस प्राप्त की जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तहसीलदार ने बीजपुर क्षेत्र में चल रहे एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण।

**सोनभद्र ब्यूरो/ समाज जागरण**

सोनभद्र/बीजपुर। मंगलवार को दोपहर बीजपुर परिक्षेत्र में चल रहे एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का तहसीलदार अंजनी कुमार गुप्ता ने निरीक्षण किया। जिसमें बीएलओ से घर-घर जाकर सत्यापन करने फॉर्म भरने की स्थिति की जानकारी ली उन्होंने धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और कर्मचारियों को समय पर काम पूरा करने और मतदाताओं की समस्याओं का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मतदाता पहचान की सुविधा मिले। श्री गुप्ता ने मतदाता



पुनरीक्षण एसआईआर कार्य की प्रगति की जांच किए और बीएलओ के साथ-साथ पर्यवेक्षको से फॉर्म भरने की प्रक्रिया देखी। उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची से किसी भी पात्र नागरिक का नाम न छूटे यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और हर घर तक पहुंच कर दस्तावेजों की जांच और फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी करने पर जोर दिया। उन्होंने बीएलओ और अन्य संबंधित कर्मचारियों को प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से तहसील कार्यालय भेजने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य समाप्ति पर है। जिसको लेकर अलाउंस कर मतदाताओं से अपील किया जल्द से जल्द अपने बीएलओ से संपर्क करें। इस दौरान कानूनगो गंगा प्रसाद सिंह, लेखपाल संतोष यादव, अनिल गुप्ता, अरुण कन्नौजिया मौजूद रहे।

# वन विभाग की टीम ने अवैध जेसीबी मशीन को किया जब्त

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र/खलियारी। मांची वन क्षेत्र के उजारी टोला के जंगल के भूमि के समीप मंगलवार को खेत बना रही जीसीबी मशीन को वन कर्मियों कि टीम ने पकड़ा और वन रेंज आफिस चौखड़ा के परिसर में खड़ी कर दिया और विधिक कार्रवाई किए। राम जी लाल अपने वन कर्मियों के साथ क्षेत्र में गस्त के लिए निकले थे तभी देखा कि एक जीसीबी मशीन वन क्षेत्र के भूमि के समीप खेत बना रही है टीम जैसे ही मौके पर पहुंची तो जीसीबी चालक जीसीबी मशीन छोड़कर भाग गया तो वन कर्मियों ने जीसीबी मशीन को रेंज आफिस चौखड़ा ले गयी। इसकी पुष्टि रामजी लाल डीप्टी रेंजर माची ने किया है।

# नया एआई सिनेमा' पर मास्टरक्लास, जनरेटिव एआई और एलएलएम के साथ फिल्म निर्माण के भविष्य की पड़ताल करता है

शेखर कपूर सिनेमा के भविष्य पर दूरदर्शी संवाद का नेतृत्व करेंगे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) 2025 के छठे दिन "द न्यू एआई सिनेमाः ए डिस्कोर्स ऑन जनरेटिव एआई एंड लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स ( एल एलएम)" शीर्षक से एक विचारोत्तेजक मास्टरक्लास का आयोजन किया गया, जिसमें प्रौद्योगिकी और सिनेमा जगत की जानी-मानी हस्तियाँ एआई-संचालित फिल्म निर्माण के तेजी से विकसित होते परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए एक साथ आईं।




इस पैनल में प्रख्यात प्रौद्योगिकीविद् श्री शंकर रामकृष्णन, एआई विशेषज्ञ श्री वी. मुरलीधरन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित फिल्म निमार्ता श्री शेखर कपूर शामिल थे। सत्र की शुरूआत श्री रवि कोट्टारकरा द्वारा शेखर कपूर के भारतीय सिनेमा में अग्रणी योगदान के सम्मान के साथ हुई। उन्होंने कहानी कहने और फिल्म निर्माण के प्रति कपूर के दूरदर्शी दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, और विशेष रूप से फिल्म "मिस्टर इंडिया" का उल्लेख किया, जिसे आज भी अपनी तकनीकी नवीनता और स्थायी सांस्कृतिक प्रभाव के लिए जाना जाता है। एआईः फिल्म निर्माण में सबसे लोकतांत्रिक माध्यम चर्चा की शुरूआत करते हुए, श्री शेखर कपूर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उदय के साथ दुनिया में एक बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने एआई को "फिल्म निर्माण का सबसे लोकतांत्रिक माध्यम" बताया और इस बात पर जोर दिया कि इसने उद्योग के भीतर पारंपरिक बाधाओं और द्वारपालिता को ध्वस्त कर दिया है। एक दिलचस्प किस्से में, उन्होंने बताया कि कैसे उनके रसोइये ने चैटजीपीटी का उपयोग करके मिस्टर इंडिया 2 की पटकथा लिखी, जिसमें एआई उपकरणों द्वारा आम लोगों तक पहुँच और सशक्तिकरण को दशार्या गया। उन्होंने कहा कि एआई वैश्विक सिनेमा को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार है और अभूतपूर्व रचनात्मक स्वतंत्रता प्रदान करेगा। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देश के रूप में भारत की स्थिति का उल्लेख करते हुए, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह जनसांख्यिकीय शक्ति फिल्म प्रौद्योगिकियों के भविष्य में भारत के नेतृत्व को गति प्रदान करेगी।

सत्र के दौरान, श्री कपूर ने वीएफएक्स और एआई के बीच अंतर को भी समझाया, यह स्पष्ट करते हुए कि वीएफएक्स में डिजिटल रूप से दृश्यों का निर्माण या हेरफेर करना शामिल है, जबकि एआई फिल्म निर्माण प्रक्रिया के तत्वों को स्वचालित, बढ़ाने या उत्पन्न करने के लिए मशीन-लर्निंग मॉडल का उपयोग करता है। प्रौद्योगिकीविदों ने फिल्म निर्माण में एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया प्रौद्योगिकीविद श्री शंकर रामकृष्णन और श्री वी. मुरलीधरन ने चैटजीपीटी और गूगल जेमिनी जैसे एआई उपकरणों की विस्तृत श्रृंखला के बारे में विस्तार से बताया, जो फिल्म निमार्ताओं को पटकथा लेखन, स्टोरीबोर्डिंग और शॉट विवरण तैयार करने में सहायता करते हैं, जिसमें प्रकाश और कैमरा संबंधी आवश्यकताएं भी शामिल हैं।

दोनों ने राजा राव द्वारा लिखित अपनी एआई-सहायता प्राप्त फिल्म "द टर्बन एंड द रॉक" का प्रदर्शन किया और बताया कि कैसे विभिन्न एआई प्लेटफॉर्म और मॉडलों को इसके निर्माण में एकीकृत किया गया।

**दर्शकों के साथ बातचीत और एआई-निर्मित फिल्मों का प्रदर्शन**

इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान, पैनलिस्टों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे एआई वृत्तचित्र फिल्म निर्माण, अभिलेखीय पुनर्स्थापन और फिल्म शिक्षा में महत्वपूर्ण रूप से सहायक हो सकता है। उन्होंने "द लॉस्ट लीजेंड्स" नामक एक एआई-जनित लघु वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया, जिसने दर्शकों को उभरती रचनात्मक तकनीकों की क्षमताओं की एक झलक प्रदान की।

**सिनेमा के मूल में मानवीय भावनाएँ**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेजी से विकास के बावजूद, श्री शेखर कपूर ने इस बात पर जोर दिया कि सिनेमा का सार मानवीय भावनाओं में निहित है। उन्होंने कहा कि एआई प्रक्रियाओं में सहायता और गति प्रदान कर सकता है, लेकिन वास्तविक कलाकार अभी भी पर्दे पर सच्ची भावनाओं और गहराई को व्यक्त करने के लिए आवश्यक हैं।

**धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि**

मास्टरक्लास का समापन महान अभिनेता धर्मेंद्र को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ हुआ, जिसमें भारतीय सिनेमा में उनके अपार योगदान का सम्मान किया गया।

**इफ्फी के बारे में:**

1952 में स्थापित, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) दक्षिण एशिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े सिनेमा उत्सव के रूप में प्रतिष्ठित है। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार और गोवा मनोरंजन सोसायटी (ईएसजी), गोवा सरकार की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित, यह महोत्सव एक वैश्विक सिनेमाई शक्ति के रूप में विकसित हुआ है-जहां पुनर्स्थापित क्लासिक फि ल्में साहसिक प्रयोगों से मिलती हैं, और दिग्गज कलाकार निडर पहली बार आने वाले कलाकारों के साथ मंच साझा करते हैं। इफ्फी को वास्तव में चमकदार बनाने वाला इसका विद्युतीय मिश्रण है-अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं, सांस्कृ तिक प्रदर्शनियां, मास्टरक्लास, श्रद्धांजलि और ऊजार्वान वेव्स फिल्म बाजार, जहाँ विचार, सौदे और सहयोग उड़ान भरते हैं। 20 से 28 नवंबर तक गोवा की शानदार तटीय पृष्ठभूमि में आयोजित, 56वां संस्करण भाषाओं, शैलियों, नवाचारों और आवाजों की एक चकाचौंध भरी श्रृंखला का वादा करता है-विश्व मंच पर भारत की रचनात्मक प्रतिभा का एक गहन उत्सव।

# समुद्री सुरक्षा सहयोग पर बिम्सटेक विशेषज्ञ समूह की चौथी बैठक नई दिल्ली में संपन्न

समुद्री सुरक्षा सहयोग पर बिम्सटेक विशेषज्ञ समूह की चौथी बैठक का आयोजन नई दिल्ली में 24-25 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक, वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में किया गया जिसकी मेजबानी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय ने की। इसमें सभी बिम्सटेक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, नीति निमार्ताओं और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में पांच मुख्य क्षेत्रों के अंतर्गत पहचान किए गए कार्य-निष्पादन योग्य लक्ष्यों पर परिणामोन्मुखी चचाओं के एक अन्य दौर की सफल समाप्ति को दशार्ता है। इसमें विचार-विमर्श एचएडीआर पहलुओं सहित विभिन्न समुद्री सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर दिशा-निर्देशों को अपनाने पर केंद्रित रहा। इसमें शामिल हुए प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया और मार्गदर्शक दस्तावेजों की विषय-वस्तु से संबंधित व्यावसायिक सिफारिशें प्रदान कीं, जिससे बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण की बढ़ती समझ एवं जागरूकता उजागर हुई। बिम्सटेक सदस्य देशों ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर संपर्क को बढ़ावा देने, निकट भविष्य में समुद्री अभ्यास आयोजित करने, सूचना साझा करने, समुद्री खतरों से निपटने के लिए सामूहिक प्रतिक्रिया तंत्र को बढ़ावा देने, सहकारी एवं सहयोगात्मक उपायों के माध्यम से क्षमता बढ़ाने एवं क्षमता निर्माण के लिए कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया। बिम्सटेक विशेषज्ञ समूह की समुद्री सुरक्षा पर आयोजित चौथी बैठक के सफल आयोजन ने एक बार फिर से बंगाल की खाड़ी के समुद्री क्षेत्र को एक साझा बाध्यकारी कारक के रूप में मान्यता प्रादन की है तथा इस क्षेत्र में सामूहिक समुद्री सुरक्षा प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ

# जाम की समस्या अब शहर की दिनचर्या में शामिल हो चुकी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र में जाम कि समस्या जटिल होती जा रही है। शहर में पश्चिम पाली, चूड़ीपट्टी, डे मार्केट, गुदरी बाजार समेत अन्य मुख्य मार्गों में लगने वाले जाम से लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। प्रतिदिन लोग जाम की समस्या से परेशान हो रहे हैं। दरअसल शहर में जगह-जगह सड़क पर सब्जी मंडी एवं अन्य वस्तुओं की दुकान सजाकर अतिक्रमण कर रखे हैं। शहर में बड़े-बड़े मॉल एवं दुकानें हैं, जो अपने ग्राहकों के लिए गाड़ी रखने के लिए पार्किंग नहीं रखे हैं। जो ग्राहक सड़क पर ही बाइक एवं गाड़ियां खड़ी कर खरीदारी करते हैं। छोटी- बड़ी दुकानदारों ने भी रोड पर दुकान सजा कर अतिक्रमण कर रखे हैं। ई रिक्शा की भी संख्या काफी बढ़ गई है।



हर महीने डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होती है। लगातार तीन वर्षों से शहर में बढ़ रही ई-रिक्शा से होने वाली समस्या से निजात के लिए बैठक में नीतियां भी तय होती रही है। जिम्मेदार बैठक में आश्वस्त भी करते रहे हैं कि सात दिनों में स्टैंड बन जाएगा। ई रिक्शा का नंबरिंग व रूट चार्ट भी तैयार कर लिया गया है, लेकिन बैठक से बाहर निकलते ही जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी भूल जाते हैं या फिर इसके प्रति जानबूझकर रुचि लेना नहीं चाहते हैं। हद की बात ये है कि वरीय पदाधिकारियों का भी ध्यान इस ओर नहीं जाता है।

जाम की समस्या अब शहर की दिनचर्या में शामिल हो चुकी है। ऐसा कोई दिन नहीं - गुजरता है, जो जाम की समस्या नहीं रहती।

खासकर स्कूल - आने और जाने वाले बच्चे और गंभीर रूप से बीमार लोगों सहित जरूरी कार्य से बाहर निकलने वाले आम नागरिकों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती है।

शहर में लगभग तीन हजार से अधिक ई रिक्शा का परिचालन होता है।लगभग पांच सौ से अधिक ई रिक्शा प्रतिदिन बंगाल से आती जाती है। ई रिक्शा चालक हर चौक चौराहे पर ही रुककर यात्रियों को चढ़ाने और उतारने का कार्य करते हैं। सड़क पर ई रिक्शा के ठहराव से अन्य वाहनों को गुजरने में जाम से वाहनों की कतार लग जाती है और आगे पीछे निकलने की होड़ में जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। सड़क सुरक्षा 3 वर्षों से योजना ही तैयार होती रही है।

हाल ही में नप अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान की अध्यक्षता में नगर परिषद बोर्ड की बैठक हुई थी। बैठक में ई रिक्शा परिचालन को लेकर अहम चर्चा भी हुई थी। बैठक में प्रस्ताव भी लिया गया कि जल्द ही ई रिक्शा का नंबरिंग कर रुट चार्ट निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ साथ बंगाल से आने वाली ई रिक्शा को बॉर्डर पर ही रोक दिया जाएगा, लेकिन यह निर्णय भी अबतक अमल से कोसों दूर है। वही नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी प्रवीण कुमार से संपर्क करने पर फोन नहीं उठाया।

# सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ बिहार सरकार और यूनिसेफ की संयुक्त मुहिम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशोरियों के स्वास्थ्य और सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी का मुंह) जैसे बढ़ते खतरे को देखते हुए यूनिसेफ बिहार और बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को पूर्णिया में प्रमंडल स्तरीय मीडिया वर्कशॉप आयोजित की। वर्कशॉप में पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज के पत्रकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मकसद स्वास्थ्य रिपोर्टिंग को मजबूत बनाना और HPV वैक्सीन एवं सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी का मुंह) स्क्रीनिंग से जुड़ी सही जानकारी मीडिया तक पहुँचाना था।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए रीजनल एडिशनल डायरेक्टर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार डॉ. पी.के. कन्नौजिया ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर भारतीय महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है, जबकि यह बीमारी पूरी तरह रोकथाम योग्य है। उन्होंने कहा, टीकाकरण और समय पर जांच ही इसका सबसे प्रभावी समाधान है। मीडिया इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा सकता है।



यूनिसेफ बिहार की संचार विशेषज्ञ डॉ. पूजा ने कहा कि पोलियो और कोविड जैसी बड़ी स्वास्थ्य मुहिमों में बिहार के पत्रकारों ने जिम्मेदारी के साथ काम किया है।

उन्होंने कहा, "HPV वैक्सीन किशोरियों को जीवनभर सुरक्षा दे सकती है। लेकिन परिवार सही निर्णय तभी ले पाएंगे, जब जानकारी स्पष्ट, भरोसेमंद और वैज्ञानिक आधार पर हो–यहीं, मीडिया का नेतृत्व फिर से जरूरी हो जाता है।

तकनीकी सत्र में यूनिसेफ के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अंशुमन ने समझाया कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) में होता है और इसके लगभग सभी मामले HPV वायरस से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि साल 2022 में देश में 79,103 नए मामले और 34,805 मौतें दर्ज हुईं, जबकि नियमित स्क्रीनिंग द्वारा बीमारी का समय पर पहचान किया जा सके। ये एक ऐसा कैंसर है जिसे वैक्सिन द्वारा रोका जा सकता है।

वर्कशॉप में पूर्व संपादक (नवभारत टाइम्स) श्री मधुरेश सिन्हा और यूनिसेफ के स्टेट CAP कंसल्टेंट शादाब मलिक ने पत्रकारों को Critical Appraisal Skills (CAS) एवं Media Reporting Toolkit (MRT) के बारे में बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य संबंधित रिपोर्टिंग में- तथ्यों की ठोस जांच, विश्वसनीय स्रोतों का उल्लेख,, मिथकों का खंडन, और आसान भाषा बहुत जरूरी है, ताकि जनता भ्रमित न हो।

कार्यक्रम में यह भी चर्चा हुई कि HPV वैक्सीन, किशोर स्वास्थ्य, और महिलाओं की स्क्रीनिंग को लेकर समाज में कई तरह की झिझक और गलतफहमियाँ हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि माता-पिता, शिक्षक और समुदाय एवं मीडिया के सहयोग से ही इन मिथकों को तोड़ा जा सकता है।

वर्कशॉप के अंत में पत्रकारों ने समूह गतिविधियों में भाग लिया एवं स्थानीय रिपोर्टिंग के लिए स्टोरी आइडिया और योजनाएँ तैयार कीं।

कार्यक्रम का समापन एनएचएम बिहार के रीजनल प्रोग्राम मैनेजर मोहम्मद कैसर इकबाल के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# पटना के दानापुर के पास गंगा में नाव से गिरा युवक, शव की तलाश जारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर क्षेत्र में सोमवार की देर शाम नाव से गिरकर एक युवक गंगा नदी में डूब गया। घटना नासरीगंज घाट के पास हुई जब युवक नाव पर बैठे-बैठे मोबाइल देख रहा था और इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से नदी में जा गिरा। तेज धारा की वजह से वह कुछ ही क्षणों में बह गया। घटना के बाद से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई है और परिवार के लोग सदमे में हैं। डूबने वाले युवक की पहचान अकीलपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी संजय कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार शाम संजय नासरीगंज घाट से नाव पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। नाव में कई अन्य लोग भी मौजूद थे। बताया जाता है कि संजय नाव पर बैठकर अपने मोबाइल में व्यस्त था और शायद इसी वजह से उसे अंदाजा नहीं हुआ कि उसका संतुलन बिगड़ रहा है। अचानक उसने अपना शरीर थोड़ा सा आगे झुकाया और मोबाइल देखते-देखते उसका पैर फिसल गया। वह सीधे गंगा नदी की तेज धारा में जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पूरी घटना कुछ ही सेकंड में हो गई और किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। नाव पर मौजूद लोगों ने तुरंत संजय को बचाने की कोशिश की। कुछ ने नदी में हाथ बढ़ाकर पकड़ने का प्रयास किया, जबकि अन्य ने नाव को मोड़कर उसकी ओर बढ़ने की कोशिश की। लेकिन गंगा नदी की धारा इतनी तेज थी कि कुछ ही पलों में संजय आंखों से ओझल हो गया। नाव वालों ने तुरंत परिजनों को फोन कर जानकारी दी। खबर मिलते ही संजय के परिवारवाले और गांव के लोग रात में ही घाट पर जमा हो गए, लेकिन अंधेरा होने की वजह से खोजबीन संभव नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने बताया कि नदी का पानी इन दिनों काफी तेज है और धारा में बेहद तेजी है। मंगलवार की सुबह जैसे ही उजाला हुआ, बड़ी संख्या में ग्रामीण गंगा किनारे इकट्ठा हो गए। स्थिति को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई। टीम सुबह घाट पर पहुंची और तेज धारा में बोट की मदद से खोज अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ के गोताखोर नदी में उतरकर अलग-अलग हिस्सों में तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक संजय का पता नहीं चल सका है। टीम ने बताया कि धाराओं के बीच शव किसी अन्य दिशा में भी बह सकता है, इसलिए खोज क्षेत्र को बढ़ाया गया है। संजय कुमार की गुमशुदगी की खबर सुनकर परिवारवाले बेहाल हैं। उनकी मां और पत्नी का रो-रोकर हाल खराब है। ग्रामीणों के अनुसार संजय मेहनती और सुलझा हुआ युवक था। परिवार की आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है, ऐसे में उसका यूं अचानक लापता हो जाना परिवार के लिए बड़ा सदमा है। गांव में हर तरफ गम और चिंता का माहौल है। ग्रामीण लगातार नदी किनारे जुटे हैं और किसी चमत्कार की उम्मीद में एसडीआरएफ के अभियान को देख रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद दानापुर पुलिस भी घाट पर मौजूद है। पुलिस ने बताया कि यह स्पष्ट रूप से एक दुर्घटना का मामला है। नाविकों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना क्रम की सटीक जानकारी मिल सके। प्रशासन ने एसडीआरएफ को लगातार खोज अभियान जारी रखने का निर्देश दिया है। पुलिस और प्रशासन लोगों से सावधानी बरतने और नाव पर मोबाइल देखते हुए खड़े न होने की अपील कर रहे हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में नदी की धारा बेहद खतरनाक मानी जाती है।



# पटना में अपराधियों ने फायरिंग कर फैलाया दहशत दो खोखे व तीन जिंदा कारतूस बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ सोमवार की देर रात जिले के कदमकुंआ थाना क्षेत्र के लंगरटोली चौराहा के पास बाइक सवार बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी। 2 से 3 राउंड गोली चलने की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। फायरिंग करने के बाद आरोपी बाकरगंज की ओर फरार हो गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार रात करीब 9 बजे दो युवक बाइक पर सवार होकर आए और अचानक पिस्टल निकालकर हवा में फायरिंग शुरू कर दी। गोली की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास के दुकानदार तुरंत दुकानों का शटर गिराने लगे। जगह-जगह खड़े लोग डर के मारे दूर-दूर भागने लगे। भीड़भाड़ वाली सड़क पर अचानक गोलियों की आवाज से हर कोई दहशत में आ गया। लोगों का कहना है कि बदमाशों ने पिस्टल लहराई और किसी को पास आने की हिम्मत नहीं हुई। कुछ ही सेकंड में वे बाकरगंज की दिशा में फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि लोग कुछ समझ भी नहीं पाए। घटना की सूचना मिलते ही कदमकुंआ थाना पुलिस और डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर निरीक्षण किया। जांच के दौरान मौके से 2 खोखे और 3 जिंदा कारतूस मिले हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि बदमाश किसी बड़ी वारदात की तैयारी में थे या फिर किसी को डराने की नीयत से यह फायरिंग की गई थी। पुलिस ने बरामद खोखों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि फायरिंग में किस हथियार का इस्तेमाल हुआ। लंगरटोली चौराहा और उसके आसपास कई दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस इन सभी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। डीएसपी के अनुसार बाइक सवार दोनों युवक हेलमेट पहने हुए थे, जिससे उनकी पहचान करने में दिक्कत आ रही है। पुलिस ने बाइक का नंबर ट्रेस करने के लिए हाई-रिजॉल्यूशन वीडियो की मदद ली है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। सीसीटीवी में सिर्फ इतना दिखा है कि फायरिंग के बाद दोनों बदमाश तेजी से बाकरगंज रोड की ओर भागे और कुछ ही सेकंड में गायब हो गए।फायरिंग की घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लंगरटोली इलाका घनी आबादी वाला है, जहां रात में भी लोगों की आवाजाही काफी रहती है। इस वजह से घटना के बाद लोगों के मन में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय दुकानदारों ने कहा कि रात में अपराधियों का इस तरह बेखौफ फायरिंग करना पुलिस गश्त की कमजोरी को दिखाता है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि पिछले कुछ दिनों से इलाके में संदिग्ध युवकों की आवाजाही बढ़ी हुई थी, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। घटना के बाद से लोग काफी सतर्क हो गए हैं। फायरिंग के बाद कदमकुंआ थाना पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है। देर रात तक पुलिस टीम विभिन्न गलियों और मार्गों पर तलाशी अभियान चलाती रही। साथ ही आसपास के थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी राजेश रंजन ने बताया कि आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे और इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में नकली पुलिसकर्मी बनकर किया लाखो की आभूषण ठगी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ सोमवार की देर शाम एक व्यवसायी से कदमकुआं थाना क्षेत्र के नाला रोड स्थित हरिहर मार्ग पर ठगों ने बेहद योजनाबद्ध तरीके से लगभग 15 से 16 लाख रुपये मूल्य के सोने के गहने लेकर फरार हो गए।

पीड़ित दिलीप कुमार जो बाकरगंज के निवासी हैं घटना के समय नाला रोड से गुजर रहे थे। तभी बाइक सवार दो युवक अचानक उनकी बाइक के सामने आकर रुक गए। दिलीप कुछ समझ पाते, उससे पहले ही एक युवक ने जेब से एक कार्ड निकालकर खुद को पुलिसकर्मी बताया। उसने सख्त लहजे में दिलीप से कहा कि वे इतने भारी सोने के गहने पहनकर भीड़भाड़ वाली जगह पर न चलें क्योंकि इससे चोरी या लूट की वारदात हो सकती है। ठग ने दिलीप को आदेश दिया कि वे गले की चेन और अंगूठी उतारकर उसे दें ताकि वह उन्हें सुरक्षित कागज में लपेटकर वापस कर सके। दबाव और डर के माहौल में दिलीप ने बिना कुछ सोचे-समझे अपने सोने के आभूषण उतार दिए। इस दौरान दूसरे युवक ने अपने पैकेट से एक कागज निकाला और उसमें गहने रखने को कहा। दिलीप ने पूरी तरह से भरोसा करते हुए सोना कागज में रख दिया। यह पूरी वारदात इतनी सफाई से की गई कि दिलीप को शक होने का मौका भी नहीं मिला। ठगों ने चालाकी के साथ सारा असली सोना निकाल लिया और उसकी जगह नकली आभूषणों वाला पैकेट दिलीप को पकड़ाकर कहा कि घर जाकर इसे खोलें और आगे से इतनी मात्रा में सोना पहनकर बाहर न निकलें। जैसे ही दिलीप ने पैकेट लिया, दोनों अपराधी बाइक स्टार्ट कर तेज रफ्तार से फरार हो गए। जब दिलीप घर पहुंचे और पैकेट खोला तो अंदर नकली और सस्ते आभूषण थे। इससे उन्हें समझ में आ गया कि वे एक योजनाबद्ध ठगी के शिकार हो चुके हैं। ठगी की रकम लगभग 15झ16 लाख रूपए की बताई गई है। घटना के बाद पीड़ित ने कदमकुआं थाना पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई।बकदमकुआं थानाध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि पीड़ित दिलीप कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों ठग बाइक पर थे और हेलमेट पहने हुए थे, जिससे पहचान मुश्किल हो रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि अपराधियों की बाइक, नंबर प्लेट या चेहरे का कोई सुराग मिल सके। सदर डीएसपी-1 रंजन कुमार ने कहा कि फोन, लैपटॉप और कैमरा फीड की मदद से अपराधियों की लोकेशन और पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस टीम अलग-अलग एंगल्स से जांच कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही गिरोह पकड़ा जाएगा।

# सोन दियारा से 140 लीटर देशी महुआ शराब बरामद तस्कर फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के झीकटिया गांव के समीप सोन दियारा क्षेत्र से 140 लीटर चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दियारा क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया जहां 140 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया है वहीं पुलिस को आने की भनक लगते ही तस्कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है




# जैप-7 में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 80 से अधिक पुलिस कर्मियों की जांच

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमा-झारखंड पुलिस सशस्त्र (जैप)-7 में मंगलवार को सेंटर फॉर साइट, रांची के चिकित्सकों की टीम द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जैप-7 के समादेष्टा कौशल किशोर ने किया।



शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दालियन मुखर्जी ने 80 से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के नेत्रों की जांच की। इस दौरान उन्होंने आंखों की सुरक्षा, नियमित जांच के महत्व तथा विभिन्न नेत्र समस्याओं से बचाव संबंधी दिशा-निर्देश दिए। जरूरतमंद कर्मियों को दवाइयाँ तथा चश्मा पहनने की सलाह भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में डीएसपी राजेंद्र दुबे, सुबेदार निशाफुद्दीन अंसारी, अ०नि०स० जितेंद्र प्रसाद, झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के संयोजक अमित सिंह राजपूत, हवलदार अरशद परवेज, सूरजनारायण कुमार, सुखा खलको सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

# चांडिल : पुलिस ने फायरिंग कांड में शामिल तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: चांडिल थाना क्षेत्र के आसनबनी NH-33 स्थित होटल टाटा हायवे के पास 20 नवंबर 2025 को हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार चांडिल थाना पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

घटना 20 नवंबर की शाम कुछ अपराधियों द्वारा इलाके में फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को दबोच लिया।



**गिरफ्तार अपराधियों के नाम व पता**

1. मोहम्मद शहाबाज आलम, उम्र 20 वर्ष, पिता - मंसुर आलम, पता - ओल्ड पुरुलिया रोड, मानगो रोड न०- 05 थाना-आजादनगर, पूर्वी सिंहभूम।
2. मोहम्मद शाहिद रजा , उम्र 19 वर्ष, पिता झ मोहम्मद साजीत हुसैन, पता - ओल्ड पुरुलिया रोड, रोड न०- 15 थाना आजादनगर, पूर्वी सिंहभूम
3. मोहम्मद फैजान आलम उर्फ.मट्ठा , उम्र 20 वर्ष, पिता झ मोहम्मद अख़्तर हुसैन, पता झ मानगो जवाहरनगर रोड न० - 13 ए , थाना-मानगो पूर्वी सिंहभूम।

**छापेमारी दल में शामिल पुलिस अधिकारी**

चांडिल थाना प्रभारी डिल्सन विरूवा के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी, जिसमें सहायक अवर निरीक्षक, कई सिपाही व चांडिल थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# श्री राम मंदिर पर धर्म ध्वज की स्थापना हिंदू शौर्य का पुनर्जागरण है: – प्रशांत सिंह

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

हजारीबाग-धर्मध्वज स्थापना दिवस पर जिलेभर के हजारों मंदिरों में भक्ति और आस्था की उमंग देखने को मिली। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की पहल पर सुबह से देर शाम तक भजनझसंकीर्तन, हवन, पूजन, हनुमान चालीसा और श्री राम जय राम जय जय राम के विजय महामंत्रों से वातावरण राममय हो उठा।

बजरंग दल के विभाग मिलन प्रमुख प्रशांत सिंह ने इसे पूरे हिंदू समाज के लिए अविस्मरणीय क्षण बताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने इस दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारी की थी। जिले में संचालित लगभग 600 इकाइयों के अलावा कार्यकत्ताओं ने अन्य गांवों के मंदिरों में भी जाकर कार्यक्रमों का विस्तार किया और लोगों को श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के इतिहास से परिचित कराया।





प्रशांत सिंह ने कहा कि शास्त्रीय पद्धति से सम्पन्न श्री राम मंदिर निर्माण 500 वर्षों के संघर्ष की पूणार्हुति है। इस अवसर पर आंदोलन में बलिदान देने वाले धर्मवीरों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। उन्होंने कहा कि आज विश्व ने भारतीयों की संकल्पशक्ति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अद्भुत उदाहरण देखा है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मेहता ने बताया कि सभी प्रखंडों और इकाइयों में कार्यकर्त्ता रामराज्य की परिकल्पना को जन-जन तक पहुँचाने में जुटे रहे। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों से समाज में धर्मांतरण, लव जिहाद और गौ-तस्करी जैसे मुद्दों को लेकर सजगता बढ़ी है।

संगठन ने कहा कि धर्म ध्वज स्थापना हिंदू शौर्य और वैश्विक हिंदू समाज के पुनर्जागरण का प्रतीक है। संगठन आगे भी राष्ट्र और समाजहित में अपने कार्य जारी रखेगा। जिलेभर में श्रद्धालु उल्लासपूर्वक मंत्रोच्चार करते हुए झूमते-गाते नजर आए।

# पदमा के बिहारी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## 490 आवेदनों में 250 का त्वरित निष्पादन, 240 लंबित

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमा -प्रखंड के बिहारी पंचायत भवन में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।





कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टालों पर कुल 490 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 250 आवेदनों का स्थल पर ही त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 240 आवेदन लंबित श्रेणी में दर्ज किए गए हैं, जिन पर आगे की प्रक्रिया जारी रहेगी।

कार्यक्रम में जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, प्रमुख वीणा देवी, मुखिया चंचला मेहता, पदमा बीडीओ निधि रजवार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मनोज कुमार शर्मा की चर्चित किताब 'मी नो पॉज मी प्ले' पर बनी फिल्म

- 28 नवम्बर से पुरे देश के थिएटरों में एकसाथ होगी रिलीज
- झारखंड में अंतर्राष्ट्रीय ज्यूरी अवार्ड प्राप्त निमार्ता सुधीर गोराई, निर्देशक दीना पांडा, अभिनेत्री सुस्मिता सरकार व मोनिका सिंह भी कर रहें है प्रचार

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : मनोज कुमार शर्मा की चर्चित किताब "Me No Pause Me Play" ( मी नो पॉज मी प्ले ) पर आधारित बनी फिल्म 28 नवम्बर से पुरे देश में एकसाथ रिलीज हो रही है। झारखंड के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषित भागीरथी व प्रिया प्रधान ने चांडिल के एक होटल में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए कहा कि कहानी को बड़े पर्दे पर लाने का जिम्मेदारी निर्देशक समर के. मुखर्जी ने संभाला है। निर्देशन शैली साफ-सुथरी, भावनात्मक और विषय को सम्मान देने वाली है, जिसकी झलक टाइटल ट्रैक में साफ दिखती है। फिल्म के गाने ह्लफि क्रोंह्व से फिल्म की दुनिया की पहली झलक मिलती है– एक ऐसी दुनिया, जहां बदलाव को बोझ नहीं, बल्कि नई शुरूआत माना गया है। स्क्रीनप्ले एवं संवाद शकील कुरैशी और मनोज कुमार शर्मा ने मिलकर लिखे हैं।

यह भारत की उन दुर्लभ फिल्मों में से है जो मेनोपॉज जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में रखती हैं और उसे बहुत सहजता से पेश करती हैं। गाना उषा उत्थुप और प्रभजीत कौर ने गाया है। उषा जी की भारी और प्रभावशाली आवाज के साथ युवा ऊर्जा का मेल गाने को एक अलग पहचान देता है। यह एक ऐसी मोटिवेशनल गीत है जो हर परिस्थिति में आपको आगे बढ़ते रहने की ताकत देती है। संगीत शिवांग माथुर और अमृतांशु दत्ता ने तैयार किया है, जबकि बोल शायरा अपूर्वा ने लिखे हैं, जो बेहद सरल और असरदार हैं।



फिल्म में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काम्या पंजाबी, दीपशिखा नागपाल और मनोज कुमार शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके साथ अमन वर्मा और करण सिंह छाबड़ा भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। इसके अलावा, सुधा चंद्रन की विशेष उपस्थिति गाने और फिल्म को और भी वजनदार बनाती है। उम्मीद की जा रही है कि फि क्रों न सिर्फ दर्शकों को जोड़ने में सफल होगा, बल्कि फि ल्म के प्रति उत्सुकता को भी बढ़ाएगा। झारखण्ड के जमशेदपुर, रांची एवं बोकारो के थिएटर में 28 नवंबर 2025 को रिलीज होगी। हिंदी सीने जगत की अंतर्राष्ट्रीय ज्यूरी अवार्ड प्राप्त निमार्ता सुधीर गोराई, अभिनेत्री सुस्मिता सरकार, राढ़ बंगला सीने जगत की मशहूर अभिनेत्री मोनिका सिंह, भोजपुरी सीने जगत की निर्देशक दीना पांडा आदि ने इस सिनेमा का प्रचार प्रसार कर रहें है।

# नीमडीह के बाड़ेदा व लुपुंगडीह पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में शामिल हुए विधायक सविता महतो

## योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: नीमडीह प्रखंड के बाड़ेदा व लुपुंगडीह में पंचायत स्तरीय आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को विधायक सविता महतो ने दीप प्रज्वलित कर किए। इस दौरान विधायक ने कहा कि यह शिविर पंचायत स्तर पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुँचाने, आवेदन और शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने और ग्रामीणों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने नजदीकी पंचायत/वार्ड में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदन और शिकायत दर्ज कराएँ और अपने आस-पास के लोगों को भी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित करें। इस शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्टॉलों का निरीक्षण विधायक ने किया और योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव, अंचलधिकारी अभय द्विवेदी, मुखिया बरुण, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, टिंकू महतो, मंगल मांझी, ग्राम प्रधान एवं सम्बंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

